वर्ष-31, अंक- 223, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 05, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शनिवार
31 मई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### नीट पीजी परीक्षा एक पाली में आयोजित करें : सुप्रीम कोर्ट

- 15 जून 2025 को होने वाली है नीट पीजी की परीक्षा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन (एनबीई) को निर्देश दिया है कि वह नीट पीजी की परीक्षा दो शिफ्ट में नहीं ले। इस परीक्षा को एक ही शिफ्ट में आयोजित करने का प्रबंध करे। यह आदेश जस्टिस विक्रमनाथ की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने शुक्रवार को दिया। नीट पीजी की परीक्षा 15 जून 2025 को होने वाली है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दो शिफ्टों में परीक्षा आयोजित करना मनमाना फैसला है और इससे सबको समान अवसर नहीं मिलेंगे। दोनों शिफ्टों के प्रश्न पत्र एक ही किस्म के नहीं होंगे। ऐसे में परीक्षा एक ही शिफ्ट में होना उचित है। सुप्रीम कोर्ट ने एनबीई की उस दलील को खारिज कर दिया कि नीट पीजी की परीक्षा के लिए उसके पास इतने पर्याप्त सेंटर नहीं हैं कि एक ही शिफ्ट में परीक्षा आयोजित की जाए। कोर्ट ने कहा कि 15 जून को परीक्षा आयोजित होने वाली है। ऐसे में परीक्षा के लिए इंतजाम करने के लिए पर्याप्त समय है, ताकि एक ही शिफ्ट में परीक्षा आयोजित किया जा सके।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल




# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी संग केदारनाथ में की पूजा-अर्चना

- - पूजा के समय उनके दोनों पुत्र भी साथ रहे

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार की सुबह अपनी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन और दोनों बेटों के साथ बाबा केदारनाथ की पूजा-अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समस्त झारखंडवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

ज्ञात हो कि गुरुवार को मुख्यमंत्री अपनी पत्नी और दोनों बेटों के साथ पूजा करने के लिए रांची से रुद्रप्रयाग स्थित केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुए थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शुक्रवार (30 मई 2025) की सुबह झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हेलीकॉप्टर ठीक 08:05 बजे केदारनाथ हेलीपैड पर उतरा। इसके बाद मुख्यमंत्री सोरेन अपने पूरे परिवार के साथ बाबा केदारनाथ के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए मंदिर परिसर पहुंचे। मंदिर में पहुंचकर उन्होंने परिवार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न की।

केदारनाथ धाम पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंदिर परिसर और आसपास की घाटी में फैले हिमालयी सौंदर्य का भरपूर आनंद लिया। हिमाच्छादित पर्वतों से घिरे इस तीर्थस्थल की दिव्यता और भव्यता ने मुख्यमंत्री सोरेन और उनके परिवार को अभिभूत कर दिया।

# पुलिस ने 30 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर किए गिरफ्तार

- दो कारों से बरामद हुई गांजा की बड़ी खेप, रांची से बिहार ले जाया जा रहा था

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** जिले की पुलिस को नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। चंदवा थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने दो स्विफ्ट डिजायर कारों से 30 किलो गांजा बरामद करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में हिमांशु कुमार (औरंगाबाद), प्रशांत कुमार और शुभम कुमार (दोनों गया निवासी) शामिल हैं। लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची की ओर से होकर एक बड़ी मात्रा में गांजा बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना पर एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में चंदवा थाना पुलिस और सैट-206 की संयुक्त टीम ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो कारों को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें छुपाकर रखा गया 30 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा और दोनों वाहन जब्त कर लिए हैं। एसडीपीओ अरविंद कुमार ने बताया कि गांजा की यह खेप बिहार में खपाने की तैयारी थी, लेकिन सतर्कता से समय रहते कार्रवाई कर दी गई। इस अभियान में चंदवा थाना के एसआई सरोज सिंह, राजू कुमार दास सहित सैट-206 के जवानों की भूमिका अहम रही। लातेहार पुलिस इसे बड़ी सफलता मान रही है।

## 16वें वित्त आयोग की टीम के साथ मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिनिधियों की हुई बैठक

# झारखंड ने मांगे 3,03,527.44 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता

- कहा, झारखंड को आगे लाने के लिए विशेष संरक्षण और सहायता की जरूरत
- सरकार ने समेकित और समावेशी विकास के संभावित रोडमैप पर दिया प्रेजेंटेशन
- 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने की बैठक की अध्यक्षता

**नवीन मेल डेस्क**




### 40 प्रतिशत खनिज हैं, पर उसके अनुरूप लाभ नहीं : मुख्य सचिव



**रांची।** 16वें वित्त आयोग के साथ शुक्रवार को हुई बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को 'विकसित राष्ट्र' बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूर्ण करने के लिए सभी राज्यों को विकसित करना होगा। प्राकृतिक संसाधन से पूर्ण रहने के बावजूद झारखंड एक अल्प आय वाला राज्य है। उन्होंने कहा कि झारखंड 'बहुतायत के विरोधाभास' एवं 'प्राकृतिक संसाधनों के अभिशाप' का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। मुख्य सचिव ने कहा कि झारखंड के कुल क्षेत्रफल का 30 प्रतिशत **शेष पृष्ठ 11 पर...**

रांची। झारखंड के चार दिवसीय दौरे पर आई 16वें वित्त आयोग की टीम की शुक्रवार को राज्य सरकार के मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य सरकार ने इसके समक्ष झारखंड को समृद्ध बनाने के लिए कई मांगें रखी। राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने रांची में आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक में कुल 3,03,527.44 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता (ग्रांट) की मांग की। इस राशि से अगले पांच वर्षों में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं का संचालन किया जा सकेगा। राज्य सरकार के मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने 16वें वित्त आयोग के समक्ष विभिन्न क्षेत्रों में समेकित और समावेशी विकास के संभावित रोडमैप पर विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया।

राज्य सरकार ने आयोग को बताया कि देश की आवश्यकताओं के लिए खनिज एवं प्राकृतिक संपदा संपन्न झारखंड के संसाधनों का जितने बड़े पैमाने पर दोहन किया जाता है, उस अनुपात में राज्य को केंद्रीय अनुदान में हिस्सा अब तक नहीं मिल पाया है। बैठक में राज्य सरकार की ओर से वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, उच्च शिक्षा, नगर विकास एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार, जल संसाधन मंत्री योगेंद्र प्रसाद एवं अन्य ने कहा कि झारखंड को विकास की दौड़ में आगे लाने के लिए इसे विशेष संरक्षण और सहायता की जरूरत है। उन्होंने राज्य में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और सामाजिक, आर्थिक विकास के लिए उठाए जा रहे कदमों से **शेष पृष्ठ 11 पर...**

# लूट की योजना बना रहे पांच अपराधी गिरफ्तार



- 4 लाख नकद व छह वाहन जब्त
- राजीव स्टोर में हुई लूट में संलिप्तता स्वीकारी, 187 पेटी कोल्ड ड्रिंक्स व पानी भी बरामद

**लातेहार।** छिपादोहर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लूट की योजना बना रहे पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके पास से 4 लाख 5 हजार नकद, छह वाहन, एक महंगा आईफोन, मोबाइल फोन तथा 187 पेटी कोल्ड ड्रिंक्स और पानी जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि छिपादोहर थाना क्षेत्र के हुटार मोड़ के पास कुछ अपराधी बड़ी लूट की तैयारी में हैं। सूचना पर 28 मई की रात विशेष टीम ने छापेमारी कर पांच अपराधियों को दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने 16 मई को राजीव स्टोर में 4 लाख 5 हजार की लूट की बात स्वीकार की। गिरफ्तार अपराधियों में बिरेन्द्र कुमार उर्फ गोलू (गारू), शुभम कुमार महतो (पलामू), विनोद कुमार सिंह (गारू), रोहित कुमार उर्फ टेंटी (गढ़वा) और आजाद अंसारी (गढ़वा) शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से बोलेरो, दो ऑल्टो, टाटा टेंपो, टाटा मैजिक गोल्ड और यामाहा आर15 (बिना नंबर प्लेट) समेत कुल छह वाहन जब्त किए हैं। बरामद कोल्ड ड्रिंक्स व पानी की 187 पेटियों में एक्वाफिना, स्प्राइट, स्लाइस, फ्रूटी, ट्रेटा पंच, केंप्टी और स्टिंग जैसे ब्रांड शामिल हैं। जब्त आईफोन की कीमत लगभग 75 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के विरुद्ध पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। छापेमारी दल में थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, रितेश कुमार राव, विशालेंदु त्रिपाठी, राजेश कुमार, इन्द्रजीत तिवारी, मुकेश वर्मा समेत सैट बल के जवान शामिल थे। डीएसपी भरत राम ने टीम को सफलता के लिए बधाई दी और आम लोगों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील की है।

## जय हिंद, जय हिंद की सेना

# 'ऑपरेशन सिंदूर' अभियान नहीं, सम्मान का शंखनाद है




**स्नेहा राय, साहित्यकार, रांची, झारखंड**

हाथों की मेहंदी गीली थी, बिंदिया की चमक निराली थी।
कजरा नैनों में, अधर सुर्ख, कानों में प्यारी बाली थी।
पुलवामा की रंगीन वादियां, महका-महका मौसम था।
सिंदूर था जिनकी मांगों में, वहां बिखरी खून की लाली थी।।

आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछ कर सीधे सीने पर गोलियों की बौछारें और सुहाग का सिंदूर मिटाकर भारतीय बहनों की आंखों में आंसू का समंदर, सीने में जख्मों का तूफान भरने वाले पड़ोसी देश को मिट्टी में मिलाने और बर्बाद करने के अभियान का नाम- करण 'ऑपरेशन सिंदूर' किया गया था। विश्व पटल पर अपने रण कौशल की गरिमा, जांबाज सेना का शौर्य, और नभ सेना की राष्ट्र भक्ति, मातृशक्ति का साहस, जिसे यशस्वी रणनीतिकारों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम से सम्मानित किया था। यही 'सिंदूर' आज भारतीय सेना का स्वाभिमान बन गया है, यही 'सिंदूर' बारूद, मिसाइल, टैंक, राफेल और ब्रह्मोस का पर्याय बन चुका है। संपूर्ण विश्व 'सिंदूर' की मयार्दा, शक्ति, संस्कृति, मान और सम्मान को जान चुका है। भारतीय नारी की मांग में सूर्य की आभा और एक वैवाहिक जीवन की संपूर्ण खुशियों, सपनों और आशाओं का केंद्र बिंदु भी मात्र यही 'सिंदूर' है। आतंकवादियों के आकाओं ने भारत के मान, सम्मान और धर्म निरपेक्षता पर **शेष पृष्ठ 11 पर...**

### खाद्य पदार्थों में '100 प्रतिशत' का दावा गुमराह करने वाला

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य पदार्थों की लेबलिंग में '100 प्रतिशत' शब्द के उपयोग के खिलाफ सख्त निर्देश जारी किया है। निर्देश के मुताबिक '100 प्रतिशत' शब्द के उपयोग को उपभोक्ताओं के लिए गुमराह करने वाला बताया है। शीर्ष खाद्य नियामक ने सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) से मौजूदा नियामक प्रावधानों के तहत इसकी अस्पष्टता और गलत व्याख्या की आशंका के कारण खाद्य लेबल, पैकेजिंग और प्रचार सामग्री पर इस शब्द का उपयोग करने से परहेज करने को कहा है।

# इस वर्ष निकाय चुनाव हुए, तो मिल जाएगी बकाया राशि : पनगढ़िया

**नवीन मेल डेस्क**




**रांची।** 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने शुक्रवार को रांची में प्रेस कांफ्रेंस में स्पष्ट किया कि यदि इस वर्ष झारखंड में स्थानीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, तो वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 की बकाया राशि मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग की शर्त थी कि ग्रांट (सहायता राशि) के लिए स्थानीय निकाय का चुनाव जरूरी है। चुनाव नहीं होने के कारण यहां का पैसा रुका हुआ है। अगर इस साल चुनाव हो जाएगा, तो दो साल की बकाया राशि भी रिलिज हो जाएगी। अरविंद पनगढ़िया ने यह भी स्पष्ट किया कि वित्त आयोग सिर्फ सिफारिश करता है। ग्रांट केंद्र सरकार के बजट से ही आता है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने 16वें वित्त आयोग से राज्यों की करों में हिस्सेदारी बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है। 15वें वित्त आयोग के तहत करों में राज्यों को 41 प्रतिशत हिस्सा दिया जाता है। उन्होंने बताया कि अब योजना आयोग खत्म हो गया है। उसकी जगह नीति आयोग ने ले ली है। 13वें वित्त आयोग ने केंद्रीय करों की राज्य की भागीदारी 32.02 फीसदी देने की **शेष पृष्ठ 11 पर...**

## इंडिया

# अंधाधुंध शहरीकरण से गायब होते तालाब और नाले घातक



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

कभी रांची में 71 तालाब हुआ करते थे और नदी नालों को भी किसने गायब किया कभी पीने का पानी नहीं तो कभी नालों पर बसी कॉलोनियों में बाढ़ ये पिछली बरसात की झलक थी जो अब बस आने वाली है ।झारखंड उच्च न्यायालय ने नगर निगम से पूछा था रांची के 71 तालाब कहां गए ? शहर,कस्बों से लेकर महानगर तक की प्रशासनिक सीमारेखा से ठीक बाहर लगभग पूरे भारत में बड़े भवन निर्माताओं की सुव्यस्थित कॉलोनियों के अलावा बहुत तेजी से बिना किसी मापदंड के मनमाने ढंग से तेजी से समानान्तर शहरीकरण भी हो रहा है और यह अपेक्षाकृत कम खर्चे में मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए एक सपने के पूरे होने जैसा भले हो,जिसके मायाजाल में राजनेताओं से लेकर भू माफिया तक शामिल हैं पर आने वाले दशकों में इस में बसने वाले लोगों के साथ-साथ आधुनिक भारत को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने में यह अंधाधुंध विकास एक घातक मक्कड़जाल साबित होने वाला है ।पर्यावरण एवं प्रकृति विनाश को नियंत्रित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, इसके लिये बढ़ते शहरीकरण को रोकना एवं गांव आधारित जीवनशैली पर बल देना होना चाहिए था पर हुआ इसका उल्टा ।गांव पिछड़ेपन और भ्रष्टाचार के केंद्र बनते चलते गए क्योंकि विकास के नाम पर या तो अंधांधुंध रेवड़ी बांटी गई या बिना अर्थव्यवस्था के सभी पहलुओं का अध्ययन किए योजनाएं चलाईं गईं या सस्ते में अनाज बांटे गए। बतौर मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने सबसे पहले इसका विरोध यह कहकर किया था कि इससे कृषि प्रधान राज्यों में मेहनत-मजूरी करने वाले लोगों के बीच मुफ्तखोरी की बढ़ेगी जो आगे चलकर कृषि के लिए घातक साबित होगी ।पर उन्हें तत्कालीन केंद्र सरकार ने चुप करा दिया था। भले ही शहरीकरण को आर्थिक और सामाजिक वृद्धि का सूचक माना जाता है लेकिन अनियंत्रित शहरीकरण बड़ी समस्या बन रहा है। भारत में तो शहरीकरण ने अनेक समस्याएं खड़ी कर दी हैं, आम जनजीवन न केवल स्वास्थ्य बल्कि जीवनमूल्यों की दृष्टि से जटिल होता जा रहा है। आर्थिक विकास भी इसी कारण असंतुलित हो रहा है। ऐसे में जब कोरोना जैसे अभूतपूर्व संकट के



दौरान बेतरतीब जीवनशैली से भरे शहर अचानक डराने लगे तब हमारे गांवों ने ही शहरी लोगों को प्रेरणा और राहत दी थी ।इसलिए आवश्यक है कि ऐसी योजनाएं बनाई जाएं जिससे गांवों में मानक के अनुरूप शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों को होने वाले पलायन की रफ्तार कुछ थम सके ।लोगों ने छोटे कस्बों से दिल्ली एवं ऐसे ही महानगरों की सीमा से सटे खेतों पर अवैध कॉलोनियां बना लीं हैं । इसके बाद जहां कहीं सड़क बनी, उसके आसपास के खेत, जंगल, तालाब को वैध या अवैध तरीके से कंक्रीट के जंगल में बदल दिया गया। विश्व बैंक इसे भारत का अघोषित एवं अस्त-व्यस्त शहरीकरण मानता है ।शहरीकरण से संबंधित समस्याओं में बंगलुरु की प्रदूषित झीलें,गुरुग्राम का ट्रैफिक जाम,मुंबई की बारिश,दिल्ली के वायु प्रदूषण से लेकर छोटे शहरों और आसपास के बेतरतीब कस्बों तक की अनेक समस्याएं हैं जो आज संकेत हैं और कल सिरदर्द साबित होने वाली हैं ।इसके मूल में बेरोजगारी है। नौकरी से लेकर बेहतर चिकित्सा और अधिक पैसे कमाने के लिए गांवों की कट्टर जातीय,सामाजिक बंधनों को तोड़कर युवा चमकते शहरों की तरफ भागते हैं। कृषि मंत्रालय के अनुसार खेती पर निर्भर लोगों में से 40 फीसदी लोग ऐसे हैं जिनको अगर विकल्प मिले तो वे तुरंत खेती छोड़ देंगे क्योंकि खेती करने में धन की लागत बढ़ती जा रही है और बिक्री और उत्पादन दोनों जुए की तरह हैं ।ग्रामीण क्षेत्रों से नगरों में आने वाले लोग अधिकतर गरीब होते हैं, उनके पास किसी भी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा का अभाव होता है, जिस कारण वे आसपास के इलाकों में बसने का प्रयास कर समस्या को और भी गंभीर बना देते हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार पैदा करने के साथ-साथ पलायन को कम करने के लिये ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था का विविधीकरण करने में मनरेगा जैसी योजनाओं ने गावों से शहरों की ओर पलायन कम करने में अहम भूमिका निभाई है ।शहरी फैलाव,आवास और मलीन बस्तियों का विस्तार,भीड़ और व्यक्तिवाद की भावना, पानी की आपूर्ति और जल निकासी का बेहतर न होना,शहरी बाढ़,परिवहन और यातायात की समस्या,बिजली की कमी,प्रदूषण,शहरी ग्रीष्म द्वीप प्रभाव,अपराध और बाल अपराध,भीख,शराब और ड्रग्स की समस्या और भ्रष्टाचार और मजबूरी का सौदा करते नेता इसे सुलझाने के बजाय और उलझा रहे हैं । यदि ऐसा ही चलता रहा तो भविष्य में शहरों के इर्द-गिर्द ऐसी मलीन बस्तियों में कभी आग लग जाए तो आग बुझाने वाली गाड़ियां तक नहीं पहुंच पाएंगी क्योंकि बिना किसी मापदंड के विकसित हो रही इन कॉलोनियों में न तो इसके लिए जगह छोड़ी जा रही है और न ही कोई नक्शा पास कराया जा रहा है जिसमें विद्युत व्यवस्था, जल निकास, पार्क, दुकानों के लिए कोई जगह छोड़ी नहीं जा रही है, जो कल होकर एक बड़ी मुसीबत खड़ी कर सकते हैं। सरकार की ओर से आरआरडीए और नगर निगम विज्ञापन के माध्यम से चेतावनी जारी करता है पर ठोस कार्रवाई नहीं दिखती।

### गढ़वा जिला के कई पुलिस अधिकारियों ने डीआईजी से की शिष्टाचार मुलाकात



**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिला के कई पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम से शिष्टाचार मुलाकात करने उनके गोपनीय कार्यालय पहुंचे। मुलाकात के दौरान गढ़वा ज़िले से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान डीआईजी ने संबंधित विषयों पर आवश्यक निर्देश भी दिए और कहा कि क्षेत्र की कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी अधिकारी सतर्कता और संवेदनशीलता से कार्य करें।

## आकाशीय बिजली से गर्भवती गाय की मौत, मुआवजे की मांग तेज

**नवीन मेल संवाददाता**



**हरिहरगंज।** पीपरा प्रखंड के अंधारीबाग गांव में शुक्रवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से एक गर्भवती गाय की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, उनिता कुंवर की गाय गांव के बाहर खेत में घास चर रही थी, तभी लगभग 3:30 बजे हल्की बारिश के बीच वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में आकर गाय की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि इस घटना से पशुपालक महिला को लगभग 30 हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। मामले की सूचना मिलते ही उप मुखिया जनेश्वर यादव और राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को सरकारी मुआवजा देने की मांग की। इस अवसर पर राकेश गुप्ता, कमलेश गुप्ता, मनोज और विनोद गुप्ता सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## 92 करोड़ की सड़क योजना का शिलान्यास, सांसद ने निर्माण में गुणवत्ता व समयबद्धता पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

● सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा - तीन साल पहले मिली सोलर प्लांट को मंजूरी, भूमि नहीं देने से अटकी है योजना

**हैदरनगर।** प्रखंड अंतर्गत ब्लॉक मोड़ पर शुक्रवार को केंद्र सरकार की सीआईआरएफ योजना के तहत 92 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने बाजे-गाजे और बड़ी संख्या में उपस्थित समर्थकों एवं कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि भारत सरकार की इस योजना के तहत कुल 18 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण होगा, जो न केवल मजबूत और टिकाऊ होगी, बल्कि इसका सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। उन्होंने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता अनिल कुमार को निर्देश देते हुए कहा कि कार्य तय समय सीमा में और पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, लेकिन कई योजनाएं राज्य सरकार की लापरवाही के कारण अटकी हुई हैं। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि पलामू जिले में 20-20 मेगावाट के दो सोलर पावर प्लांट स्थापित करने की स्वीकृति केंद्र सरकार ने तीन साल पहले ही दे दी थी, लेकिन अब तक राज्य सरकार व जिला प्रशासन 100 एकड़ भूमि उपलब्ध नहीं करा सका है, जिसके कारण यह महत्वाकांक्षी योजना धरातल पर नहीं उतर पाई है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।




## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला की मौत

**हुसैनाबाद।** जपला छतरपुर मुख्य सड़क के ऊपरी गांव के समीप शुक्रवार की सुबह 10 बजे सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिकी उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया, जहां इलाज के क्रम में मौत हो गई। मृतक महिला लालमति देवी (75) नहर मोड़ निवासी सह समाजसेवी बसंत यादव की मां थी, जानकारी के अनुसार वह शुक्रवार की सुबह अपने घर के सदस्य के साथ बाइक से घर आ रही थी, इसी क्रम में बाइक दुर्घटना में उनकी मौत हो गयी।

### आदिवासी व सरना धर्म कोड के समर्थन में एकदिवसीय धरना का ऐलान

**पंडवा।** जेएमएम पंडवा प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर मेहता ने कहा है कि आदिवासी व सरना धर्म कोड को झारखंड विधानसभा में विशेष सत्र में पास कर केंद्र सरकार को भेजे लगभग पांच वर्षों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस पर केंद्र सरकार की अनदेखी से नाराज होकर पहले भी धरना प्रदर्शन हो चुका है और भविष्य में भी प्रखंड, जिला एवं अन्य स्थानों पर धरना प्रदर्शन जारी रखा जाएगा। चंदेश्वर मेहता ने केंद्र सरकार से निष्पक्षता की अपील की और कहा कि यह कदम राज्य के विकास व प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है।

### ट्रैक्टर के धक्के से बुजुर्ग घायल

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र एन एच 39 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पुराना बस स्टैंड के पास रांची से आ रही ट्रैक्टर ईंजन ने सतबरवा निवासी देवा ठाकुर 75 वर्ष को धक्का मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया। घटना शुक्रवार की शाम 5:30 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रैक्टर का इंजन रांची तरफ से आ रही थी बुजुर्ग देवा ठाकुर 75 वर्ष जो सड़क किनारे चल रहा था उस पर चढ़ा कर ट्रैक्टर इंजन पार कर दिया। जिससे बुजुर्ग बुरी तरह घायल हो गया। उपस्थित ग्रामीणों के सहयोग से घायल को नवजीवन हॉस्पिटल तुम्बागड़ा में भर्ती कराया गया जहां पर इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि ट्रैक्टर इंजन जब्त तथा चालाक गिरफ्तार है।

## हुसैनाबाद अस्पताल के एक्सरे कक्ष में लगा ताला, मरीज हो रहे परेशान

### तीन महीने से बंद है डिजिटल एक्सरे सेवा, टेक्नीशियन को नहीं मिला भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में डिजिटल एक्सरे सेवा बीते तीन महीने से ठप पड़ी है। अस्पताल में एक्सरे कक्ष में ताला लटका है, जिससे दूर-दराज से आने वाले मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. विनेश कुमार के अनुसार, जनवरी 2025 में अस्पताल को आधुनिक डिजिटल एक्सरे मशीन उपलब्ध कराई गई थी। प्रारंभ में स्थानीय दबाव के बाद मोहम्मद हसन नामक टेक्नीशियन को अस्थायी रूप से काम पर लगाया गया, लेकिन तीन माह बीत जाने के बावजूद उन्हें कहीं से कोई भुगतान नहीं मिला। मोहम्मद हसन ने बताया कि वह बिना वेतन के अब और काम नहीं कर सकते। उन्हें आउटसोर्सिंग से नियुक्त करने का आश्वासन मिला था, लेकिन अब तक कोई आधिकारिक पत्र नहीं मिला है। पूर्व वार्ड पार्षद नजीर अहमद ने अस्पताल की बदहाल व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कहा कि चिकित्सक निजी क्लिनिक चलाने में व्यस्त हैं, जबकि अस्पताल भगवान भरोसे चल रहा है। स्थानीय लोगों ने उपायुक्त से हस्तक्षेप कर एक्सरे सेवा तत्काल बहाल कराने और अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की है।




### वज्रपात से बुजुर्ग की मौत

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कुलिया में शुक्रवार को वज्रपात की चपेट में आने से 60 वर्षीय शिवराज उरांव की मौत हो गई। मृतक शिवराज उरांव, पिता स्वर्गीय रामनाथ उरांव, सुबह के समय अपने खेत की ओर जा रहे थे, तभी अचानक मौसम खराब हुआ और तेज गर्जना के साथ वज्रपात हुआ। जिसमें उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के प्रभारी थाना प्रभारी विक्रम शील ने दल-बल के साथ मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया गया।साथ ही मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि शिवराज अपने जमीन में घोरान कर रहे थे। उस समय यह घटना घटी। वही प्रशासन की ओर से आपदा राहत सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है गांव में शोक का माहौल है।

## न्यूज बॉक्स

### पलामू में सोलर प्लांट परियोजना तीन साल से अधर में

**हैदरनागर।** पलामू सांसद वी. डी. राम ने दुख जताते हुए कहा है कि पलामू जिले में 20-20 मेगावाट के दो सोलर प्लांट स्थापित कराने की स्वीकृति तीन वर्ष पूर्व केंद्र सरकार से दिलाई गई थी, लेकिन अब तक यह योजना राज्य सरकार और जिला प्रशासन की उदासीनता के कारण धरातल पर नहीं उतर सकी है। सांसद ने कहा कि परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए 100 एकड़ भूमि की आवश्यकता है, किंतु राज्य सरकार और जिला प्रशासन अब तक भूमि उपलब्ध नहीं करा सके हैं। इसके कारण यह महत्वाकांक्षी योजना अभी भी कागजों में सिमटी हुई है। उन्होंने कहा कि अगर यह सोलर प्लांट समय पर स्थापित हो जाता, तो न केवल पलामू को बिजली संकट से राहत मिलती, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द भूमि चिन्हित कर परियोजना का कार्य शुरू कराया जाए। सांसद राम ने चेताया कि यदि अब भी प्रशासन ने गंभीरता नहीं दिखाई, तो यह योजना पूरी तरह निष्फल हो जाएगी, जिसका खामियाजा जनता को उठाना पड़ेगा।

### एनकेपी हाईस्कूल के विवेक बने मैट्रिक टॉपर, 92.4 प्रतिशत

**मोहम्मदगंज।** उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय (एनकेपी हाईस्कूल) के छात्र विवेक कुमार ने जैक संचालित मैट्रिक परीक्षा में 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बने हैं। उन्होंने कुल 462 अंक अर्जित कर स्कूल और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रभारी चंद्रशेखर मेहता ने बताया कि विवेक के अलावा सुमंत कुमार ने 92.2, वंदना कुमारी ने 91.4, रिशु कुमार ने 89.2, करण कुमार, गोल्डेन कुमार ने 88 और अंशु कुमार मेहता ने 87.8 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। ये सभी छात्र-छात्राएं विद्यालय की उपलब्धियों में शामिल होकर गौरव का विषय बने हैं। विद्यालय से कुल 158 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा की तैयारी की थी, जिनमें से 157 परीक्षा में शामिल हुए। इनमें 128 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 28 ने द्वितीय श्रेणी और 1 छात्र ने तृतीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। सीमित संसाधनों के बीच यह शानदार प्रदर्शन विद्यालय की मेहनत और छात्रों की लगन का परिणाम है। विद्यालय प्रशासन ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### बीरधवर में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

**मोहम्मदगंज।** कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायत अंतर्गत बीरधवर के नौका टोला नहर पुल से गाजीबिहरा गांव तक सड़क निर्माण कार्य का शुक्रवार को शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि गांव और गरीबों की अपेक्षा को पूरा करने के लिए विकास कार्यों की रफ्तार तेज की गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी गांवों को चरणबद्ध तरीके से पक्की सड़कों से जोड़ा जाएगा। सभी योजनाओं की डीपीआर तैयार कर शिलान्यास की प्रक्रिया जारी है। विधायक ने कहा कि जिस विश्वास के साथ जनता ने उन्हें रिकॉर्ड मतों से जिताया, अब वह विकास के क्षेत्र में भी नए रिकॉर्ड बनाएंगे। शिलान्यास कार्यक्रम में राजद के वरिष्ठ नेता कलामुद्दीन खान, प्रखंड अध्यक्ष पंचू रजवार, युवा प्रखंड अध्यक्ष सिद्धार्थ कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रामबचन बैठा, गणेश मेहता, अर्जुन यादव, अरविंद मेहता, मंजय मेहता, विभागीय सहायक अभियंता विजय राम, कनीय अभियंता धीरेंद्र कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। 82 करोड़ की लागत से बनेगी मोहम्मदगंज-हैदरनगर सड़क, हैदरनगर आरओबी को भी मिल सकती है मंजूरी मोहम्मदगंज से हैदरनगर तक 18 किलोमीटर सड़क का निर्माण केंद्र सरकार की 82 करोड़ की योजना से किया जाएगा। साथ ही हैदरनगर में रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण के लिए डीपीआर तैयार कर लिया गया है। स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इधर, तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी राज्य सरकार सोलर प्लांट के लिए आवश्यक 100 एकड़ भूमि उपलब्ध नहीं करा सकी है, जिससे परियोजना अटकी हुई है।

### माहवारी स्वच्छता को लेकर जलसहियाओं ने ली शपथ

**हैदरनगर।** पीरियड फ्रेंडली झारखंड की दिशा में हैदरनगर प्रखंड में जलसहियाओं ने माहवारी स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान तेज किया है। रेड डॉट चैलेंज के तहत आयोजित कार्यक्रम में जलसहिया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और महिला समूह की सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि के निर्देशन में हुआ। इस दौरान सभी महिलाओं ने माहवारी स्वच्छता के पालन की शपथ ली और इसे समाज में खुले रूप से स्वीकारने की जरूरत को रेखांकित किया। जलसहियाओं ने अपनी हथेलियों पर लाल बिंदु (रेड डॉट) बनाकर प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया, जिससे माहवारी से जुड़ी सामाजिक चुप्पी और भ्रांतियों को चुनौती दी गई। जलसहिया सुनैना देवी ने घोषणा की कि प्रत्येक माह की 28 तारीख को इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि माहवारी कोई बीमारी नहीं, बल्कि प्रकृति की एक सामान्य प्रक्रिया है। इसे लेकर समाज में संवाद और स्वच्छता की जरूरत है, न कि चुप्पी और शर्म की। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों में माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर स्वच्छता के प्रति सजगता लाना है। उन्हें सैनिटरी नैपकिन के सुरक्षित उपयोग, संक्रमण से बचाव के उपाय और सुरक्षित माहवारी प्रबंधन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कई पंचायत प्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से होने चाहिए। इससे महिलाओं और किशोरियों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक होंगी।

### भगड़ा में नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास, ग्रामीणों में उत्साह



**मोहम्मदगंज।** लटपौरी पंचायत के भगड़ा गांव में शुक्रवार को नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया, जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। यह कार्य जिला परिषद सदस्य अंजू देवी की पहल पर 15वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत कराया गया है। शिलान्यास कार्यक्रम में लाभुक समिति के अध्यक्ष जावेद आलम और सचिव कमालुद्दीन अंसारी ने नारियल फोड़कर कार्य की शुरूआत की। बताया गया कि यह नाली निर्माण कार्य छोटू अंसारी के घर से मुख्य नहर तक 2.48 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। इस नाली के बन जाने से सिंचाई सहित अन्य दैनिक कार्यों में सुविधा होगी।

## प्रधानमंत्री ने सोननगर-मोहम्मदगंज के बीच तीसरी रेल लाइन को राष्ट्र को समर्पित किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के विक्रमगंज में आयोजित समारोह में कई रेल परियोजनाओं के साथ ही सोननगर से मोहम्मदगंज के बीच तीसरी रेल लाइन का लोकार्पण किया। रेलवे सूत्रों के अनुसार यह रेल लाइन क्षेत्र की यातायात क्षमता को कई गुना बढ़ाएगी। तीसरी लाइन के चालू होने से अंकोरहा और नबीनगर स्थित बिजली संयंत्रों तक कोयले की आपूर्ति अधिक तीव्र और कुशल तरीके से हो सकेगी। यह डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (उ्रऋ) के लिए एक फीडर रूट के रूप में कार्य करेगा, जिससे बगहा बिशुनपुर स्टेशन यार्ड से बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। रेलवे ने जानकारी दी कि इस लाइन के शुरू होने से भारी मालगाड़ियों के साथ-साथ अतिरिक्त यात्री ट्रेनों का संचालन भी सहज हो सकेगा। इससे लौह अयस्क, कोयला, उर्वरक, सीमेंट और चीनी जैसे वस्तुओं के परिवहन को भी बढ़ावा मिलेगा। परियोजना से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के नए अवसरों को बल मिलने की उम्मीद है।

## पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हुसैनाबाद की छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**कई छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए**

**हुसैनाबाद।** पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हुसैनाबाद की छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत सफलता हासिल की है। कस्तूरबा गांधी विद्यालय से 76 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुईं, जिनमें से अवनि कुमारी ने 88.80% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि डिंपी कुमारी 86.40% अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। इसके अलावा सोनम कुमारी 80.20%, नीतू कुमारी 80.60%, चांदनी कुमारी 81.20%, निशा और नंदनी कुमारी दोनों ने 81.60% अंक हासिल किए। अंशु कुमारी ने 81.80%, शीतल कुमारी 82%, निकी और निधि कुमारी ने 82.60% अंक प्राप्त किए। प्रिया कुमारी ने 84% और रूपा कुमारी ने 84.40% अंक लेकर विद्यालय की प्रतिष्ठा को और ऊंचा किया। झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय हैदरनगर की काजल कुमारी ने 84.80% अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सिमरन कुमारी 83.20% और दीपसिखा कुमारी 82.80% अंक लेकर दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। विद्यालय की वार्डेन किरण कुमारी सिंह ने छात्राओं की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को सफलता का मुख्य कारण बताया और सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।





## छत व बाइक दुर्घटनाओं में दो महिलाएं गंभीर रूप से जख्मी, रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड में दो अलग-अलग हादसों में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। पहली घटना दरूआबेनी पंचायत के विष्णुपुर गांव की है, जहां 20 वर्षीय सोनी कुमारी रात में छत पर सो रही थी। सुबह नींद में उठते समय वह बिना रेलिंग वाली छत से नीचे गिर गई, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने तत्काल उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे मेदिनीनगर रेफर कर दिया। दूसरी घटना जपला-छतरपुर मुख्य सड़क पर यमुना पेट्रोल पंप के पास की है। जहां बकरी को बचाने के क्रम में एक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस हादसे में बाइक सवार महिला ज्योति कुमारी (25 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गईं। महिला छतरपुर थाना क्षेत्र के खाटीन गांव की रहने वाली बताई जाती हैं। उन्हें भी अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर भेजा गया। दोनों ही घटनाओं के बाद परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों में चिंता का माहौल देखा गया।

## महाविद्रोही राहुल सांकृत्यायन पर क्विज में रिंकी कुमारी ने हासिल किया प्रथम स्थान

**हुसैनाबाद।** एके सिंह कॉलेज, जपला में अप्रैल माह में महाविद्रोही राहुल सांकृत्यायन (1893-1963) का जीवन एवं दर्शनर विषय पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। शुक्रवार को इसका पुरस्कार वितरण समारोह हुआ, जिसमें दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं सह एकेडमिक इंचार्ज डॉ. राम सुभग सिंह ने विजेताओं को सम्मानित किया। सभा का संचालन जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. राहुल कुमार सिंह ने किया। प्रतियोगिता में रिंकी कुमारी ने प्रथम, प्राजक्ता कुमारी ने द्वितीय और अनंत प्रकाश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं नगद राशि से सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पाने वाली रिंकी कुमारी को डॉ. सिंह ने अपनी पुस्तक 'महापंडित राहुल सांकृत्यायन की विचारयात्रा: सनातनी से साम्यवादी' भी उपहार स्वरूप दी। इस अवसर पर कॉलेज के कई शिक्षक एवं कर्मचारी भी मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. रेखा सिंह ने किया।

## कहर बनकर टूटा वज्रपात से दो किसान की दर्दनाक मौत

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग दो जगहों मे शुक्रवार को 12 बजे वज्रपात से दो की मौत हो गई। पहला बारी निवासी गटु भुइंया 45 वर्ष ने खाना खाकर लोहे से बने चारपाई पर लेट कर घर के पास आराम कर रहा था। आसमान से ऐसा कहर वज्रपात बनकर गिरा और हमेशा के लिए सो गए। दुसरा लेस्लीगंज थाना क्षेत्र कुलिया गांव निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग किसान शिवराज उरांव पिता स्व. रामनाथ उरांव बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे छिपाना महंगा पड़ा और वज्रपात ने कहर बनकर गिरा, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। बताते चलें कि अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान से आई कड़कड़ाती बिजली ने दो लोगों की जान ले ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शिवराज उरांव खेत में घोरान और कृषि कार्य कर रहे थे, तभी आसमान में तेज गर्जना हुई और देखते ही देखते बिजली गिरी, और उनकी जीवनलीला समाप्त कर दी।

## कृषि ऋण माफी व केसीसी लोन के प्रचार के लिए जागरूकता रथ रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** झारखंड सरकार की कृषि ऋण माफी योजना, केसीसी लोन और ब्लॉकचेन पंजीकरण के प्रचार-प्रसार को लेकर शुक्रवार को जिला से आए कृषि जागरूकता रथ को प्रखंड मुख्यालय से गांव की ओर रवाना किया गया। रथ को प्रखंड कृषि पदाधिकारी नौशाद आलम, जन सेवक विवेकानंद पटेल और एटीएम प्रशांत तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मनरेगा लेखा सहायक जगत प्रसाद मेहता, कंप्यूटर ऑपरेटर उपेंद्र पासवान, जेएसएलपीएस के सदस्य और कई दीदियां भी उपस्थित रहीं। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया कि यह रथ पंचायत मुख्यालयों तक जाएगा, जहां से मुखिया इसे आगे गांवों की ओर रवाना करेंगे। उन्होंने कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से किसानों को सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं, विशेषकर ऋण माफी और केसीसी लोन के बारे में जानकारी दी जाएगी, जिससे ग्रामीण किसानों को सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि प्रखंड में केसीसी लोन के लिए 325 किसानों का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से अब तक 141 किसानों ने आवेदन जमा कर दिए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस रथ के जरिए शेष किसानों को भी प्रेरित कर लक्ष्य की पूर्ति की जा सकेगी।

## छत्तरपुर में सीपीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**छत्तरपुर।** हाई स्कूल स्टेडियम में 22 मई से चल रहे 15वें सीपीएल नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन बुधवार 29 मई को हुआ। फाइनल मुकाबला चिरु टीम और मसिहनी टीम के बीच खेला गया, जिसमें चिरु टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। निर्धारित 12 ओवरों में मसिहनी की टीम ने 66 रन बनाए, जिसका पीछा करते हुए चिरु टीम ने मात्र 6 ओवर में लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। विजेता टीम को 31 हजार रुपये नगद और ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 15 हजार रुपये नगद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि लाल बिहारी यादव और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रविशंकर सिंह (बबुआ जी), सुमन गुप्ता, सतीश कुमार, प्रमोद यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजन समिति में अध्यक्ष शोलडी सिंह, सचिव रितेश चंद्रा, सह सचिव राहुल वर्मा, कोषाध्यक्ष मोनू सिंह, संरक्षक सिंटू सिंह, उपाध्यक्ष रजनीश कुमार, आशुतोष कुमार, अमित सिंह, कुशाल सिंह समेत अन्य सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर कमेटी की बैठक आयोजित

## मंदिर के रख-रखाव व पुजारी मानदेय पर लिए गए निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय मैदान स्थित मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर के प्रांगण में मंदिर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर के देखरेख, रख-रखाव तथा पुजारी को मासिक मानदेय देने संबंधी प्रस्तावों पर चर्चा की गई। पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में उन्होंने मंदिर के सुचारु संचालन हेतु पुजारी को प्रति माह निश्चित राशि दिए जाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति दी। तय हुआ कि मंदिर कमेटी के सभी सदस्य व्यक्तिगत रूप से प्रतिमाह एक निर्धारित राशि मंदिर को देंगे, जिससे पुजारी मानदेय सहित अन्य आवश्यक खर्चों की पूर्ति की जा सके। पूर्व विधायक ने आश्वासन दिया कि मंदिर से जुड़ी किसी भी आवश्यकता के लिए वे सदैव सहयोग को तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाल अग्रवाल, सचिव चंदन सिंह, कार्यकारिणी सदस्य रामप्रवेश सिंह, अखिलेश्वरी सिंह, सतेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, वशिष्ठ सिंह उर्फ बबलू सिंह, विनय पासवान, सुशील कुमार सिंह, हंसराज सिंह, टूटू सिंह, अजय प्रसाद गुप्ता, नीतू सिंह, पप्पू सिंह, अजय सिंह, अमरेंद्र सिंह, रणजीत पासवान, विनोद सिंह, जयप्रकाश उपाध्याय, अक्षय सिंह, प्रिंस शर्मा, बिट्टू सिंह, विजय राजवंशी, राजेश पासवान, विमलेश सिंह, लल्लू सिंह, सुरेंद्र सिंह, पवन सिंह, दिनेश चौधरी, संतोष सिंह सहित मंदिर के पुजारी रजनीश मिश्रा, राजेंद्र यादव, प्रिंस सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे। बैठक में मंदिर की साफ-सफाई, सुरक्षा और नियमित पूजा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सामूहिक सहयोग की भावना को दोहराया गया।

# मोटरसाइकिल लूट कांड के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के दुलसुलमा गांव स्थित क्रशर के पास 16 मई की रात हुई मोटरसा**इकिल लूट कांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बसरिया कला गांव निवासी प्रमोद कुमार रवि और सुनील कुमार राम के रूप में हुई है।

चैनपुर इंस्पेक्टर जीतन राम महली और थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने जानकारी दी कि आरोपियों की निशानदेही पर लूटी गई हीरो स्प्लेंडर प्लस (नं. JH19F-2937) मोटरसाइकिल, वीवो कंपनी का मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।



इस संबंध में रामगढ़ थाना क्षेत्र के खपिया गांव निवासी बबलू भुईयां द्वारा चैनपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, वह 16 मई की रात मजदूरी कर अपने घर लौट रहा था। जब वह दुलसुलमा गांव के पास क्रशर के समीप पहुँचा, तभी अज्ञात अपराधियों ने उसे रोका, मारपीट की और जंगल की ओर ले जाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपियों ने उसकी मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और 1500 रुपये नगद लूट लिए और फरार हो गए।

घटना के बाद चैनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित जांच शुरू की गई। अनुसंधान के क्रम में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई और पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर जेल भेज दिया गया।

छापेमारी दल में चैनपुर इंस्पेक्टर जीतन राम महली, थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, एसआई बाबूलाल दूबे समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# हल्की बारिश से नहीं मिली राहत, उमस से बेहाल रहे लोग



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को लगातार चौथे दिन लोगों को तेज गर्मी और उमस से जूझना पड़ा। सुबह छह बजे से ही तेज धूप निकलने के कारण दोपहर तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोग धूप और उमस से बचने के लिए छांव और ठंडी जगहों की तलाश में रहे।

दोपहर करीब तीन बजे मौसम का मिजाज अचानक बदला। आसमान में बादल छा गए और कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई। नगर क्षेत्र में लगभग 30 मिनट तक बूंदाबांदी चली, जिससे कुछ देर के लिए गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन बारिश थमते ही उमस और अधिक बढ़ गई। बारिश के बाद सड़कों पर पानी जमने से फिसलन की स्थिति बन गई, जिससे पैदल चलने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उमस के बीच बिजली की आंख-मिचौली ने भी परेशानियों को बढ़ा दिया। मौसम विभाग के अनुसार, मेदिनीनगर में करीब 5 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

# नगर आयुक्त ने डीआईजी से की शिष्टाचार मुलाकात



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम से शुक्रवार को कई लोगों ने मुलाकात की। इसी क्रम में मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने भी उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच कई विषयों पर बातचीत हुई।

नगर आयुक्त ने कहा कि डीआईजी नौशाद आलम एक विनम्र और संवेदनशील अधिकारी हैं। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में शांति और विकास को गति मिलेगी, साथ ही नक्सल उन्मूलन अभियान को भी मजबूती मिलेगी।

डीआईजी ने नगर आयुक्त की सराहना करते हुए कहा कि वे निगम क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कर रहे हैं। एक ऊर्जावान युवा अधिकारी से मिलकर सकारात्मक ऊर्जा मिली है।

### कांग्रेस पार्टी ने किया 'जय हिंद सभा' का आयोजन

# ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने दिखाया पराक्रम : सुबोधकांत सहाय

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** भारतीय सेना के सम्मान में कांग्रेस पार्टी द्वारा शुक्रवार को कचहरी परिसर में 'जय हिंद सभा' का आयोजन किया गया। सभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना द्वारा किए गए साहसिक कार्यों की सराहना की और कहा कि पाकिस्तान ने भारत से कई बार युद्ध किए, लेकिन कभी भी विजय हासिल नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि हालिया आतंकी हमलों के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर पराक्रम का परिचय दिया। पूर्व मंत्री ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकी घटना सुरक्षा चूक का परिणाम थी। उन्होंने केंद्र सरकार से इसकी जिम्मेदारी लेने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

कार्यक्रम के संयोजक एवं पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी ने कहा कि "अगर सेना को कुछ और समय मिल जाता, तो पीओके भी भारत के कब्जे में होता।" उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में कांग्रेस पार्टी की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा कि पार्टी हर राष्ट्रहित के निर्णय में सरकार के साथ खड़ी है, लेकिन सेना के पराक्रम का राजनीतिक इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 'घर-घर सिंदूर' अभियान पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को सिंदूर बांटने की बजाय पीओके पर कब्जा करना चाहिए था। सभा में पलामू जिला प्रभारी विनय कुमार सिन्हा उर्फ दीपू सिंह ने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता ने सेना का मनोबल बढ़ाया, वहीं भारतीय सैनिकों ने साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तान को हर मोर्चे पर पीछे हटने को मजबूर कर दिया। सभा की अध्यक्षता कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंह ने की जबकि संचालन परमदेव सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कांग्रेस जिलाध्यक्ष रंजन पाठक ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष विमला कुमारी, रुद्र शुक्ला, पूर्णिमा पांडेय, मुन्ना खान, मनोज सिंह, राजेश चौरसिया, कौशल दुबे, विजय चौबे, जीशान खान, लक्ष्मी नारायण तिवारी, सत्यनारायण सिंह, बबलू दुबे, दिलीप चंद्रवंशी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# एस्कॉर्ट ड्यूटी में उत्कृष्ट टर्नआउट पर पुलिसकर्मी सम्मानित

**डीआईजी ने कहा**

- **हर जिम्मेदारी एक अवसर है खुद को साबित करने का**
- **कर्तव्यनिष्ठा ही पुलिस बल की असली पहचान होती है**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नव पदस्थापित पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) नौशाद आलम ने एस्कॉर्ट ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट कार्य और बेहतर टर्नआउट के लिए कई पुलिस अधिकारियों व जवानों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। यह सम्मान रांची से पलामू आगमन के दौरान उनके एस्कॉर्ट में तैनात कर्मियों को दिया गया।

डीआईजी ने ड्यूटी के प्रति समर्पण और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा, "हर जिम्मेदारी एक अवसर है खुद को साबित करने का। कर्तव्यनिष्ठा ही पुलिस बल की असली पहचान होती है।" उन्होंने कहा कि इस प्रकार का सम्मान पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाने का कार्य करता है। एस्कॉर्ट ड्यूटी में लातेहार के चंदवा, लातेहार, मनिका थाना तथा पलामू के सतबरवा, सदर और शहर थाना के पुलिसकर्मी शामिल थे। सम्मानित होने वालों में चंदवा थाना से एएसआई अनोज कुमार ओझा, हवलदार आनंद मोहन, ललन प्रसाद सिंह, आरक्षी अरुण सिंह, महेंद्र पासवान, लातेहार थाना से एएसआई अरविंद तिवारी, आरक्षी राजेश कुमार शर्मा, सत्येंद्र उरांव, चालक पंकज राय, मनिका थाना से पु.अ.नि. तिलक चंद्र महतो, आरक्षी अनुरंजन टोपनो, चंदन कुमार भगत, उमेश कुमार सिंह शामिल हैं।

इसी प्रकार पलामू के सतबरवा थाना से पुलिस अवर निरीक्षक विश्वनाथ कुमार राणा, हवलदार रामस्वरूप यादव, आरक्षी मोहम्मद इरशाद आलम, राज रंजन सिंह, चालक संतोष कुमार यादव तथा सदर थाना से पुअनि रंजीत कुमार, हवलदार हड्डीग सरदार, आरक्षी रोहित कुमार और चालक रामाशीष सिंह को भी सम्मानित किया गया।

# पूल पार्टी की धमाल के साथ लिलिपुट समर कैंप का हुआ रंगारंग समापन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में शुक्रवार को समर कैंप के अंतिम दिन बच्चों ने जमकर पूल पार्टी का आनंद लिया। स्कूल परिसर को समुद्री बीच की थीम में सजाया गया था, जिसमें नारियल के पेड़, समुद्री रेत, रंग-बिरंगे झंडे, छाते और स्विमिंग पूल ने बच्चों को आकर्षित किया। इस मौके पर बच्चों के लिए वाटर बैलून और बकेट गेम जैसी पूल थीम आधारित मजेदार गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसे बच्चों ने उत्साहपूर्वक खेला। इसके साथ ही रेन डांस में भी सभी बच्चों ने जमकर मस्ती की। पूल पार्टी के दौरान बच्चों को आइसक्रीम और झालमुड़ी परोसी गई, जिससे उनका उत्साह और बढ़ गया।



विद्यालय की प्राचार्या रेणु गोयल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी समर कैंप का आयोजन कुछ नए और रोचक गतिविधियों के साथ किया गया। ट्रेजर हंट प्रतियोगिता, स्केटिंग और मैकेनिकल ट्रेनिंग इस वर्ष के मुख्य आकर्षण रहे।

विद्यालय के निदेशक राजीव गोयल ने सभी अभिभावकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनकी सहभागिता से ही समर कैंप का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

समर कैंप को सफल बनाने में फलक आफरीन, श्याम तिवारी, अश्विनी कुमार, मन्नत सिंह बग्गा, गणेश, अरीबा, नगमा, आयुषी, रजनंदिनी, सपना, करनाली, पलक, वंशिका, आंचल, निधि, तनु, लक्ष्मी, ईशा, नैन्सी, मुस्कान, तृप्ति, वंदना, नमिता, जानवी, प्रियांशी और रानी की सराहनीय भूमिका रही।

इस वर्ष समर कैंप में लगभग 55 बच्चों ने भाग लिया। उनमें प्रमुख नाम हैं – कर्मनजीत, शिवांश, सुमंत, अमूल्या, वान्या, नित्रा, जसगुन, शानविका, भरपूर, जपनीत, अद्विका, दीपशिखा, मिरब, अक़्सा, अमिष, कोमल, आदित्री, नक्श, फ़राज, अखिलेश, कार्तिक, सात्विक, मयांशी आदि।

# कृषि संकल्प अभियान के तहत वैज्ञानिकों ने 148 कृषकों से किया संवाद

- **खरीफ फसल की योजना, आधुनिक तकनीकों और योजनाओं पर दी जानकारी**

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, पलामू की टीम ने बुधवार को रामगढ़ प्रखंड के बेतवा, गोवंडी और लामती बर्मा गांवों में खरीफ कृषक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुधीर झा और डॉ. अशोक कुमार सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कुल 148 किसानों ने भाग लिया।

वैज्ञानिकों ने किसानों से सीधे संवाद कर खरीफ फसलों की योजना, मृदा अनुसार प्रभेदों के चयन, सिंचाई की आधुनिक तकनीक और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों के समाधान पर जानकारी दी। कार्यक्रम में फसलों में लगने वाले कीट और रोग प्रबंधन संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु किसानों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए।

किसानों को बताया गया कि फसल कटाई के बाद उपज का उचित भंडारण नहीं होने से होने वाले नुकसान से कैसे बचा जा सकता है। साथ ही, ब्लॉकचेन तकनीक के माध्यम से कृषि विभाग से जुड़ने और कुसुम योजना के तहत सोलर पंप प्राप्त करने की प्रक्रिया को भी समझाया गया। वैज्ञानिकों ने पाया कि इन गांवों में अधिकांश किसान पारंपरिक तरीके से खेती कर रहे हैं। उन्हें मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, नर्सरी प्रबंधन जैसी आधुनिक कृषि विधियों की जानकारी दी गई। किसानों ने संकल्प लिया कि वे कृषि विज्ञान केंद्र, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र और कृषि विभाग से जुड़कर अपनी खेती को उन्नत बनाएंगे।

इस अवसर पर जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिक प्रमोद कुमार समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।



**एसडीएम ने स्टांप वेंडरों के साथ की बैठक**

# स्टांप की उपलब्धता सुनिश्चित करने व तय दर से अधिक कीमत पर बिक्री नहीं करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में जिला मुख्यालय के स्टांप वेंडरों के साथ बैठक की। बैठक में स्टांप की सुचारू उपलब्धता, अधिक मूल्य वसूली और कृत्रिम कमी की शिकायतों पर विस्तृत चर्चा की गई और संबंधित वेंडरों को कई आवश्यक निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि बीते सप्ताह आयोजित कॉफी विद एसडीएम कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने स्टांप की किल्लत की शिकायत की थी। उसी के आलोक में एसडीएम ने सभी स्टांप वेंडरों को तलब किया था। वेंडरों ने बैठक में दावा किया कि वे मुद्रांकित मूल्य से अधिक राशि नहीं लेते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता को अधिक मूल्य वसूली की शिकायत है, तो उसकी जांच होनी चाहिए। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि यदि आगे से किसी भी तरह की शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि स्टांप की उपलब्धता एक गंभीर विषय है, जो न्यायिक कार्यों को सीधे प्रभावित करता है। उन्होंने संकेत दिया कि नई अनुज्ञप्तियों के लिए जिला प्रशासन के स्तर से प्रस्ताव तैयार कर भेजा जाएगा, ताकि स्टांप की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।



### सिर्फ चार वेंडर ही कर रहे हैं कार्य

बैठक में मात्र चार स्टांप वेंडर – विजय कुमार उर्फ चुन्नू केसरी, प्रदीप कुमार केसरी, ओमप्रकाश कुशवाहा और हरिशंकर चौबे – ही उपस्थित हुए। जानकारी के अनुसार जिले में 10 से अधिक स्टांप अनुज्ञप्तिधारी हैं, परंतु अधिकांश ने या तो कार्य बंद कर दिया है या लंबे समय से सक्रिय नहीं हैं। एसडीएम ने कोषागार कार्यालय से फोन पर इसकी पुष्टि भी की। हरिशंकर चौबे ने बताया कि वे लाइसेंसधारी मनोज चौबे के पुत्र हैं और उन्हीं के नाम पर स्टांप बिक्री कर रहे हैं। इस पर एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि वे व्यक्तिगत रूप से लाइसेंस प्राप्त करें।

### 2010 के बाद नहीं मिला नया लाइसेंस

विधि शाखा की जानकारी के अनुसार वर्ष 2010 के बाद किसी को नया स्टांप वेंडिंग लाइसेंस जारी नहीं किया गया है। जो वेंडर कार्यरत हैं, वे पुराने लाइसेंसधारी हैं। बैठक में यह भी सामने आया कि चुन्नू केसरी 1979 और ओमप्रकाश कुशवाहा 1994 से स्टांप वेंडिंग का कार्य कर रहे हैं। बैठक में यह तथ्य भी सामने आया कि कुछ स्टांप वेंडरों ने स्टांप बिक्री हेतु आवंटित निशुल्क दुकानों को अन्य व्यवसायों के लिए किराए पर दे रखा है। एसडीएम ने कहा कि ऐसे अनुज्ञप्तिधारियों के लाइसेंस रद्द किए जाएंगे, दुकानें खाली कराई जाएंगी और अर्थदंड भी लगाया जाएगा।

## झाड़-फूंक के फेर में महिला की जान गई, सर्पदंश से हुई मौत

**रमना।** सिलीदाग पंचायत के विवाटीकर टोला में शुक्रवार सुबह एक गर्भवती महिला की सर्पदंश से मौत हो गई। 25 वर्षीय सुनीता देवी, जो छह माह की गर्भवती थीं, घर में झाड़ू लगा रही थीं तभी उन्हें सांप ने डंस लिया। परिजनों ने अस्पताल ले जाने की बजाय पहले गम्हरिया गांव में झाड़-फूंक कराया, जिससे बहुमूल्य समय बर्बाद हो गया। बाद में गंभीर हालत में महिला को गढ़वा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सुनीता की शादी पिछले वर्ष अजय उरांव से हुई थी। उसकी असमय मौत से परिवार गहरे सदमे में है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि समय पर अस्पताल ले जाते, तो जान बच सकती थी। घटना की जानकारी मिलने पर पंचायत सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह, पंचायत सहायक प्रदीप कुमार और अन्य ग्रामीणों ने परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया।

## न्यूज बॉक्स

### प्रेम प्रसंग में युवक ने की आत्महत्या, पुलिस कर रही जांच

**बड़गड़।** टेहरी पंचायत के बिंजपुर गांव निवासी विकास यादव (उम्र लगभग 20 वर्ष), पिता रामदयाल यादव, ने गुरुवार को विषपान कर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर शुक्रवार को बड़गड़ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा सदर अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार, विकास की फेसबुक के माध्यम से महुआडांड़ (लातेहार) की रविता कुमारी से जान-पहचान हुई थी, और दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गया था। बाद में परिजनों की सहमति से दिसंबर 2024 में दोनों की शादी भी कराई गई। चूंकि दोनों नाबालिग थे, इसलिए बाल संरक्षण विभाग ने हस्तक्षेप कर उन्हें अलग रहने की सलाह दी थी। 29 मई को रविता अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची, जहां मामले की जांच चल रही थी। इसी बीच विकास ने बड़गड़ बाजार में विषपान कर लिया। परिजन उन्हें छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य ने बताया कि मामला बाल संरक्षण विभाग की सूचना के आधार पर जांचाधीन था। फिलहाल आगे की जांच की जा रही है।

### अधूरी सड़क बनी परेशानी का कारण, ग्रामीणों में आक्रोश

**धुरकी।** शिवरी मोड़ से मिरचईया जाने वाली सड़क पर चार माह पूर्व निर्माण कार्य शुरू हुआ था, जो अब तक अधूरा ही पड़ा है। इस अधूरे निर्माण ने ग्रामीणों की समस्याएं और बढ़ा दी हैं। ठेकेदार द्वारा कुछ हिस्सों में केवल पत्थर बिछाकर कार्य को बीच में ही छोड़ दिया गया, जिससे सड़क की स्थिति और भी बदतर हो गई है। ग्रामीण दिनेश कुमार चंद्रवंशी और सुबास कुमार ने बताया कि पहले से ही यह सड़क अत्यंत जर्जर थी, जिस पर चलना मुश्किल था। निर्माण शुरू होने से उम्मीद जगी थी, लेकिन अधूरे कार्य से अब धूल-मिट्टी की समस्या भी बढ़ गई है, जिससे राहगीरों के साथ-साथ आसपास के खेतों में काम करने वाले किसान भी परेशान हैं। यह सड़क धुरकी से गढ़वा जाने का मुख्य मार्ग है, जिसका उपयोग प्रतिदिन सैकड़ों लोग करते हैं। अधिकारियों की अनदेखी और ठेकेदार की लापरवाही से सड़क अब भी उपयोग लायक नहीं बन सकी है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से तत्काल निर्माण कार्य को पूरा करवाने की मांग की है, ताकि आम जनजीवन सामान्य हो सके।

### किसान मित्रों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**केतार।** किसान मित्रों ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय पहुँचकर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। बीडीओ अनुपस्थित रहने के कारण ज्ञापन प्रभारी कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार को सौंपा गया। किसान मित्रों ने बताया कि वे लगातार कृषि कार्यों में सहयोग कर रहे हैं, लेकिन वर्ष 2024-25 की प्रोत्साहन राशि अब तक नहीं मिली है, जिससे उनमें नाराजगी है। प्रदेश स्तरीय किसान मित्र संघ के निर्देश पर वे सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर त्रिपुरारी सिंह, मिथलेश तिवारी, विनय प्रसाद सहित अन्य किसान मित्र मौजूद रहे।

### किसान मित्रों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन, अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**श्री बंशीधर नगर।** प्रदेश किसान मित्र संघ के निर्देश पर शुक्रवार को प्रखंड के किसान मित्रों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा और अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मित्र संघ के अध्यक्ष सुदेश्वर विश्वकर्मा ने की। किसान मित्रों ने बताया कि वे लंबे समय से कृषि संबंधी कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें प्रोत्साहन राशि अब तक नहीं मिली है। संघ के निर्देश पर जब तक मांगे पूरी नहीं होतीं, उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान दिलीप पटेल, अरुण कुमार, बिपिन बिहारी सिंह, मुकेश शुक्ला, आशीष गुप्ता, शाहिद अख्तर, मनोज सिंह, धर्मेंद्र प्रताप देव, श्रीनाथ मिश्रा, संजय सिंह सहित कई किसान मित्र मौजूद थे। वहीं, आंदोलनरत किसान मित्रों ने विधायक अनंत प्रताप देव से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि राज्य कैबिनेट द्वारा पारित एक वर्ष की प्रोत्साहन राशि अब तक नहीं मिली है, जबकि वे लगातार कृषि कार्यों में सक्रिय रहे हैं।

## आपसी विवाद : दो अलग-अलग घटनाओं में नौ लोग घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग ग्रामों में शुक्रवार को आपसी विवाद को लेकर हुए मारपीट की घटनाओं में कुल नौ लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। पहली घटना अहिरपुरवा गांव में हुई, जहां आपसी विवाद के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना में एक पक्ष से धर्मराज राम, उनकी पत्नी संगीता देवी और ललन राम की पत्नी अर्चना देवी घायल हुईं, जबकि दूसरे पक्ष से हलीवंता गांव निवासी उपेंद्र राम और उत्तर प्रदेश के बिंदमगंज थाना अंतर्गत केवाल गांव निवासी संतलेश कुमार व सरोज कुमार घायल हुए। एक पक्ष के अनुसार, भाई की पत्नी के मायके वाले लोग अचानक आए और बिना कुछ कहे मारपीट करने लगे। वहीं, दूसरे पक्ष ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि बहन के ससुराल में मारपीट हुई है, जब वे वहां पहुंचे तो मारपीट कर दी गई। दोनों पक्षों ने थाने में लिखित शिकायत दी है। दूसरी घटना बारोडीह गांव में हुई, जहां आंधी-तूफान में गिरे आम के पेड़ को काटने को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद हो गया। इसमें बबन चौधरी, उनकी पत्नी ऊषा देवी और पुत्री आरती कुमारी घायल हो गईं। घायलों ने बताया कि पेड़ दोनों भाइयों का साझा था, लेकिन दूसरे भाई ने उसे अपना बताते हुए मारपीट की। घायल पक्ष ने थाने में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है।

## भवनाथपुर के किसान मित्र अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की मांग

**भवनाथपुर।** प्रदेश कमेटी के आह्वान पर भवनाथपुर प्रखंड के सभी किसान मित्र अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इस संबंध में उन्होंने कृषि पदाधिकारी और तकनीकी प्रबंधक को पत्र देकर जानकारी दी है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि उन्हें मिलने वाली ?1000 मासिक प्रोत्साहन राशि न केवल अपर्याप्त है, बल्कि पिछले कई महीनों से यह राशि भी नहीं मिली है। किसान मित्रों का कहना है कि जब तक राशि बढ़ाई नहीं जाती और लंबित भुगतान नहीं किया जाता, वे कार्य पर नहीं लौटेंगे। इस दौरान अनुज पाठक, सुनील राम, सुनील राउत, प्रेम यादव, पंचम साह, राजेंद्र यादव, भानु प्रताप साह और दीपक लाल जायसवाल उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने खाद्य सुरक्षा को लेकर छापेमारी की, तीन दुकानों से नमूने लिए

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने शुक्रवार शाम खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अंजना कुमारी मिंज के साथ शहरी क्षेत्र के मिठाई दुकानों और फल गोदामों में औचक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान तीन प्रतिष्ठानों – न्यू बनारसी स्वीट्स (कचहरी रोड), विद्या स्वीट्स (चिनिया मोड़) और बसंती मिठाई एवं नमकीन भंडार (रंका मोड़) से पनीर व खोवा के नमूने लिए गए। कई दुकानों में साफ-सफाई की स्थिति खराब पाई गई, फ्रिज और रसोईघर गंदे थे और खाद्य सामग्रियों पर मक्खियां भिनक रही थीं। एसडीएम ने फूड सेफ्टी ऑफिसर को नियमानुसार जुमार्ना लगाने का निर्देश दिया और दुकानदारों को दो दिन में सफाई सुधारने की चेतावनी दी। ऐसा न करने पर दुकानों को सील किया जाएगा। बाजार समिति स्थित थोक फल दुकानों में कार्बाइड के प्रयोग की आशंका को देखते हुए छापेमारी की गई। प्रथम दृष्टया कार्बाइड नहीं मिला, लेकिन एथिलीन से पकाए फल पाए गए। एसडीएम ने विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए कि कार्बाइड और कृत्रिम रंगों का प्रयोग न करें।



### घरेलू गैस सिलेंडर पर भी नजर

ज्यादातर मिठाई दुकानों में घरेलू उपयोग वाले गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग होता पाया गया। एसडीएम ने चेतावनी दी कि अगली बार छापेमारी में यदि ऐसा दोबारा मिला तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। कुछ दुकानों में मक्खियों और कीड़ों से युक्त खाद्य सामग्री पाई गई, जिन्हें एसडीएम के निर्देश पर मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि यह जन स्वास्थ्य से जुड़ा विषय है, इसलिए नगर परिषद, अंचल कार्यालय और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नियमित जांच अभियान जारी रहेगा। व्यवसायियों से भी अपील की गई कि वे मिलावटी सामग्री से परहेज करें।

## विशुनपुरा में हुआ सामुदायिक वन पट्टा वितरण, विधायक ने की बड़ी घोषणाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**विशुनपुरा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में शुक्रवार को भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा की उपस्थिति में सामुदायिक वन पट्टा का वितरण किया गया। इस मौके पर सदर पंचायत के संध्या गांव, पिपरी कला पंचायत के पिपरी खुर्द गांव और अमहर खास पंचायत के बाछीखोह गांव के लिए एक-एक सामुदायिक वन पट्टा वितरित किया गया। विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि यह वितरण झारखंड सरकार की पहल है और आगे विधानसभा सत्र में सरकार से मांग करेंगे कि जो लोग वर्षों से वन भूमि पर रह रहे हैं, उन्हें व्यक्तिगत वन पट्टा दिया जाए। उन्होंने यह भी घोषणा की कि पिपरी कला बाजार से घटवारिया घाट तक सड़क का सुंदरीकरण कर विशुनपुरा तक निर्माण कार्य कराया जाएगा। उन्होंने प्रखंड में हो रहे भ्रष्टाचार पर नाराजगी जताते हुए सुधार की बात कही और कहा कि बैंक द्वारा किसानों को कृषि ऋण माफी की जानकारी नहीं दी जा रही है। इसके समाधान के लिए प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और बैंक कर्मियों की बैठक जल्द बुलाई जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि कार्यालय में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी ने बताया कि छह वन पट्टा के लिए आवेदन भेजा गया है और जल्द उसे भी मंजूरी मिलेगी। उन्होंने सभी पंचायत भवनों में पंचायत सेवक व रोजगार सेवक की अनुपस्थिति का मुद्दा भी उठाया। एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने कहा कि यदि पंचायत भवनों में तय समय पर कर्मचारी उपस्थित रहें, तो अधिकांश कार्य वहीं पर आसानी से पूरे किए जा सकते हैं।

## बिजली समस्याओं को लेकर बड़गड़ में लगा विशेष शिविर, 35 हजार की वसूली

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिर परिसर में शुक्रवार को बिजली समस्याओं के निपटारे के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों ने बिजली से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन जमा किए। शिविर के दौरान बरकोल खुर्द, कन्हैया टांड़ और कोरवाडीह गांवों के लिए बिजली पोल और तार लगाने हेतु कुल आठ आवेदन विभागीय अधिकारियों को सौंपे गए। कार्यपालक अभियंता ने भरोसा दिलाया कि इन क्षेत्रों में जल्द ही मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना के तहत बिजली पहुंचा दी जाएगी। इसके अलावा खराब मीटर बदलने हेतु पांच आवेदन मिले, जिनके लिए एक सप्ताह के भीतर मीटर बदले जाने का आश्वासन दिया गया। तीन लोगों ने नए कनेक्शन के लिए आवेदन किया, जबकि 35 उपभोक्ताओं ने कुल 35 हजार रुपये का बिजली बिल जमा किया। कार्यपालक अभियंता ने लोगों से अपील की कि बिना कनेक्शन के बिजली का उपयोग न करें, क्योंकि यह दंडनीय अपराध है। पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शिविर में सहायक अभियंता निरंजन कुमार, कनिय अभियंता दीपक कुमार सहित अन्य कर्मी एवं बड़ी संख्या में उपभोक्ता उपस्थित थे।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ................ दिनांक ......................

अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 16/2025–26

मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय हेतु 2 Laptop, 3 All in One PC & Photo State Machine Commercial क्रय की आवश्यकता है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता/कम्पनी द्वारा अधिकृत एजेन्सी निविदा/कोटेशन दिनांक 06.06.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 1,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन दिनांक 06.06.2025 को 2:00 बजे अपराह्न नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। Laptop, All in One PC & Photo State Machine Commercial क्रय किये जाने से संबंधित विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| SL. NO. | NAME OF ITEM | Quantity |
|---|---|---|
| 1 | 2 Laptop – i5 & i3, 8GB-RAM , 512-GB SSD DRIVE Display Size – 15.6" | 02 |
| 2 | 3 All in One – i5 & i3 8GB-RAM , -512- GB SSD DRIVE , Monitor 23" | 03 |
| 3 | Photo State Machine Commercial – Printing/Scanning/Wi-Fi/Xerox (3 In one) | 01 |

सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 353869 District (25-26)_D


## रेल सिंचाई व सड़क समस्याओं को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल के बीडी रेलखंड पर यात्री सुविधाओं और स्थानीय विकास से जुड़े कई मुद्दों को लेकर शुक्रवार को हैदरनगर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पलामू सांसद विष्णु दयाल राम को विभिन्न संगठनों ने ज्ञापन सौंपा। प्रमुख कलावती देवी, उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान और उप मुखिया सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में यह मांगें रखी गईं। ज्ञापन में हैदरनगर रेलवे स्टेशन के पास रेल फाटक संख्या 50 सी पर चार वर्षों से लंबित आरओबी निर्माण, जपला रेलवे स्टेशन से जुड़े पथों पर एप्रोच रोड की आवश्यकता, तथा हैदरनगर के देवी मंदिर जैसे पर्यटन स्थलों को ध्यान में रखते हुए रांची-नई दिल्ली एक्सप्रेस (12877/12878) का दो मिनट का ठहराव शामिल है। इसके साथ ही रांची से देहरादून के लिए नई सुपर फास्ट ट्रेन के संचालन तथा अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों को गढ़वा से डेहरी ऑन सोन तक ठहराव देने की मांग की गई। ज्ञापन में लोहरपुरा गांव के एक दशक पुराने धराशायी चेकडैम को पुनः बनवाने की मांग भी की गई, जिससे 500 एकड़ भूमि की सिंचाई बाधित है।

## चिनिया में नशामुक्त भारत अभियान के तहत पदाधिकारियों ने ली शपथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक संसाधन संस्था कार्यालय में शुक्रवार को दोपहर 2:00 बजे नशामुक्त भारत अभियान के तहत विशेष शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों, सामुदायिक समन्वयकों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और युवाओं ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। सभी प्रतिभागियों ने एक स्वर में शपथ ली कि वे स्वयं को नशे से दूर रखेंगे और अपने गांव, पंचायत, प्रखंड और जिले को नशामुक्त बनाने में हरसंभव योगदान देंगे। इस दौरान यह भी संकल्प लिया गया कि वे अपने परिवार, मित्रों और आसपास के युवाओं को भी जागरूक करेंगे और समाज से नशे की बुराई को जड़ से समाप्त करने का प्रयास करेंगे। इस कार्यक्रम में उछ्रऋ की सक्रिय सदस्याएं – जयंती देवी, धर्मशिला देवी, पूर्णिमा सिंह, निगर सुलताना, अबुना खातून, रुखसाना खातून, खुशबू देवी, निर्मला देवी, लालपति देवी सहित सीसी आशीष यादव और संजीत कुजूर तथा सभी रत्नऋ की सदस्याएं उपस्थित रहीं। उपस्थित वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जो युवाओं को सबसे अधिक प्रभावित करती है। यदि समय रहते इसे नियंत्रित नहीं किया गया, तो यह समाज को खोखला कर देगा। यह सामूहिक प्रयास नशामुक्त भारत की दिशा में एक सराहनीय पहल मानी जा रही है। यदि इसी तरह के कार्यक्रम हर प्रखंड स्तर पर होते रहें, तो निश्चित रूप से नशामुक्त समाज की परिकल्पना साकार हो सकती है।


झारखण्ड सरकार

## वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग

न्यायालय :- प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा

सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वन पदार्थ पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाइ चल रही है, जिसमें संबंधित पक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित सुनवाई की तिथि 25.06.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वन पदार्थ तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ की विवरणी | अभियुक्त का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 07/2025 | साल प्रजाति का बोटा कुल–11 पीस (5 फीट 8 इंच x 3 फीट–1 पीस; 6 फीट 5 इंच x 3 फीट 2 इंच–1 पीस; 7 फीट x 2 फीट 9 इंच–1 पीस; 5 फीट 11 इंच x 2 फीट 9 इंच–1 पीस; 4 फीट 9 इंच x 3 फीट 2 इंच–1 पीस; 7 फीट 5 इंच x 2 फीट 8 इंच–1 पीस; 9 फीट x 3 फीट 6 इंच–1 पीस; 7 फीट 8 इंच x 2 फीट 4 इंच–1 पीस; 5 फीट 8 इंच x 2 फीट 9 इंच–1 पीस; 10 फीट 3 इंच x 1 फीट 11 इंच–1 पीस एवं 6 फीट 8 इंच x 3 फीट 3 इंच–1 पीस) | अज्ञात | |
| 2. | 17/2025 | सलई प्रजाति का बोटा कुल–10 पीस (7 फीट 4 इंच x 49 इंच–1 पीस; 7 फीट 6 इंच x 50 इंच–1 पीस; 7 फीट 3 इंच x 36 इंच–1 पीस; 7 फीट 6 इंच x 36 इंच–1 पीस; 8 फीट 6 इंच x 40 इंच–1 पीस; 7 फीट 9 इंच x 39 इंच–1 पीस; 7 फीट 4 इंच x 40 इंच–1 पीस; 7 फीट 1 इंच x 40 इंच–1 पीस; 7 फीट 7 इंच x 48 इंच–1 पीस एवं 6 फीट 7 इंच x 49 इंच–1 पीस) | अज्ञात | |

प्राधिकृत पदाधिकारी –सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल

PR 353890 Forest, Environment and Climate Changes (25-26)_D


**छतरपुर में पत्रकारिता दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित**

## पत्रकार समाज के सजग प्रहरी हैं : सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर (पलामू)।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में संवाददाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के संस्थापक सचिव सत्यदेव प्रसाद की तस्वीर पर पुष्प अर्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। समारोह में कॉलेज सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य प्रो. अखिलेश कुमार सिंह, शिक्षक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह में वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने विचार साझा किए। अश्विनी कुमार ने पत्रकारिता को समाज का दर्पण बताया, धर्मेंद्र कुमार सिंह ने इसे सेवा भाव से जुड़ा कार्य कहा। राजीव सिन्हा ने सकारात्मक पत्रकारिता को बदलाव का माध्यम बताया। अन्य पत्रकारों ने भी निष्पक्षता, प्रतिबद्धता और ग्रामीण मुद्दों की प्रस्तुति पर जोर दिया। कॉलेज के सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार समाज के सजग प्रहरी हैं, जो दिन-रात जनहित के मुद्दे उठाकर लोकतंत्र को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता की विश्वसनीयता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है और जल्द ही ऐसे सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए जाएंगे, जिनसे विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हो सके। पत्रकारों के अनुभवों से छात्रों को नई दृष्टि और प्रेरणा मिलेगी।कार्यक्रम संचालन पंचम कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. सूर्योदय कुमार ने दिया। सभी संवाददाताओं को अंगवस्त्र, पेन व डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया।



## एक देश, एक चुनाव' के समर्थन में भाजपा किसान मोर्चा का अभियान

**कांडी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यएक देश, एक चुनावह्ण प्रस्ताव को समर्थन देने के लिए भाजपा किसान मोर्चा द्वारा राज्यव्यापी जनसमर्थन अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू के नेतृत्व में यह अभियान पूरे राज्य में सक्रिय है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलाल दुबे ने प्रेस को जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान गांव-गरीब, किसान, मजदूर, महिला और युवाओं तक प्रधानमंत्री के संदेश को पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रहित में एक स्वागतयोग्य पहल है जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी।

# पीएलएफआई उग्रवादी विष्णु उरांव गिरफ्तार, भेजा गया जेल

● लेवी वसूली और फायरिंग की घटनाओं में था शामिल, पुलिस ने मोबाइल किया बरामद

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने पीएलएफआई संगठन से जुड़े एक सक्रिय उग्रवादी विष्णु उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसकी गिरफ्तारी चंदवा थाना क्षेत्र में की गई। विष्णु उरांव गुमला जिले के भरनो प्रखंड स्थित भड़गांव का निवासी है और कई आपराधिक मामलों में वांछित था। पुलिस के अनुसार, वह चंदवा के संतोष सिंह के क्रशर प्लांट और फिरोज अहमद के ईंट भट्ठा पर फायरिंग की घटनाओं में शामिल था। साथ ही वह क्षेत्र के ठेकेदारों, क्रशर और ईंट भट्ठा संचालकों से पीएलएफआई के नाम पर लेवी वसूली का काम करता था। एसडीपीओ अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि विष्णु उरांव ठेकेदारों को धमकी देकर लेवी वसूल रहा है। इसी आधार पर गठित टीम ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से लेवी वसूली में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि वह चार अप्रैल को हड़गड़वा में हुई फायरिंग की घटना में भी शामिल था। इस मामले में पीएलएफआई के चार अन्य उग्रवादियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह सहित सैट-44 के जवान शामिल थे।

## कांग्रेस प्रारंभ से ही सेना का करती रही है सम्मान : सुबोधकांत



● जय हिन्द सभा के माध्यम से कांग्रेस दिखा रही सेना का शौर्य, भाजपा पर लगाया राजनीति का आरोप

**लातेहार।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और प्रदेश कांग्रेस महासचिव विनय सिन्हा दीपू का लातेहार में प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी व युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। वे रांची से मेदिनीनगर एक कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे। इस दौरान नेताओं ने सहाय को जिले में कांग्रेस की गतिविधियों की जानकारी दी। सहाय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरू से ही देश की सेना का सम्मान करती आ रही है। इसी भावना के तहत कांग्रेस पूरे देश में 'जय हिन्द सभा' कार्यक्रम का आयोजन कर रही है, जिससे सेना के बलिदान और पराक्रम को आम जनता तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सेना और ऑपरेशन सिंधूर को लेकर राजनीति कर रही है, जबकि कांग्रेस का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों के पराक्रम से ही देश का सम्मान बना हुआ है। मौके पर कामगार कर्मचारी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कामिल अंसारी, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेन्द्र उरांव, इमरान अंसारी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डीजीएमएस की टीम ने मगध कोल परियोजना का किया निरीक्षण

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोल परियोजना का निरीक्षण करने शुक्रवार को खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) की उच्चस्तरीय टीम पहुंची। अतिथियों का स्वागत परियोजना जीएम नृपेन्द्र नाथ ने शॉल, श्रीफल और गुलदस्ते के साथ पारंपरिक ढंग से किया। इसके बाद परियोजना कार्यालय में समीक्षात्मक बैठक हुई, जहां परियोजना पदाधिकारी सत्यनारायण सदाला ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से संचालन, उत्पादन, सुरक्षा उपायों और पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी। हाल में हुई मॉक ड्रिल की प्रस्तुति को टीम ने सराहा। बाद में टीम ने व्यू प्वाइंट से चमातु पैच का निरीक्षण किया और पौधारोपण किया। निरीक्षण का उद्देश्य सुरक्षा मानकों, श्रमिक कल्याण और पर्यावरण अनुकूल खनन कार्यों की समीक्षा था। मौके पर उप महानिदेशक (एसईजेड) एस एस प्रसाद, उप निदेशक पी हनुमंत राव, निदेशक सी एस तिवारी, डीएमएसओ रत्नाकर सनकी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## मनिका प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, बीडीओ को सौंपा गया ज्ञापन



**लातेहार।** मनिका प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी के खिलाफ पंचायत समिति सदस्यों ने गुरुवार को बीडीओ संदीप कुमार को अविश्वास प्रस्ताव का ज्ञापन सौंपा। प्रमुख पर मनरेगा व अन्य योजनाओं में भ्रष्टाचार, ग्रामीणों से पैसों की ठगी और विकास कार्यों में रुचि नहीं लेने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ज्ञापन में कहा गया कि प्रमुख अपने पद का दुरुपयोग कर आम लोगों से अवैध वसूली करती हैं और लगातार दो पंसस बैठकों से अनुपस्थित रहीं, जिससे प्रखंड में विकास कार्य ठप पड़ा है। पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि प्रमुख प्रशासन पर भी निजी हितों के लिए दबाव बनाती हैं। सभी सदस्यों ने बैठक कर जनहित में अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला लिया। अविश्वास प्रस्ताव पर प्रखंड के 18 पंचायत समिति सदस्यों में से 15 ने समर्थन पत्र सौंपा है और बीडीओ से शीघ्र बैठक बुलाकर प्रस्ताव पारित करने की मांग की है। बीडीओ संदीप कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को दे दी गई है और विधिसम्मत प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## बारियातू में जेएसएलपीएस ने सोशल मीडिया प्रचार-प्रसार के लिए विशेष अभियान चलाया



● डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आजीविका मिशन की गतिविधियां साझा करने पर दिया गया जोर

**बारियातू।** झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी (जेएसएलपीएस) द्वारा शुक्रवार को बारियातू प्रखंड के दोनों क्लस्टरों में विशेष सोशल मीडिया अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुजिबुल आरफीन ने किया।

अभियान का उद्देश्य जेएसएलपीएस के फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, ट्विटर (एक्स) जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की जानकारी समुदाय के सदस्यों को देना और उन्हें इन प्लेटफॉर्म्स से जोड़ना था, ताकि आजीविका से जुड़ी गतिविधियाँ और सफलता कहानियाँ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सकें।

अभियान में ग्राम संगठन, क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ), स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिला सदस्याओं, बैंक सखी, युवा प्रतिनिधियों और सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। उन्हें डिजिटल साक्षरता प्रदान की गई और लाइव डेमो के माध्यम से यह सिखाया गया कि वे सोशल मीडिया पर पोस्ट, वीडियो और फ़ोटो कैसे साझा कर सकते हैं।

सभी प्रतिभागियों ने अपने मोबाइल में जेएसएलपीएस के सोशल मीडिया हैंडल्स को फॉलो किया और ऐप्स इंस्टॉल किए। व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से जानकारी साझा की गई ताकि भविष्य में नियमित अपडेट मिलते रहें।

अभियान को प्रतिभागियों की ओर से सराहना मिली। महिलाओं ने खास उत्साह दिखाते हुए कहा कि वे अब अपने कार्यों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर साझा कर दूसरों को भी प्रेरित करेंगी।

इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुजिबुल आरफीन, प्रशासनिक सहायक नितेश कुमार, सामुदायिक समन्वयक मनीष कुमार, अनिल उरांव, सत्येन देवी, प्रमिला देवी, तथा आईपीआरपी सोनी खातून और दीपावली देवी मौजूद थीं।

यह अभियान ग्रामीण समुदायों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### जिले में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

## गुणवत्तायुक्त कार्य सुनिश्चित करें योजनाएं तय समय में पूरी करें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में डीएमएफटी (जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) मद से संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी समीर कुल्लू ने डीएमएफटी फंड से क्रियान्वित योजनाओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति की जानकारी दी। उपायुक्त ने समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया कि सभी कार्य प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त हों और समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से लातेहार जिले में चल रहे प्रमुख निर्माण कार्यों—जैसे जिलास्तरीय पुस्तकालय, इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कम नॉलेज सेंटर (भुसूर) में मल्टीपर्पस ऑडिटोरियम, एडमिन ब्लॉक, 100 बेड छात्रावास, वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर, अनुसूचित जाति व जनजाति आवासीय विद्यालयों में बहुउद्देशीय भवनों—की प्रगति की समीक्षा की। इसके अलावा पीसीसी पथ निर्माण जैसे ग्राम हिसरी, लाटू, और कसमार में चल रही योजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा हुई। उपायुक्त ने सभी कार्यकारी एजेंसियों को लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने और योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर तय समय में समाप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि डीएमएफटी मद अंतर्गत सभी योजनाओं की वित्तीय और भौतिक प्रगति की रिपोर्ट जनसेतु पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए। अगली समीक्षा बैठक में केवल जनसेतु पोर्टल पर उपलब्ध अद्यतन प्रतिवेदन के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## लाधुप में वज्रपात से बैल की मौत, मुआवजे की मांग

**चंदवा।** लाधुप पंचायत के दुधीमाटी गांव में शुक्रवार दोपहर अचानक हुई तेज बारिश के साथ वज्रपात की घटना में एक बैल की मौत हो गई। इत्तेफाक से घर के सामने मचान के पास बंधे हुए जानवर वज्रपात की चपेट में आ गए। भुक्तभोगी महिला इतवरिया देवी पति लेदा गंझु ने बताया कि इस घटना में उनका एक बैल मारा गया है। पीड़ित परिवार ने प्रखंड प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

## लातेहार में दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल व युवाओं को मिला ड्राइविंग लाइसेंस

नवीन मेल संवाददाता



लातेहार। एनटीपीसी की पीवीयूएनएल बनहरदी कोयला खनन परियोजना के तहत शुक्रवार को न्यू सर्किट हाउस प्रांगण में सामुदायिक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लातेहार और चंदवा प्रखंड के 17 दिव्यांगों को बैटरी चालित मोटर ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता रामा रविदास, एसडीओ अजय कुमार रजक और पीवीयूएनएल के सीईओ आर.के. सिंह मौजूद थे। इस मौके पर मोटर ड्राइविंग सेंटर के माध्यम से एचएमवी प्रशिक्षण प्राप्त 15 युवाओं को ड्राइविंग लाइसेंस भी वितरित किए गए। आर.के. सिंह ने कहा कि ट्राइसाइकिल दिव्यांगों के जीवन में सहायक साबित होंगी और प्रशिक्षित युवाओं को बेहतर रोजगार अवसर प्राप्त होंगे। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत जिला प्रशासन को मास्क और दस्ताने भी सौंपे गए। कार्यक्रम में परियोजना के महाप्रबंधक के. चंद्रशेखर, एम. चंद्रशेखर, आर.बी. सिंह, जीवनेंदु महापात्र, अमरेश चंद्र राउल, भानू प्रकाश, विनेश कुमार, सुबोध जॉन पूर्ति और वशिष्ठ प्रबंधक शामिल रहे।

## मैट्रिक परीक्षा में जिला टॉपर बनी नेहा रानी अध्यापक संघ ने किया सम्मानित

**बारियातू।** स्थानीय बस्ती निवासी रिटायर्ड पारा शिक्षक अशोक कुमार राम की पुत्री नेहा रानी ने मैट्रिक परीक्षा में जिले में टॉप कर क्षेत्र का नाम रौशन किया। इस उपलब्धि की जानकारी मिलते ही टेट अध्यापक संघ की टीम ने नेहा के घर पहुँचकर उसे बधाई दी और सम्मानित किया। संघ की ओर से प्रखंड अध्यक्ष उमेश यादव, सचिव भीम प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष जय काली नाथ शाहदेव, विनोद मिश्रा, शिवनारायण राणा, शेखर यादव, शंभू प्रसाद, राजेश यादव, रमेश प्रसाद माझी और पंकज सिंह सहित कई शिक्षकों ने नेहा को डिक्शनरी, पेन और कॉपी देकर सम्मानित किया। मौके पर मिठाई भी वितरित की गई। अध्यक्ष उमेश यादव ने कहा कि नेहा ने यह साबित कर दिया कि बेटियाँ किसी से कम नहीं हैं। उसकी मेहनत, लगन और संकल्प ने उसे इस मुकाम तक पहुँचाया है। नेहा के माता-पिता को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी गई।

## चंदवा फाइटर ने खलारी को 6 विकेट से हराया, स्व. प्रभाकर मिश्रा क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले

**चंदवा।** स्थानीय खेल स्टेडियम में चल रहे स्व. प्रभाकर मिश्रा दिवा रात्रि कैनवास क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार रात तीन मैच खेले गए। पहले मैच में चंदवा फाइटर और खलारी के बीच मुकाबला हुआ। खलारी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 46 रन बनाए। जवाब में चंदवा ने सारिक, अद्दू और खेताब की बेहतरीन पारियों की बदौलत यह मैच 6 विकेट से जीत लिया। सारिक को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में ब्राइट फ्यूचर महुआ मिलान ने युवा भारत को हराया। तीसरे मैच में अनुप की ताबड़तोड़ 39 रनों की पारी के दम पर आरआरसी टोरी ने मैकलुस्कीगंज को 23 रनों से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। मैच के अम्पायर दीपक और अजय रहे। मुकाबलों के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे और उन्होंने खेल का आनंद लिया।

## चंदवा में ग्रामीणों ने श्रमदान से खुद किया सड़क मरम्मत कार्य



**चंदवा।** देवी मंडप मोहल्ला निवासी ग्रामीणों ने प्रशासन की उपेक्षा और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से निराश होकर खुद ही अपने मोहल्ले की जर्जर सड़क की मरम्मत शुरू कर दी। स्थानीय निवासी फौदार राम, रमेश राम और सूरज कुमार यादव ने बताया कि इस सड़क की अंतिम बार मरम्मत 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के दौरान हुई थी। इसके बाद किसी ने ध्यान नहीं दिया। शुक्रवार को ग्रामीणों ने आपस में चंदा कर मिट्टी और मोरम का इंतजाम किया और गड्ढों को भरकर सड़क को आवागमन योग्य बनाया। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात में गड्ढों में जलजमाव से भारी परेशानी होती है। समस्या कई बार जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखी गई, लेकिन समाधान नहीं हुआ। श्रमदान में अनिल उरांव, सुखदेव भगत, विजय कुमार रजक, छोटू नायक, वैभव कुमार, राधा कुमारी, पूजा देवी, शांति देवी, कलावती देवी, रविशंकर राम, कौशल्या देवी, मंजय उरांव, लक्ष्मण यादव सहित कई लोग शामिल हुए।

## न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

अनुमति वाद संख्या–103/2025

आम इस्तेहार

आवेदक अकबर हुसैन वो असगर हुसैन दोनों के पिता–स्व0 सराफत मियां, निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना+ अंचल–चन्दवा, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| चकला | 244 | 1305 | 0.46 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR.NO. 353865 District(25-26):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

### अतिअल्पकालीन ई- निविदा आमंत्रण सूचना

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/LOHARDAGA/E-02/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | RENNOVATION OF HOSPITAL BUILDING, KALYAN HOSPITAL, HESAL, BASARDIH, DIST. LOHARDAGA | 73,94,335.20 | 1,48,000.00 | 10000.00 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 31.05.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 31.05.2025 से दिनांक 07.06.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 09.06.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :– 06526–295021
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
लोहरदगा

PR 353863 Lohardaga (25-26)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

### अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

1. ई0–निविदा संख्या–EE/RDSD/PALAMAU/F2-01 /2025-26

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पलामू जिला के प्रखंड पांकी के पंचायत होटाई के ग्राम होईयां में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 2. | पलामू जिला प्रखंड पांकी के पनंचायत होटाई के ग्राम होईया के परिहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 3 | पलामू जिला प्रखंड पांकी के पंचायत रतनपुर के ग्राम बाघमारी के आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 4 | पलामू जिला प्रखंड पांकी के पंचायत रतनपुर के ग्राम आगाध में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 5 | पलामू जिला प्रखंड पांकी के पंचायत केकरगढ़ के ग्राम मांतग परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 6 | पलामू जिला प्रखंड सतबरवा के पंचायत रबदा के ग्राम फुलवरिया में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 7. | पलामू जिला प्रखंड सतबरवा के पंचायत रबदा के ग्राम सलईया में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 8 | पलामू जिला प्रखंड नावा बाजार के पंचायत कण्डा के ग्राम कोरटा के कोकरसा में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 9 | पलामू जिला प्रखंड उंटारी रोड के पंचायत लुम्बा सतबहिनी के ग्राम गवरलेटवा में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 10 | पलामू जिला प्रखंड विश्रामपुर के पंचायत धासीदाग के ग्राम धतर में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 11 | पलामू जिला प्रखंड प्रखंड नावा बाजार के पंचायत सिंजो के ग्राम मगही पिपरहवा टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 12 | पलामू जिला प्रखंड पाण्डू के पंचायत सिलदिली के ग्राम बरवाही में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 13 | पलामू जिला प्रखंड चैनपुर के पंचायत बसरिया कला के ग्राम कुई में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 14 | पलामू जिला के प्रखंड चैनपुर में पंचायत बसरिया कला के ग्राम खैरहा में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 15 | पलामू जिला के प्रखंड रामगढ़ के पंचायत बासडीह खूर्द के ग्राम असनदहा टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 16 | पलामू जिला के प्रखंड चैनपुर के पंचायत करसों के ग्राम कोरवा टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 17 | पलामू जिला के प्रखंड चैनपुर के पंचायत करसों के ग्राम लम्बाईया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 18 | पलामू जिला के प्रखंड चैनपुर के पंचायत करसों के ग्राम पचलेवा कोरवा टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 19 | पलामू जिला के प्रखंड चैनपुर के पंचायत कंकारी के ग्राम अजलतुआ असुर टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 20 | पलामू जिला के प्रखंड चैनपुर के पंचायत सेमरा के ग्राम बलहिया, परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 21 | पलामू जिला के प्रखंड चैनुपुर के पंचायत बोड़ी के ग्राम चटान टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 22 | पलामू जिला के प्रखंड हुसैनबाद के पंचायत महुडण्ड के ग्राम लोहबन्धा में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 23 | पलामू जिला के प्रखंड हुसैनाबाद के पंचायत महडण्ड के गाम खुरदागा परकिहया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 24 | पलामू जिला के प्रखंड हुसैनाबाद के पंयायत महुडण्ड के ग्राम प्रतापपुर बैगा टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 25 | पलामू जिला के प्रखंड हुसैनाबाद के पंचायत महुडंण्ड के ग्राम लपसेरा, परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 26 | पलामू जिला के प्रखंड हुसैनाबाद के पंचायत महुडण्ड के ग्राम पोखराहा, परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 27 | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत हुलसम के ग्राम बसंतपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 28 | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत हुलसम के ग्राम चिपों में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 29 | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत हुलसम के ग्राम रजडेरवा में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 30 | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत चिरू के ग्राम टोला भलुही में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 31 | पलामू जिला के प्रखंड विश्रामपुर के पंचायत घासीदाग के ग्राम धतर धतर घासीदाग –04 में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 32 | पलामू जिला के प्रखंड पांकी के पंचायत होटाई के ग्राम होटाई परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 33 | पलामू जिला के प्रखंड पांकी के पंचायत होटाई के ग्राम होईयो लावाबार में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 34 | पलामू जिला के प्रखंड मेदिनीनगर के पंचायत कौड़ीया के ग्राम चुकरू, परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 35 | पलामू जिला के प्रखंड रामगढ़ के पंचायत नावाडीह के ग्राम सरहुआ, कोरवा, सरहुआ में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **06.06.2026** (2:00 अपराह्न से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **06.06.2025** ( **अपराह्न 2:00 बजे से** दिनांक **14.06..2025** को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **16.06.2025** अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,पलामू

PR 353887 District(25-26).D

## कैरो के मुस्लिम मोहल्ले में पानी की भारी किल्लत

# महीनों से खराब पड़ा है एकमात्र चापाकल

**नवीन मेल संवाददाता**



**कैरो / लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुस्लिम मोहल्ले के दर्जनों परिवार इन दिनों भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं। मोहल्ले में स्थित एकमात्र सरकारी चापाकल विगत कई महीनों से खराब पड़ा हुआ है, जिससे स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। स्थिति यह है कि लोगों को अपनी दैनिक जल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए दूसरे मोहल्लों का रुख करना पड़ रहा है, जो खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए अत्यंत कठिन हो गया है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि यह चापाकल वर्षों से दर्जनों घरों के लिए एकमात्र जल स्रोत रहा है, लेकिन अब इसके खराब हो जाने से पूरी आबादी को पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि कई बार विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में सूचना दी गई, लेकिन अब तक मरम्मती का कोई प्रयास नहीं किया गया है। चापाकल में जंग लगने लगा है, जिससे इसकी स्थिति और बिगड़ती जा रही है।

मोहल्लेवासियों की मांग है कि जल्द से जल्द चापाकल की मरम्मती कराई जाए, ताकि उन्हें इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके। उन्होंने संबंधित विभाग से आग्रह किया है कि जनस्वास्थ्य से जुड़ी इस मूलभूत समस्या पर तत्काल संज्ञान लें और समाधान सुनिश्चित करें। यह मामला स्थानीय प्रशासन और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के लिए जागरूकता और संवेदनशीलता की परीक्षा बन गया है। देखना यह होगा कि कब तक लोगों की प्यास बुझाने की दिशा में ठोस कार्रवाई होती है।

# डीसी डॉ. कुमार ताराचंद का जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिले में नवपदस्थापित उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद के आगमन पर जिले में उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है। जिले के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और प्रशासनिक अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला प्रमुख, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, अधिवक्ता संघ, टाना भगत समुदाय का प्रतिनिधिमंडल, तथा जिले के प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. ताराचंद को गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया और जिले की प्राथमिकताओं व चुनौतियों से अवगत कराया। जनप्रतिनिधियों ने विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान और पारदर्शी प्रशासन की अपेक्षाएं साझा कीं। इस दौरान आपसी समन्वय और सहयोग के साथ जिले को आगे बढ़ाने की सामूहिक प्रतिबद्धता भी नजर आई। उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा, "लोहरदगा की सेवा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। जनहित सर्वोपरि रहेगा और विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रशासन पूरी निष्ठा से कार्य करेगा।" उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी वर्गों से संवाद बनाकर प्रशासनिक कार्यों में गति लाई जाएगी और शासन को जनता के अधिक करीब लाया जाएगा। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नए उपायुक्त के कार्यकाल में जिले को प्रशासनिक स्थिरता और विकास की नई दिशा मिलेगी। लोहरदगा में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की यह सकारात्मक मुलाकात जिले के विकास की नई राह का संकेत देती है।

## कालीकरण के उपर पीसीसी का ग्रामीणों ने किया विरोध, उपायुक्त से की शिकायत



**भंडरा।** भंडरा के चट्टी नगजुआ मुख्य सड़क पर बड़ागाई मोड़ से बड़ागाई नदी पुल तक कालीकरण सड़क के उपर पीसीसी निर्माण का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने शुक्रवार को काम रोक दिया। साथ ही इसकी शिकायत उपायुक्त से करते हुए प्राक्कलन के अनुरुप कालीकरण सड़क निर्माण कराने की मांग की। इस संदर्भ में बड़ागाई पंचायत मुखिया कैली उरांव ने कहा कि बड़ागाई मोड़ से कूंदो तक वर्षों से कालीकरण सड़क है। उक्त सड़क किनारे छिटपुट घर हैं। घनी आबादी भी नहीं है। इसके बावजूद आरईओ से आवंटित उक्त सड़क मरम्मती योजना के तहत संवेदक द्वारा कालीकरण के उपर पीसीसी करने का प्रयास किया जा रहा है। जो किसी भी स्थिति में मान्य नहीं है। जहां कालीकरण सड़क है। इसके उपर कालीकरण सड़क ही होना चाहिये। ग्रामीणों ने बताया कि पीसीसी के लिये गिराया गया बालू भी काफी घटिया और मिट्टी युक्त है। ग्रामीणों ने इसका पुरजोर विरोध किया है।

## न्यूज बॉक्स

### लोहरदगा में किसानों को कृषि, तकनीक पशुपालन की जानकारियां दी गई



**लोहरदगा।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत बड़की चांपि में बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से डॉ हेमंत कुमार पांडेय(वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं हेड केवीके लोहरदगा), कौशिक चटर्जी(फार्म प्रबंधक केवीके लोहरदगा), पंकज कुमार सिंह (केवीके लोहरदगा), यंग प्रोफेशनल आईसीआर मनीष कुमार(भाकृअप)रांची, कुडू प्रखंड प्रमुख मुनी देवी, बड़की चाँपि पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी, अग्रणी किसान सह चंदलासो पंचायत के उप मुखिया अखिलेश सिंह, एटीएम कुडू आभा प्रियंका कच्छप, स्थानीय पत्रकार नंदलाल तिवारी, जनसेवक चंद्रनाथ साहू,पंचायत सचिव जितबाहन उराँव, स्वयंसेवक ओमप्रकाश प्रजापति, कृषक मित्र श्याम सुंदर प्रजापति उपस्थित थे। इस मौके पर वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ हेमंत कुमार पांडेय ने उपस्थित किसानों को कृषि, तकनीक,पशुपालन से सम्बंधित बहुत महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस मौके पर उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि,फसल का बीमा कराने, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, मिट्टी जांच कराने,मुर्गी एवं बकरी का टीकाकरण के बारे में विस्तृत जानकारिया दी। इस मौके पर कुडू प्रखंड प्रमुख मुनी देवी ने किसानों को अच्छे,तकनीक से खेती करने, समय से खेती करने के बारे में बताई।इस मौके पर बड़की चाँपि पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी ने किसानों को ससमय मौसम के अनुकूल खेती करने, खेती किसानी से होनेवाले लाभो, मौसमी खेती, प्रकीर्तिक खेती के बारे में जानकारिया दी। इस मौके पर मिथलेश प्रजापति, राहुल साहू, रोहित साहू, रामदास यादव, कमल ठाकुर, रामुंदर भगत, बैजनाथ महतो, रामचंद्र पाहन, गेंदरा उरांव, बुधन उराईन, रामनरेश महतो, चरण भगत, मुकुंद प्रजापति सहित कई किसान उपस्थित थे।

### बिहार अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन नियुक्त हुए मौलाना गुलाम रसूल बलयावी



**लोहरदगा।** कुरैश कॉन्फ्रेंस (रजि०) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोहरदगा जिला निवासी हाजी मोहम्मद अफसर कुरैशी ने इदारा ए शरिया के अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सदस्य मौलाना गुलाम रसूल बलयावी को बिहार अल्पसंख्यक आयोग का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर मुबारक दी है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि हजरत मौलाना गुलाम रसूल बलयावी के नेतृत्व में बिहार में अल्पसंख्यकों के ज्वलंत मुद्दों का समाधान किया जाएगा। अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक विकास, सामाजिक विकास, राजनीतिक विकास और आर्थिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मौलाना के नेतृत्व में इदारा ए शरिया द्वारा बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में सम्मेलन आयोजित कर जिस तरह से जनता, खासकर मुसलमानों में जागरूकता पैदा करने का जो प्रयास किया गया, वह काफी सराहनीय है। तहरीक ए बेदारी सम्मेलन के माध्यम से मुसलमानों को दहेज के अभिशाप, समाज सुधार, शिक्षा पर जोर आदि के प्रति जागरूक किया गया।

### बाप-बेटी की जोड़ी नेशनल सिलंबम मास्टर ट्रेनिंग कैंप में लिया हिस्सा



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला सिलंबम एसोसिएशन के सचिव सह झारखंड सिलंबम एसोसिएशन के सह सचिव श्रवण साहू एवं उनकी बेटी ऐश्वर्या साहू ने तमिलनाडु के कन्याकुमारी स्थित सी.एस.आई. ऑडिटोरियम में आयोजित नेशनल सिलंबम मास्टर ट्रेनिंग कैंप में भाग लिया है। यह विशेष प्रशिक्षण शिविर 5 दिनों तक चलेगा, जिसमें पूरे देश के लगभग 500 प्रशिक्षक शामिल हुए हैं। यह कार्यक्रम वर्ल्ड सिलंबम फेडरेशन के अध्यक्ष ग्रैंड मास्टर सिलवा के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है, जो स्वयं प्रतिभागियों को गहन तकनीकी और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। इस दौरान श्रवण साहू तलवारबाजी, जबकि ऐश्वर्या साहू भाला प्रशिक्षण में विशेष रूप से भाग ले रही हैं। यह पिता पुत्री की जोड़ी जिले में खेल के प्रति समर्पण और परिवारिक सहयोग का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरी है। शिविर के पश्चात सभी प्रशिक्षक अपने-अपने जिलों और राज्यों में सिलंबम खेल को बढ़ावा देंगे, ताकि आने वाली राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप—विशेषकर खेलो इंडिया जैसी प्रतियोगिताओं-में खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें और राज्य व देश का नाम रोशन कर सकें।

## लोहरदगा सदर थाना का एसपी सादिक अनवर रिजवी ने किया निरीक्षण

# एसपी ने जनहित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिले के नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने शुक्रवार को सदर थाना का औचक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की। 2014 बैच के आईपीएस अधिकारी रिजवी ने दो दिन पहले ही लोहरदगा एसपी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है और पदभार संभालने के तुरंत बाद फील्ड में उतरकर उन्होंने सक्रियता का परिचय दिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर के मालखाना, कम्प्यूटर कक्ष, स्टेशन डायरी, स्वागत कक्ष सहित निर्माणाधीन अनुसूचित जाति-जनजाति थाना भवन का स्थलीय भ्रमण किया। उन्होंने दस्तावेजों के रख-रखाव, साफ-सफाई, संसाधनों की उपलब्धता और स्टाफ की कार्य प्रणाली का सूक्ष्म अवलोकन किया। निरीक्षण उपरांत एसपी सादिक अनवर रिजवी ने कहा, "पुलिसिंग में पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आम लोगों का भरोसा तभी मजबूत होगा जब हम अपनी व्यवस्था को अनुशासित और जनोन्मुखी बनाएंगे। थानों को जवाबदेह बनाना और आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करना मेरी प्राथमिक योजनाओं में शामिल है। "एसपी ने कहा कि थाना स्तर पर बेहतर व्यवस्था, त्वरित कार्रवाई और जनता से सम्मानजनक व्यवहार ही पुलिस की छवि को मजबूत करते हैं। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें और जनता को त्वरित न्याय सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान पुलिस निरीक्षक सह सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। एसपी ने अधिकारियों से फीडबैक लिया और निर्देश दिया कि थाना परिसर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और नागरिक अनुकूल बनाए रखने के प्रयास लगातार जारी रहने चाहिए। एसपी सादिक अनवर रिजवी की यह शुरुआती पहल न केवल उनके कार्यशैली की झलक देती है, बल्कि जिले में सुदृढ़ और जनोन्मुखी पुलिसिंग की उम्मीदें भी जगाती है।

# वज्रपात से किसान की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड क्षेत्र के चिरी पंचायत के कड़ाक गांव में दोपहर में हुए अचानक वज्रपात से खेत में काम कर रहे कड़ाक गांव निवासी जतरू उरांव पिता स्वर्गीय दुखा उराँव उम्र लगभग 47 साल का वज्रपात के चपेट में आने से मृत्यु हो गई। उनके परिवार के सामने दुख का पहाड़ टूट गया। उक्त आशय की जानकारी चिरी पंचायत के मुखिया रामेश्वर लोहरा ने दी।

## विश्व हिंदू परिषद का शौर्य प्रशिक्षण वर्ग जारी, हर दिन नए आयाम सीख रहे युवा

# त्याग व सहनशीलता की प्रतिमूर्ति हैं श्रीराम : बीरेंद्र

- महापुरुषों की त्याग से हमे प्रेरणा लेने की जरूरत : क्षेत्र संगठन मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** प्रांतीय संगठन के निर्देश पर 27 मई से विश्व हिंदू परिषद लोहरदगा द्वारा स्थानीय शीला देवी सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल परिषर में विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल का ग्यारह दिवसीय संयुक्त प्रान्त स्तर का शौर्य प्रशिक्षण वर्ग आरम्भ हो चुका है। जिसमे विश्व हिंदू परिषद के 75 कार्यकर्ता तथा बजरंग दल के 300 बजरंगी शौर्य प्रशिक्षण ले रहे हैं। विश्व हिन्दू परिषद शौर्य प्रशिक्षण के शुभारंभ में क्षेत्रीय मंत्री बीरेंद्र प्रसाद जी ने कहा कि हमे हमारे भगवान के राम का चरित्र से प्रेरणा लेने की ज़रूरत है, क्योंकि जब पूरा संसार जान रहा था कि अयोधया के राजा दशरथ अपने बड़े पुत्र श्रीराम का राज्याभिषेक की घोषणा कर दी थी, परन्तु समय चक्र बदलते देर नही लगी और अपने पिता यानि राजा दशरथ के दिये हुए वचन का पालन करने हेतु 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किये तथा अपने भाई भरत को राजगद्दी सौप दी। वही छोटे भाई भरत ने भी बड़े भाई की चरण पादुका राजगद्दी में रखकर श्रीराम की तरह जमीन में सोकर पूरा 14 वर्ष एक आज्ञाकारी सैनिक की तरह राज्य को चलाया और पुनःभगवान राम का वनवास से लौटने के बाद राजगद्दी सौप दी। जबकि वनवास के दौरान अनेकों विधर्मी, दुष्टों का संहार कर भगवान राम ने सम्पूर्ण संसार को इनकी अत्याचार से छुटकारा दिलवाया और बिना किसी लोभ लालच के कृश्किन्धा में सुग्रीव तथा श्रीलंका का राजा विभीषण को राजा बनाकर वहां का राज काज सौप दिया जबकि भगवान राम चाहते तो इब सभी को अपने राज्य में मिला सकते थे। जबकि क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने बौद्धिक वर्ग को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी को महापुरुषों की कार्यों को जानने तथा उनसे प्रेरणा लेकर उनकी प्रेरणादायी कार्यों का आलिंगन करने की ज़रूरत है। प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य चरित्र निर्माण तथा धर्म रक्षा हेतु शारिरिक सौष्ठव एवं बौद्धिक क्षमता बढ़ाना है। वर्ग में प्रशिक्षक के रूप में विहिप् क्षेत्र धर्म प्रसार प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा, प्रान्त संगठन मंत्री देवी सिंह जी, प्रान्त धर्माचार्य सम्पर्क प्रमुख युगल प्रसाद, बजरंग दल प्रान्त संयोजक रंगनाथ महतो, प्रान्त मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, सत्संग टोली प्रान्त सदस्य सह वर्गाधिकारी बलदेव आचार्य, धनबाद महानगर अध्यक्ष सह वर्ग मुख्य शिक्षक द्वारिका प्रसाद, विभाग प्रचारक कुलदीप सिंह, हजारीबाग संगठन मंत्री कुलेश्वर जी शामिल हैं। जबकि पूरे वर्ग को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने हेतु लोहरदगा ज़िला विहिप् अध्यक्ष एवं वर्ग व्यवस्था प्रमुख रितेश कुमार, ज़िला मंत्री सह व्यवस्था प्रमुख रंजीत कुमार, ज़िला संगठन मंत्री कार्तिक जी के साथ साथ सुनील अग्रवाल,हिमांशु कुमार, आशुतोष पाठक, नितिन कांषयकर, अंकित गुप्ता, प्रशांत खत्री, गुमला लोहरदगा ज़िला अनेको सनातन व्यापारी बन्धु तथा समाजसेवियों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

### चुन्द व नगड़ा गांव की महिलाओं ने की जनी शिकार कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा।** 12 वर्ष में होनेवाला जनी शिकार कार्यक्रम शुक्रवार को ग्राम हिरही सदर प्रखंड अंतर्गत 7 पड़हा द्वारा पड़हा ग्राम चून्द और पड़हा ग्राम नगड़ा के जनी शिकार टीम द्वारा जनी शिकार खेलने के लिए आमन्त्रित किया गया था। दोनों गांव के जनी शिकार दलों का जुटान ग्राम हिरही में हुआ। इसका स्वागत हिरही गांव के आयोजककर्ता ने सभी दलों को आदिवासी समुदाय रीति-रिवाज पराम्परा ढंग से स्थानीय पहान, महतो और पूजार द्वारा स्वागत एंव सम्मानित किया गया। यह त्योहार उराँव महिलाओं द्वारा उराँव साम्राज्य,रोहतास गढ़ को बचाने के लिए अतिक्रमण मुगल सेना को दो बार लड़ाई कर विजय प्राप्त कर इसके उपलक्ष्य में जनी शिकार मनाया जाता है। यह त्योंहार की तरह हर 12 साल में मार्च या जून के महीनों के बीच किसी वसंत के दिन, झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के कुछ हिस्सों की बस्तियों (और अब तो कस्बों और शहरों में भी) की आदिवासी महिलाएँ सुबह-सुबह उठती हैं। वे अपने परिवार के सदस्यों से उधार लिए गए पुरुषों के कपड़े पहनती हैं और भाले, कुल्हाड़ी और धनुष-बाण लेकर अपने घरों से बाहर निकलती हैं। वे स्थानीय अखरा में इकट्ठा होती हैं, जो सामाजिक और धार्मिक समारोहों के लिए एक जगह है, और उन्हें पाहन, एक धार्मिक प्रमुख द्वारा आशीर्वाद दिया जाता है।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर संगोष्ठी में बोले सुदर्शन भगत

# पीएम उनके पदचिन्हों पर चलकर कर रहे राष्ट्र निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** भाजपा की ओर से मेवाड़ की रानी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती सप्ताह के अवसर पर गुदरी बाजार स्थित खेमराज स्मृति भवन में एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने की। मुख्य वक्ता के रूप में लोहरदगा के पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और योगदान पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि वे मराठा साम्राज्य की एक न्यायप्रिय, धार्मिक, सामाजिक एवं विकासशील शासिका थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उन्हें प्रेरणा स्रोत मानते हुए उनके पदचिन्हों पर चलकर देश को विकास पथ पर अग्रसर कर रहे हैं। सुदर्शन भगत ने बताया कि अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौड़ी गांव में हुआ था। वे 18वीं शताब्दी की महान समाज सुधारक थीं, जिन्होंने केवल अपने राज्य में ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारतवर्ष में मंदिर, घाट, तालाब, प्याऊ, सड़कों का निर्माण कर समाजसेवा और धर्म-सेवा की मिसाल पेश की।कार्यक्रम में कृपा शंकर सिंह (पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, बनवासी कल्याण केंद्र), श्री चंद प्रजापति, राजकिशोर महतो सहित कई वक्ताओं ने विचार रखे। संगोष्ठी का संचालन पशुपति नाथ पारस ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक अजय पंकज ने किया। कार्यक्रम में सामेला भगत, राकेश प्रसाद, चंद्रशेखर अग्रवाल, संजय वर्मन, लक्ष्मी नारायण भगत, संगीत कुमारी, नवीन कुमार टिंकू, बालकृष्ण सिंह, राजकुमार वर्मा, दीपक सराफ, अरविंद पाठक, सुरेश बैठा, सरोज प्रजापति, राजेश महतो, अशोक कांस्यकार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सशक्त नेतृत्व की प्रतिमूर्ति थीं : ओम सिंह

वरिष्ठ भाजपा नेता ओम सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई केवल धार्मिक और सामाजिक रूप से नहीं, बल्कि सैन्य दृष्टिकोण से भी सशक्त थीं। उनके शासन में शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य हुए, जो समकालीन सुशासन का आदर्श उदाहरण हैं।

### महिला सशक्तिकरण की प्रतीक : सुनीता सिंह

भाजपा जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर नारी सशक्तिकरण की अद्वितीय मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि जब राजा के बेटे की जगह बहू को उत्तराधिकारी बनाया गया, तब यह सिद्ध हुआ कि योग्यता और नेतृत्व किसी लिंग का मोहताज नहीं होता। उन्होंने भाजपा की ओर से ऐसे महान विभूतियों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प की बात कही।

---

**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।**

अनुमति वाद संख्या–106/2025

**आम इस्तेहार**

आवेदक मो0 जियाउल्लाह वो मो0 मीन्न तुल्लाह वो समी उल्लाह वो सैफुल्लाह चारो के पिता–स्व0 मो0 नेजामुद्दीन सभी निवासी ग्राम–इटके, पो0–बारीखाप, थाना–बारियातु, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 45 | 5 | 0.1526 |
| | | 81 | 0.0433 |
| | | 167 | 0.0433 |
| | | 191 | 0.1017 |
| | | 197 | 0.0834 |
| | | 17 | 0.4233 |
| | | 265 | 0.1100 |
| | | 53 | 0.1733 |
| | | 41 | 0.1333 |
| | | 190 | 0.4133 |
| | | 192 | 0.0466 |
| | | 30 | 0.7199 |
| | | 189 | 0.0167 |
| | | 130 | 0.2033 |
| | | कुल:– | 2.6640 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा,
लातेहार।

PR 353868 District(25-26)D

---

**न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

अनुमति वाद संख्या–109/2025

**आम इस्तेहार**

आवेदक मो0 अख्तर वो मो0 जिलानी वो मो0 भौकत अलि वो मो0 नेसार वो मो0 नौसाद आलम वो नुमान सभी के पिता–स्व0 मो0 नईम उद्दीन सभी निवासी ग्राम– इटके, पो0–बारीखाप, थाना–बारियातु, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 45 | 127 | 0.3201 |
| | | 136 | 0.2287 |
| | | 231 | 0.0316 |
| | | 199 | 0.0316 |
| | | 201 | 0.0401 |
| | | 104 | 0.5086 |
| | | 637 | 0.1687 |
| | | 639 | 0.1401 |
| | | 641 | 0.0230 |
| | | 512 | 0.0316 |
| | | 106 | 0.2030 |
| | | 147 | 0.0771 |
| | | 646 | 0.0686 |
| | | 385/663 | 0.1944 |
| | | कुल:– | 2.0672 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR.NO.353871 District(25-26):D

---

**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

अनुमति वाद संख्या–107/2025

**आम इस्तेहार**

आवेदक मो0 जियाउल्लाह वो मो0 मीन्न तुल्लाह वो समी उल्लाह वो सैफुल्लाह चारो के पिता–स्व0 मो0 नेजामुद्दीन सभी निवासी ग्राम–इटके, पो0–बारीखाप, थाना–बारियातु, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 45 | 486 | 0.1200 |
| | | 513 | 0.1433 |
| | | 381 | 0.0700 |
| | | 383 | 0.2934 |
| | | 445 | 0.1534 |
| | | 642 | 0.0494 |
| | | 643 | 0.0567 |
| | | 474 | 0.1900 |
| | | 476 | 0.1800 |
| | | 361 | 0.7767 |
| | | 268 | 0.0968 |
| | | 278 | 0.0433 |
| | | 644 | 0.0700 |
| | | 279 | 0.0467 |
| | | 504 | 0.0268 |
| | | 505 | 0.1467 |
| | | 514 | 0.1634 |
| | | कुल:– | 2.6266 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 353870 (District)25-26*D

# ऑटो पलटने से मां-बेटे की मौत, चार घायल

● शादी से पहले युवक ने चलाने दिया था वाहन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** महुआटांड़ थाना क्षेत्र के सोहर पाठ में एक दर्दनाक हादसे में मां और उसके पांच वर्षीय बेटे की मौत हो गई, जबकि ऑटो में सवार चार अन्य लोग घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब एक खराब ऑटो को रस्सी के सहारे खींचकर बाजार ले जाया जा रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार चांपी पाठ निवासी सरिता देवी अपने पांच वर्षीय पुत्र आर्यन उरांव सहित कुल पांच लोग ऑटो से महुआटांड़ बाजार जा रहे थे। रास्ते में ऑटो खराब हो गया, जिसके बाद दूसरा ऑटो रस्सी से बांधकर उसे खींचते हुए आगे बढ़ा। सोहर पाठ के समीप असंतुलन होने पर ऑटो पलट गया। हादसे में सरिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि मासूम आर्यन की मौके पर ही मौत हो गई। सभी घायलों को तत्काल बिशुनपुर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। सरिता देवी की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। बताया गया कि जिस ऑटो से हादसा हुआ, वह एक युवक का था जिसकी जल्द ही शादी होने वाली थी। इसी कारण उसने ऑटो चलाने के लिए किसी अन्य व्यक्ति को सौंप रखा था। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। इस हादसे ने क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## नशे में धुत मोटरसाइकिल सवार ने ऑटो को मारी टक्कर, छह लोग हुए घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा के समीप गुरुवार देर शाम 8:30 बजे एक टेम्पो और मोटरसाइकिल के बीच हुई भीषण टक्कर में छह लोग घायल हो गए। घायलों में एक 2 महीने की बच्ची भी शामिल है। घटना उस वक्त हुई जब चैनपुर साप्ताहिक बाजार से चितरपुर गांव लौट रहे एक टेम्पो को विपरीत दिशा से आ रही एक मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मोटरसाइकिल चालक 18 वर्षीय रोहन एक्का नशे की हालत में था और उसने सीधे टेम्पो में टक्कर मार दी, जिससे टेम्पो सड़क किनारे जा पलटा। इस हादसे में टेम्पो में सवार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों की पहचान स्वाति तिर्की (15), संजना तिर्की (18), बीबीयानी एक्का (40), मेरी कुजूर (65), सोनम तिर्की (2 महीने) और रामू कोरवाइन (60) के रूप में हुई है। मोटरसाइकिल चालक रोहन एक्का भी इस दुर्घटना में घायल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉ. धर्मनाथ ठाकुर ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। गंभीर रूप से घायल संजना तिर्की, बीबीयानी एक्का, मेरी कुजूर, सोनम तिर्की और रोहन एक्का को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर चैनपुर थाना के एसआई दिनेश कुमार और जवान तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने लोगों से अपील की है कि वे नशे की हालत में वाहन न चलाएं और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें। उन्होंने हेलमेट के प्रयोग पर भी जोर दिया।

## सड़क दुर्घटना में युवक की हुई दर्दनाक मौत



**सिसई (गुमला)।** सिसई थाना क्षेत्र के भदौली महुआटोली निवासी जयनाथ उरांव के 32 वर्षीय पुत्र कार्तिक उरांव की एन एच 23 गुमला रांची फोरलेन महुआडीपा ओवरब्रिज के पास सड़क दुर्घटना हो गई। जिससे कार्तिक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। यह घटना गुरुवार रात्रि के लगभग 8:30 से 9 बजे के बीच की है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि कार्तिक उरांव नशे की हालत में था। व तेज गति से बाईक चला रहा था। वह रात को अपने दोस्तों को महुआडीपा छोड़ने के लिए आया था। वापस घर लौटने के दौरान डिवाइडर से उसकी बाईक टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त रहा कि कार्तिक 5 फीट ऊपर हवा में उड़ गया और डिवाइडर पर लगे बिजली के खम्भे से जा टकराया एवं सड़क पर गिर गया जिससे उसके माथे पर गंभीर चोट लगी। इसके कारण घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा सिसई थाना को घटना की सूचना दी गई। सिसई पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पहुंची और शव को अपने क जे में लेकर एम्बुलेंस से रात में रेफरल अस्पताल लेकर आई। शुक्रवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया। इस घटना से पूरा भदौली गांव मर्माहत है, क्योंकि इसी माह 24 मई 2025 को उसकी शादी हुई थी। कार्तिक की दुर्घटनावश अचानक मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## तेज रफ्तार स्कूटी डिवाइडर से टकराई, पिता-पुत्र सहित 3 घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर शुक्रवार शाम भरनो थाना क्षेत्र के जुरा खटवाटोली मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में स्कूटी चालक एतवा उरांव (30), उसका 12 वर्षीय पुत्र रूपेश उरांव और अजीत लकड़ा (30) गंभीर रूप से घायल हो गए।

तीनों घायल सिसई थाना क्षेत्र के महुवाडीपा गुरुगांव के रहने वाले हैं। हादसे के बाद तीनों सड़क पर तड़पते रहे, लेकिन स्थानीय समाजसेवी सुधीर ओहदार और उनके साथी अरविंद सिंह ने मानवीय पहल करते हुए तुरंत अपनी फॉर्च्यूनर से दो घायलों को भरनो अस्पताल पहुंचाया। तीसरे घायल को सुपा टू गांव के आकाश लकड़ा ने अपनी कार से अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एतवा उरांव गांव में राजमिस्त्री का कार्य करता है और अजीत लकड़ा मजदूरी करता है। दोनों एक ही स्कूटी पर एतवा के बेटे रूपेश को लेकर कुसुम्बाहा बाजार गए थे। लौटते समय जुरा खटवाटोली मोड़ के पास तेज गति के कारण स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई, जिससे तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। भरनो सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत गंभीर देख उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर भरनो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।

## न्यूज बॉक्स

### डेढ़ दर्जन जलमीनार खराब, कांग्रेस नेताओं ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा



**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत के ग्रामीणों के शिकायत पर पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस नेता गंगा उरांव ने नगर पंचायत के डेढ़ दर्जन खराब पड़े जलमीनार का भौतिक रूप से निरीक्षण किया। जिसमें घोड़तोपा, चरभैया, कटईदामर, लालमाटी पोड़ल टोली, लालमाटी स्कूल टोली, कुसुम टोली, सिसकारी, मेरंगबीरा खाश, मेरंगबीरा नीचे टोली, समाईध, गोन्दरोटोली, नगर खाश बजरंग मंदिर, भंडार टोली, बंगालटोली नगर, एवं गुना टोली इत्यादि गांवों के जलमीनार वर्षो से खराब पड़े हुए हैं। इन जलमीनारों को ठीक कराने के लिए कांग्रेस नेता गंगा उरांव के नेतृत्व में, प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव को एक लिखित आवेदन देकर शीघ्र मरम्मत कराने के लिए कहा गया है। उरांव ने कहा - एक पंचायत के निरीक्षण में डेढ़ दर्जन खराब जलमीनार पाए गए हैं, इससे साफ जाहिर होता है कि बाकी पंचायत का भी यही दुर्दशा होगा। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से कहा कि सभी पंचायतों की जांच कर खराब पड़े जलमीनार एवं चापानल की शीघ्र मरम्मत कराएं जिससे ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात मिल सके। मौके पर, कांग्रेस के पूर्व मंडल अध्यक्ष बिहारी भगत, रामधारी सिंह, जयराम उरांव,करीम अंसारी, द्वारिका साहू अनुज साहू, रविन्द्र उरांव,गंदुर मुंडा, बिशेश्वर मुंडा, मंगलेश्वर उरांव, नंदकिशोर उरांव, कार्तिक नगेशिया, अंकलेश्वर उरांव, बंधु उरांव के अलावे ग्रामीण मौजूद थे।

### आकाशीय बिजली से दो भैंसों की मौत



**बिशुनपुर।** बिशुनपुर प्रखंड के नक्सल प्रभावित कटिया गांव में शुक्रवार की दोपहर अचानक हुई तेज बारिश और आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक ग्रामीण किसान की दो भैंसों की मौत हो गई। मृत भैंसों में से एक गाभिन थी, जिससे किसान की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव के लाला उरांव शुक्रवार सुबह अपनी भैंसों को चराने खेत की ओर ले गए थे। दोपहर में मौसम बिगड़ने पर तेज मूसलाधार बारिश के साथ बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आकर उनकी दोनों भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई। लाला उरांव ने बताया कि उनकी जीविकोपार्जन का एकमात्र स्रोत यही भैंसें थीं। अब उनके समक्ष परिवार के भरण-पोषण की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। उन्होंने प्रशासन से अविलंब मुआवजे की मांग की है, ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके।

### गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स ने नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक का किया स्वागत



**गुमला।** गुमला चैंबरऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष राजेश सिंह की अगुवाई में गुमला के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा से औपचारिक भेंट करने उनके कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने एसपी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और गुमला में नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दीं। चेंबर के सचिव बबलू वर्मा ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का परिचय कराया। इसके उपरांत अध्यक्ष राजेश सिंह ने गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यशैली पर प्रकाश डाला और बताया कि किस तरह संस्था जिला व पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर व्यापारियों एवं आम नागरिकों से जुड़ी समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य करती है। भेंट के दौरान गुमला नगर की प्रमुख समस्याओं पर भी चर्चा हुई। एसपी ने समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान हेतु सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही यह भी सहमति बनी कि निकट भविष्य में चैंबर की पूरी टीम के साथ एक विस्तृत बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें गुमला के ज्वलंत मुद्दों पर संवाद कर सकारात्मक पहल की जाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, सचिव बबलू वर्मा, सह-सचिव प्रणय साहू, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष पदम साबु, दिनेश अग्रवाल और पंकज खंडेलवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### अंडमान निकोबार से दो किशोरियों का रेस्क्यू गुमला प्रशासन ने दिलाया सुरक्षित वापसी

**गुमला।** गुमला जिला प्रशासन और अंडमान-निकोबार प्रशासन के संयुक्त प्रयास से गुमला की दो किशोरियों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर सुरक्षित गुमला लाया गया। यह सराहनीय कार्रवाई शुक्रवार को पूरी की गई, जिसमें एक किशोरी की उम्र लगभग 20 वर्ष और दूसरी की उम्र 15 वर्ष है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 में एक किशोरी को परिजनों द्वारा अंडमान ले जाया गया था, जहां उसे स्थानीय कामों में संलग्न कर दिया गया। वहीं, वर्ष 2024 में दूसरी किशोरी को पढ़ाई और देखभाल के बहाने निकोबार ले जाया गया, लेकिन वहां उसे एक फैक्ट्री में काम करने पर मजबूर किया गया। बाद में दोनों किशोरियों को अंडमान निकोबार के जिला बाल संरक्षण तंत्र द्वारा संरक्षण में लेकर बालिका गृह में रखा गया। गुमला के जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी श्री अमर कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित परिवारों की पहचान की और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बाल कल्याण समिति, अंडमान निकोबार के समक्ष परिवारों की उपस्थिति सुनिश्चित करवाई।

### एनडीआरएफ ने चैनपुर में प्राकृतिक आपदा जागरूकता शिविर का आयोजन किया



**चैनपुर।** प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एनडीआरएफ ने शुक्रवार को चैनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को एक व्यापक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। पटना से आई एनडीआरएफ की टीम ने ग्रामीणों को विभिन्न आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण तकनीकें सिखाईं। शिविर के दौरान, एनडीआरएफ टीम ने सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को बचाने के तरीके प्रदर्शित किए। उन्होंने विशेष रूप से दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जहां एंबुलेंस की पहुंच मुश्किल होती है, आपातकालीन अस्थायी स्ट्रेचर बनाने की विधि का प्रदर्शन किया, ताकि मरीजों को सुरक्षित रूप से अस्पताल पहुंचाया जा सके।इसके अतिरिक्त, टीम ने पानी में डूबे हुए व्यक्तियों को बचाने के लिए तात्कालिक राफ्ट बनाने का तरीका सिखाया और रक्तस्राव को नियंत्रित करने के लिए चार महत्वपूर्ण तरीके बताए। सांप काटने की स्थिति में बचाव और प्राथमिक उपचार के तरीकों पर भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। एनडीआरएफ टीम कमांडर हेमंत कुमार तिवारी ने जोर देकर कहा कि इन तकनीकों को सीखने और उनका अभ्यास करने से व्यक्ति आपातकालीन स्थितियों में न केवल अपने परिवार की सुरक्षा कर सकते हैं, बल्कि दूसरों के जीवन को बचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।इस महत्वपूर्ण जागरूकता शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, अंचला अधिकारी दिनेश कुमार गुप्ता, सहित प्रखंड एवं अंचल कर्मी तथा एनडीआरएफ कर्मी कांस्टेबल दीपक कुमार, रितेश कुमार, अश्वनी कुमार, राजीव कुमार, और कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## गुमला के 9 पंचायतों में विकसित कृषि संकल्प अभियान का सफल आयोजन

# 1150 से अधिक किसानों ने लिया भाग

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला (विकास भारती, बिशुनपुर) के तत्वावधान में घाघरा प्रखंड के 9 पंचायतों—चपका, चुदरी, नौडीहा, घाघरा, कुर्गाग, आदर, सेहल, सारंगों और देवाकी—में विकसित कृषि संकल्प अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत कृषक संगोष्ठियों का आयोजन कर किसानों को खरीफ फसल की तैयारी हेतु उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे डॉ. संजय कुमार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य किसानों को धान की सीधी बुवाई, लोचदार कृषि प्रभेद, अंतर्वर्ती खेती, फसल विविधीकरण एवं जल संरक्षण जैसे विषयों पर जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि किसान इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं, जिससे उन्हें तकनीक आधारित खेती के जरिए उत्पादन बढ़ाने का मौका मिल रहा है।

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने खरीफ मौसम में उपयोगी उन्नत तकनीकों की जानकारी दी, वहीं कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों ने समेकित कृषि प्रणाली, समेकित रोग एवं कीट प्रबंधन, और मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करने की दिशा में किसानों को प्रशिक्षित किया।

इस कार्यक्रम में संबंधित पंचायतों के जनप्रतिनिधि एवं मुखिया भी सक्रिय रूप से शामिल हुए, जिससे यह अभियान जमीनी स्तर पर प्रभावी साबित हो रहा है। विकसित भारत के निर्माण की दिशा में यह अभियान एक अहम कदम माना जा रहा है।

कृषि विज्ञान केंद्र ने अभियान को व्यवस्थित रूप देने हेतु तीन टीमों का गठन किया, जिनमें प्रत्येक टीम ने तीन-तीन पंचायतों में कार्यक्रम संचालित किया। इन टीमों में कृषि विज्ञान केंद्र, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय एवं आत्मा गुमला के बीटीएम एवं एटीएम शामिल रहे।

पूरे अभियान में लगभग 1150 महिला एवं पुरुष किसानों ने भाग लिया, जो इस कार्यक्रम की व्यापकता और किसानों की जागरूकता को दर्शाता है। यह अभियान आने वाले समय में गुमला के किसानों के लिए कृषि उत्पादन और आजीविका में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## वृद्ध महिला लापता, बेटी ने भरनो थाने में दर्ज कराया सनहा

**भरनो (गुमला)।** भरनो थाना क्षेत्र के गुलैचीटोली गांव की रहने वाली 71 वर्षीय सुसीला बड़ा बीते 28 मई 2025 से लापता हैं। उनकी बेटी ओनीमा बड़ा ने मां की गुमशुदगी को लेकर भरनो थाना में सनहा दर्ज करवाया है और पुलिस से उनकी तलाश की गुहार लगाई है।

## डुमरी में जन शिकायत निवारण दिवस

# 21 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

● बीडीओ ने सुनी फरियादें

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने और प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को डुमरी प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ उमेश कुमार स्वांसी ने की।

जन शिकायत निवारण दिवस के दौरान कुल 21 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 7 जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र से जुड़े मामले, 1 राशन कार्ड में नाम संशोधन, 1 बैंक से जुड़ी शिकायत, 4 लगान अद्यतन, 2 केसीसी संबंधित, 1 पंजी-2 सुधार और 5 पेंशन से जुड़े मामले शामिल थे। बीडीओ श्री स्वांसी ने सभी आवेदकों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी शिकायतें सुनीं और समाधान हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।

यह कार्यक्रम गुमला उपायुक्त के निर्देश पर आयोजित किया गया, जिसके तहत अब प्रत्येक प्रखंड में नियमित रूप से जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय तक ना जाना पड़े। इस पहल को स्थानीय लोगों द्वारा सराहा गया है और इसे प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## 18 वर्षीय युवती ने की आत्महत्या



**गुमला।** गुमला शहर के रिहायशी क्षेत्र घाटो बगीचा में 18 वर्षीय युवती सुष्मिता कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर गुमला थाना के एसआई हिमांशु शेखर दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मे कराकर परिजन को सौंप दिया गया ।युवती ने गमछे से फंदा बनाकर घर की लकड़ी की बल्ली में झूलकर आत्महत्या की। जानकारी के मुताबिक, सुष्मिता अपने छोटे भाई के साथ पिता पवन के पास घाटो बगीचा में रह रही थी। पवन ने पहली पत्नी को सात साल पहले छोड़कर दूसरी शादी कर ली थी। बताया जा रहा है कि सुष्मिता की सौतेली मां से अक्सर झगड़े होते रहते थे।


**न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

**अनुमति वाद संख्या–110/2025**

**आम इस्तेहार**

आवेदक मो0 अख्तर वो मो0 जिलानी वो मो0 शौकत अलि वो मो0 नेसार वो मो0 नौसाद आलम वो नुमान सभी के पिता–स्व0 मो0 नईम उद्दीन सभी निवासी ग्राम–इटके, पो0–बारीखाप, थाना–बारियातु, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 27 | 84 | 0.0372 |
| | | 160 | 0.2601 |
| | 28 | 456 | 0.1115 |
| | 46 | 40 | 0.0115 |
| | 47 | 592 | 0.3086 |
| | 48 | 234 | 0.0643 |
| | 5 | 249 | 0.0715 |
| | 9 | 116 | 0.1657 |
| | | 216 | 0.0300 |
| | | 283 | 0.3615 |
| कुल– | | | 1.4219 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 353873 District(25-26)#D



**न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

अनुमति वाद संख्या–112/2025

**आम इस्तेहार**

आवेदिका पुष्पा देवी पति–भुनेश्वर प्रसाद साहु, ग्राम–चेड़रा, पो0– चेड़रा, थाना– बारियातु, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 6 | 247 | 0.0300 |
| | | 511 | 0.0400 |
| | | 349 | 0.0300 |
| | | 350 | 0.0825 |
| | | 235 | 0.0550 |
| | | 310 | 0.1200 |
| | | 316 | 0.1200 |
| | | 317 | 0.1225 |
| | | कुल– | 0.6000 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 353876 District (25-26)_D


## चैनपुर के बामदा गांव में पारंपरिक पड़हा जतरा का भव्य आयोजन

# रघुवर दास ने सरकार पर साधा निशाना

**नवीन मेल संवाददाता**



### पेसा कानून लागू न होने पर हुई आलोचना

पेसा कानून व राज्य की समस्याओं पर चिंता रघुवर ने पेसा कानून लागू न होने पर भी सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, "अगर सरकार आदिवासियों की हितैषी होती तो आज पेसा कानून हमारे झारखंड में लागू रहता। लेकिन यह झामुमो, कांग्रेस, राजद की ठगबंधन की सरकार ने पूरी राज्य को विकास की गति से उतार दिया है।" उन्होंने झारखंड को वर्तमान में नक्सली आतंक, बलात्कार, अपराध सहित कई तरह की समस्याओं से जूझने वाला राज्य बताया।

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बामदा गांव में शुक्रवार को पारंपरिक पड़हा जतरा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। ढोल-नगाड़ों और मांदर की थाप पर झूमते ग्रामीणों ने पारंपरिक अंदाज में अतिथियों का भव्य स्वागत किया, जिससे समूचे गांव में उत्साह और उमंग का माहौल व्याप्त रहा। स्वागत भाषण निशा भगत ने प्रस्तुत किया, जिन्होंने सभी गणमान्य व्यक्तियों का अभिनंदन किया।रघुवर दास ने वर्तमान सरकार को घेरा पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जनसमूह को संबोधित करते हुए झारखंड की वर्तमान गठबंधन सरकार (झामुमो, कांग्रेस, राजद) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार आदिवासियों को ठगने और उनका शोषण करने में लगी है। दास ने कहा, "झारखंड में आज बांग्लादेशी घुसपैठ, धर्मांतरण और आदिवासियों का शोषण चरम पर है।"उन्होंने अपनी सरकार के कार्यकाल की याद दिलाते हुए कहा, "हमारी सरकार होती तो आज हम सभी विकास की धारा में होते। लेकिन अभी देखा जाए तो आदिवासियों को ठग-फुसलाकर उनका धर्मांतरण कराया जा रहा है और उनकी जमीन-जगह लूटने का काम किया जा रहा है। विकास के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही है।

इस पारंपरिक पड़हा जतरा का आयोजन एक ओर जहां आदिवासी संस्कृति और परंपरा को जीवित रखने का प्रतीक था, वहीं यह राजनीतिक मंच भी बन गया। देवेंद्र उरांव ने कार्यक्रम का संचालन किया। उनके साथ कमलेश उरांव, छोटेलाल उरांव, रामअवतार भगत, अवधेश प्रताप सहदेव, प्रदीप केशरी, शोभा देवी, बुधराम नायक, देवेंद्र लाल उरांव, सतन उरांव, गुलाब साय, गोवर्धन साय, साबिर गोप, रत्न गोप, शोभा देवी, निशा भगत और हनदू भगत सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे। कार्यक्रम में चैनपुर प्रखंड के बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय लोग उपस्थित थे, जिन्होंने रघुवर दास के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

दया ईश्वरानुभूति के लिए आवश्यक है, क्योंकि ईश्वर स्वयं इस गुण से आप्लावित हैं। सहृदय व्यक्ति स्वयं को दूसरों के स्थान पर रख उनकी पीड़ा का अनुभव कर उसे दूर करने का प्रयास कर सकते हैं। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

## पहली बरसात से देश पानी पानी

मानसून अभी-अभी आया है और धीरे-धीरे बढ़ रहा है। हालांकि, इस साल मानसून से पहले की बारिश में ही शहरी भारत में बाढ़ आ गई है, जो हर साल आने वाले बुरे सपनों की याद दिलाती है। मुंबई से लेकर गुवाहाटी और बंगलूरू से लेकर गुरुग्राम तक भारत के शहरों में यह नजारा साफ दिखाई देता है। शहरी भारत में लगभग 150 लोकसभा क्षेत्र हैं और यहां लगभग 55 करोड़ नागरिक रहते हैं। शहरों में भूमि क्षेत्र का तीन फीसदी हिस्सा है और वे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 60 फीसदी से अधिक का योगदान करते हैं। वे आर्थिक गतिशीलता के महत्वपूर्ण प्रवर्तक हैं-चाहे वह वस्तुओं का उत्पादन हो या उपभोग, या सेवाओं और रोजगार का एक बड़ा हिस्सा। शहरी भारत करों में भी एक बड़ा हिस्सा देता है। फिर भी, शहरी भारत को परेशानियों की बाढ़ और कार्रवाई के सूखे का सामना करना पड़ रहा है।भारत की 'सिलिकॉन वैली' बंगलूरू को ही लें। 10 सेंटीमीटर बारिश के बाद बाढ़ ने इसकी गति रोक दी। आईटी पार्क और प्रौद्योगिकी कंपनियों तक पहुंचने के रास्ते जलमग्न हो गए, जिससे कर्मचारियों को घर से काम करने के निर्देश दिए गए। नतीजतन सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। बेसमेंट में फंसे लोगों और कारों को बचाने के लिए नावों और डंपरों की तस्वीरें और टिप्पणियां सामने आईं। नतीजतन, सरकार बेसमेंट में पार्किंग पर प्रतिबंध लगा रही है। भारत की व्यापारिक राजधानी मुंबई में, पश्चिमी उपनगरों में बाढ़ के लिए मशहूर अंधेरी सबवे को बंद कर दिया गया। दक्षिण मुंबई में, शहर को प्रभावित करने वाली प्रणालीगत सुस्ती का प्रतीक बोरा बाजार में आई बाढ़ थी, जहां ठेकेदार जल निकासी की व्यवस्था करना 'भूल गए' थे। स्मार्ट सिटी पुणे में, जो स्टार्टअप का प्रमुख केंद्र और वैश्विक क्षमता केंद्रों का गंतव्य है, आईटी कॉरिडोर और हवाई अड्डे के पास नए आवासों तक पहुंचने की सड़क एक घंटे की बारिश के बाद बाढ़ में डूब गई। वर्ष 2015 के बाद से इस बार सबसे अधिक बारिश वाली गर्मियां रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, जहां त्रिस्तरीय शासन व्यवस्था है-नगर निगम, राज्य और केंद्र और तीनों में एक ही दल का शासन है, हर साल बाढ़ में डूबी रहती है। इस हफ्ते दिल्ली के मोती बाग, दिल्ली छावनी और दीनदयाल उपाध्याय मार्ग जैसे इलाकों में बारिश के कारण नए और पुराने इलाकों में पानी भर गया। इस महीने की शुरुआत में कनॉट प्लेस, सदर बाजार और कमला नगर में कुछ घंटों की बारिश के बाद जलजमाव हो गया था। आश्वासनों के बावजूद, आजाद मार्केट और मिंटो रोड अंडरपास जैसे इलाकों में जीवन और आजीविका जलमग्न हो गई। गुरुग्राम में करोड़ों रुपए की लागत वाले घरों के बेसमेंट में सीवर का पानी घुस गया। आश्चर्य की बात नहीं है कि शहरी भारत हर साल एक तरह की स्थिति जिसमें आपको लगता है कि यह स्थिति पहले भी आ चुकी है और गुस्से की भावना से घिरा रहता है। हर साल उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के शहरी लोगों का बारिश और बाढ़ के कारण जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है और उनकी आय बाधित हो जाती है। तथ्य यह है कि भारत में शहरी विकास आवास और वाणिज्यिक स्थानों का एक अनियोजित अमीबा सरीखा विस्तार है। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की 2021 की एक रिपोर्ट में कहा गया है, 'भारतीय शहरों में बाढ़ जैसी स्थितियों की वजह अनधिकृत निर्माण क्षेत्र है, जो बिना लेआउट बनाए और मंजूरी के हुआ है।'

*शहरों में भूमि क्षेत्र का तीन फीसदी हिस्सा है और वे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 60 फीसदी से अधिक का योगदान करते हैं।*

# 'पद्मश्री' गीतकार महावीर नायक ने झारखंड को गौरवान्वित किया



झारखंड की संपर्क भाषा नागपुरी के जाने-माने गायक - गीतकार महावीर नायक को 27 मई को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने 'पद्मश्री' प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान नागपुरी भाषा साहित्य को जन-जन तक पहुंचाने और उत्कृष्ट गीतों की रचना और बिखरे पड़े लगभग पांच हजार गीतों के संकलन करने वाले महावीर नायक की एकनिष्ठ सघन यात्रा का प्रतिफल है। झारखंड के किसी एक नागपुरी भाषा के गीतकार - गायक को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान राष्ट्रीय स्तर पर मिलता है, तो निश्चित तौर पर झारखंड का मान बढ़ता है। हम सबों को यह जानना चाहिए कि कला साहित्य, शिक्षा, सार्वजनिक मामलों, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान, खेल और उद्योग जैसे विविध क्षेत्रों में असाधारण योगदान देने वाले देश भर के विभिन्न क्षेत्रों के 71 व्यक्तियों को उक्त कार्यक्रम में पद्म पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजित इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह,विदेश मंत्री एस.जयशंकर और अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में झारखंड के महावीर नायक को 'पद्मश्री' सम्मान से सम्मानित किया जाना निश्चित तौर पर बेहद हर्ष और गौरव की बात है। यह मेरा परम सौभाग्य है कि नागपुरी भाषा साहित्य के मुर्धन्य विद्वान स्वर्गीय बी.पी. केसरी के साथ कई बार महावीर नायक से बातचीत करने का अवसर प्राप्त हुआ। बी.पी. केसरी द्वारा पिठोरिया में स्थापित 'नागपुरी भाषा संस्थान' के छोटे से सभागार में निजी तौर पर नागपुरी के गीत भी महावीर नायक से सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित कार्यक्रमों में सीधा महावीर नायक को सुना। महावीर नायक की गायिकी का कोई जवाब नहीं है। वे पूरे मन से गीत लिखते हैं। और पूरे मन से गीत गाते भी हैं। उनके गीत सीधे मन मस्तिष्क तक पहुंच जाते हैं। नागपुरी भाषा साहित्य पर उनकी जबरदस्त पकड़ है। आम नागपुरी भाषा की बोलचाल के शब्दों को इस तरह अपने गीत में पिरो देते हैं कि गीत खुद ब खुद मधुर संगीत में बदल जाते। उनके गीत खुले छंदों में भी होते हैं। और बंधें छंदों में भी होते हैं। जिसे कोई भी बहुत ही आसानी से गा सकता है। आज यही कारण है कि उनके गीत इतने लोकप्रिय हो चुके हैं। वे जितने महान गीतकार और एक सफल गायक है, उतने ही सहज,सरल प्रकृति के मृदुभाषी व्यक्ति हैं। नागपुरी भाषा साहित्य उनके दिल में बसता है। अब तक का उनका संपूर्ण जीवन नागपुरी भाषा साहित्य के प्रचार और प्रसार को समर्पित रहा है। उन्होंने नागपुरी भाषा साहित्य को विभिन्न मंचों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है । झारखंड की माटी की भाषा नागपुरी को आगे बढ़ाने के कोई भी अवसर को छोड़ते नहीं है। उनका बाल काल से ही नागपुरी भाषा साहित्य के प्रति गहरा लगाव रहा है, जो अनवरत चलता चला जा रहा है। 82 वर्ष की उम्र हो जाने के बावजूद उनकी सक्रियता में कोई कमी नहीं आई है बल्कि एक युवा की तरह स्टेज शो में सम्मिलित होते रह रहें हैं। यहां यह लिखना जरूरी हो जाता है कि स्वर्गीय बी.पी. केसरी ने महावीर नायक के इस विशिष्ट प्रतिभा को पहचान बहुत ही पहले पहचान लिया था। प्रारंभिक दिनों में स्वर्गीय बी.पी. केसरी नागपुरी भाषा साहित्य के होने वाले कार्यक्रमों में महावीर नायक को विशेष रूप से आमंत्रित कर उनके रचित गीतों का गायन करवाते थे। महावीर नायक को पद्मश्री सम्मान दिए जाने के बाद उन्होंने कहा कि 'यह सम्मान अपने दिवंगत पिता - दादा और क्षेत्रीय नागपुरी भाषा के तमाम कलाकारों को समर्पित करता हूं। यह मुझसे ज्यादा यहां की मधुर संस्कृति का सम्मान है।' उक्त दो छोटे से वाक्यों में नायक जी ने एक बड़ी बात कहने की कोशिश की है कि उनके पिता और दादा दोनों नागपुरी के एक गायक रहे थें। उन्हें अपने दादा और पिता से ही नागपुरी गीत गाने की प्रेरणा मिली थी। उन्होंने यह पुरस्कार अपने दादा-दादी को समर्पित कर यह बताने की कोशिश की है कि हम सबों को अपने पुरखों को कदापि नहीं भूलना चाहिए। आज हम सब जो कुछ भी हैं, उसमें उनके पुरखों का बड़ा योगदान है। इसलिए अपने पूर्वजों को हमेशा याद करना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी बताने की कोशिश की है कि झारखंड की संस्कृति बहुत ही मधुर है। झारखंड की संस्कृति की मधुरता को समझने की जरूरत है। इसे अपनाने की जरूरत है। यहां की संस्कृति मीठा पन से कोई भी प्रभावित हो सकता है। झारखंड की रीति - रिवाज,रहन - सहन, भाषा साहित्य के मीठा पन को महसूस किया जा सकता है। झारखंड के जंगलों से बहने वाली हवा के संगीत को महसूस करने की जरूरत है। जब हवाएं बड़े-बड़े वृक्षों और छोटे-छोटे पौधों को स्पर्श करते हुए जब आगे बढ़ती हैं, जो खुद व खुद एक संगीत बन जाती है। उसी संगीत को महावीर नायक ने अपने गीतों में दर्ज किया है। उनके गीतों में झारखंड की संस्कृति, रीति - रिवाज, रहन-सहन और भाषा की आवाज साफ तौर पर सुनाई देती है। इसलिए झारखंड के झाड़ और जंगलों को बचाने की जरूरत है। महावीर नायक का जन्म देश की आजादी से पांच वर्ष पूर्व हुआ था। उसी वर्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देशवासियों को अंग्रेजी हुकूमत को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए भारत छोड़ो आंदोलन का आह्वान किया था। 26 मार्च 1942 को रामनवमी के दिन रांची जिले के कांके प्रखंड के उरुगुट्टू गांव में एक घासी परिवार में हुआ था। इसी गांव से उन्होंने अपना प्रारंभिक शिक्षा पूरा किया था। यही की गलियों में अपने बचपन के मित्रों के साथ घूमा करते थे। मौज मस्ती किया करते थे । और गाया भी करते थे। आज भी वे बचपन की बातों को बताकर खुद भी आनंदित होते हैं और दूसरे को भी आनंदित कर देते हैं। उन्होंने गांव के मैदान आखरा में लोक संगीत सीखा। उन्होंने अपने कैरियर की शुरुआत एक शिक्षक के रूप में किया था। लेकिन बाद में कालखंड मेंवे 1963 में हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन में शामिल हुए। यहीं से वे सेवा निवृत भी हुए। उन्होंने पारंपरिक नागपुरी संगीत को संरक्षित करने का प्रयास किया। वह ठेठ नागपुरी गीतों के गायक हैं, जो 1962 से पारंपरिक नागपुरी लोक गीत गा रहे हैं। उन्हें बी.पी. केसरी ने नागपुरी संस्थान में आमंत्रित किया था, जहां उन्हें हनुमान सिंह, बरजू राम, घासी राम महली और दास महली जैसे नागपुरी कवियों की कविता के बारे में पता चला। फिर उन्होंने बी.पी.केसरी के साथ नागपुरी संगीत रचना शुरू की। महावीर नायक ने 1976 में मंच पर गाना शुरू किया। 1977 में उन्होंने मंच कार्यक्रम आयोजित करना शुरू किया और बुजुर्ग गायकों को गाने का मौका दिया। उन्होंने 1000 से ज्यादा स्टेज शो में गाना गाया है। उन्हें भिंसरिया के राजा की उपाधि सिमडेगा जिले के लोगों द्वारा दी गई है। उन्होंने ऑडिशन दिया और 1984 में रेडियो और टेलीविजन शो में काम किया। उन्होंने अलग झारखंड राज्य के आंदोलन के लिए कई गीतों की रचना भी की। महावीर नायक ने युवा पीढ़ी को पारंपरिक नागपुरी संगीत सिखाने के लिए लोक कलाकार मुकुंद नायक और अन्य कलाकारों के साथ उन्होंने 1985 में कुंजबन संगठन की स्थापना की। वे 1992 में एक शो के लिए ताइवान भी गए। उन्होंने लगभग 300 गीत लिखे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**विजय केसरी**

## गेल्हा बनाम कलफदारी

मेरा दावा है कि हमारी नई पीढ़ी न तो गेल्हा के बारे में और न कलफदारी के बारे में जानती है। इसलिए मैं यह नैतिक जिम्मेवारी स्वीकार करता हूँ कि उन्हें इनके बारे में बता कर ही रहूंगा, चाहे उनकी रुचि हो या न।हम नई पीढ़ी के नहीं हैं। कुछ वर्षों पहले इससे बाहर कर दिए गए हैं। पुरानी पीढ़ी के भी नहीं है और उनलोगों ने मुझे कभी स्वीकार भी नहीं है। अपनी स्थिति कुल मिलाकर त्रिशंकु वाली है। न नई पीढ़ी स्वीकार करती है और न ही पुरानी पीढ़ी। बस अटक गया हूँ, लटक गया हूँ, लगाकर सीढ़ी। तो मैं अपनी बात अब गेल्हा से प्रारम्भ करता हूँ। गेल्हा वह कला थी जो मलमल के सफेद कुर्ते की कलफदार बाजुओं पर चुन्नट दिया करती थी। इस कला में सीपी के प्रयोग से बड़े मनोयोग से धोबी जी गेल्हा किया करते थे। चुन्नटों में एक लहर हुआ करती थी। गेल्हेदार मलमल के सफेद कुर्ते के साथ महीन धोती सजा करती थी। कालांतर में पजामे के साथ कुछ वर्षों तक निभा ।लखनवी टोपियों में भी ऊपर चन्दवे पर गेल्हे का रिवाज नवाब और जमींदार साहब लोग किया करते थे।उधर नवाबी, जमींदारी गयी तो गेल्हा भी कुछ वर्षों तक घसीट कर चला और फिर विलुप्त हो गया। आजकल के धोबियों को शायद ही यह कला मालूम हो।गेल्हे में अमीरी, विनम्रता, सिर पर हाथ रखने वाला, मुसीबत के समय का सहारा, हर समस्या में साथ दे कर उसका समाधान करने वाला छिपा रहता था।गेल्हा नज़ाकत देती थी।विनम्रता देती थी। सौम्यता और इंसानियत देती थी। संभ्रांतों की शान हुआ करती थी। यह बताने के भी काम आती थी कि हमारी औकात अब गेल्हे वाली हो गयी है। गर्मी की शाम हो, लोगों का जमघट हो और गेल्हा न हो, मुमकिन ही नहीं था। गेल्हे वाली बाजू बड़ी मजबूत हुआ करती थी। मुहल्ले में कोई बीमार हुआ और इलाज कराने की हालत नहीं हो,किसी की कन्या का विवाह ठीक हो और आर्थिक स्थिति के कारण परेशानी हो, किसी को अकस्मात कोई समस्या आ खड़ी हुई हो,आपसी झगड़े में कोर्ट-कचहरी की नौबत आई हो, गेल्हे वाले बाजू कुर्ते की बगल वाली ज़ेब में अनायास ही चले जाते और फिर मुठ्ठी बाहर निकल आती और अगले की हथेली में खुल जाती।मदद हो जाती। गेल्हे वाले बाजू यह काम चुपचाप करते, कोशिश करते कि कोई देखे नहीं।नहीं तो हथेली वालों की इज्जत कौन रखेगा। गेल्हे वाले बाजुओं के नीचे वाले हिस्से यानी कलाई में मोगरे की माला खास मौकों पर जमींदारों, नवाबों के द्वारा धारण की जाती थी जब वे मनोरंजन के लिए किसी कोठे की सीढ़ियां चढ़ते। सीढ़ियों से ही दादरा,ठुमरी आदि संगीत की मधुर स्वर लहरी गुंजती।गेल्हे के बाजू बनारसी पान खाने के भी उठते।उन बाजुओं के कंधे वाली छोर पर इत्र इस तरह लगाए जाते थे मानों पाँवों में पाजेब। होली, ईद आदि त्योहारों के पहले ही गेल्हे वाले सफेद मलमली कुर्ते तैयार करा कर रख लिए जाते थे।अब यह सिर्फ स्मृतियों में रह गए। कलफदारी अभी तक डटी हुई है। आजकल बकायदा खादी पहनने वाली प्रजातियों में यह बहुतायत से देखी जाती है। कलफदारी कड़क होती है। इसमें धार होती है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ प्रशान्त करण**

## तंबाकू के जहर को जानते, पर गंभीरता नहीं समझते

विश्व तंबाकू निषेध दिवस विशेष 31 मई 2025

देश में आसानी से मिलनेवाला जहर है तंबाकू, जो धीरे-धीरे शरीर को खोखला करके घातक बिमारियों से जकड़कर असमय मारता है। समाज, देश उच्च शिक्षित और आधुनिक हुआ है, लेकिन लोगों के शौक भी बढ़ते ही जा रहे हैं, तंबाकू के नए-नए फ्लेवर मार्केट में उपलब्ध हो रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग तक बडे पैमाने में तंबाकू का सेवन करते हैं। आमतौर पर इस्तेमाल किये जाने वाले तंबाकू उत्पादों में बीड़ी, सिगरेट और हुक्का शामिल हैं। भारत में सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले धूम्ररहित तंबाकू उत्पादों में तंबाक के साथ-साथ खैनी, गुटखा और सुपारी शामिल हैं। प्रतिदिन, तंबाकू और निकोटीन उद्योग नई पीढ़ी को आकर्षित करने और मौजूदा सेवनकर्ताओं को बनाए रखने के लिए तैयार किए गए उत्पादों और भ्रामक रणनीतियों का उपयोग बड़े ही शातिर ढंग से करते हैं। हर साल तंबाकू के जहर के प्रति जागरूकता निर्माण करने हेतु 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है, इस वर्ष 2025 की थीम है "अपील को उजागर करनाः तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग नीतियों को उजागर करना।" विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट अनुसार, अनुमान है कि विश्व भर में 13-15 वर्ष की आयु के 37 मिलियन बच्चे तंबाकू का सेवन करते हैं। कई देशों में, वयस्कों की तुलना में युवाओं में ई-सिगरेट का प्रयोग अधिक है। ई-सिगरेट, निकोटीन पाउच और गर्म तंबाकू उत्पादों को बढ़ावा देने वाली विपणन सामग्रियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर 3.4 बिलियन से अधिक बार देखा गया है। कई निकोटीन और तंबाकू उत्पादों में फ्लेवर पाए जाते है, इसमें लगभग 16,000 अद्वितीय फ्लेवर है, अक्सर फ्लेवर को निकोटीन और तंबाकू उत्पादों का उपयोग शुरू करने का मुख्य कारण बताया जाता है। यूएस नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की एक रिपोर्ट में पाया गया कि भारत में 83 ऑनलाइन स्टोर अवैध रूप से ई-सिगरेट बेच रहे है, इनमें से 61.4 फीसदी गूगल सर्च के माध्यम से तथा उसके बाद सोशल मीडिया के माध्यम से खोजे गए। यह ध्यान देने योग्य है कि लगभग आधे भारतीय ऑनलाइन स्टोर 2019 में प्रतिबंध लगाए जाने के बाद दिखाई दिए। अमेरिकन लंग एसोसिएशन के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका में हर साल 4,90,000 से अधिक लोग तंबाकू के उपयोग और धूम्रपान के संपर्क में आने से मरते है। सिगरेट के धुएं में 7,000 से अधिक रसायन होते हैं, जिनमें से कम से कम 69 कैंसर का कारण बनते हैं। धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर से होने वाली लगभग 90 प्रतिशत मौतों और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज से होने वाली लगभग 80 प्रतिशत मौतों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार है। वर्तमान में धूम्रपान करने वालों में, धूम्रपान से संबंधित 73 प्रतिशत बीमारियाँ दीर्घकालिक फेफड़ों की बीमारियाँ हैं। धूम्रपान शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है, यह कोरोनरी हृदय रोग, स्ट्रोक और कई अन्य कैंसर और बीमारियों का कारण भी है। तंबाकू एटलस के अनुसार, भारत में धूम्रपान की आर्थिक लागत 1,971,145,052,480 भारतीय रुपए है, इसमें स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित प्रत्यक्ष लागतें तथा बीमारी और असामयिक मृत्यु के कारण उत्पादकता की हानि से संबंधित अप्रत्यक्ष लागतें भी शामिल हैं। भारत में वयस्क धूम्रपान करने वालों की संख्या 7,39,26,241 है। भारत में 8.9 प्रतिशत मौतें तंबाकू के उपयोग के कारण होती हैं। अनुमान है कि 2023 में भारत में 107,915,900,000 सिगरेट का उत्पादन हुआ। 2022 में, दुनिया की छह सबसे बड़ी तंबाकू कंपनियों का संयुक्त राजस्व 362 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। 2022 में, भारत ने 425,296 हेक्टेयर गुणवत्ता वाली कृषि भूमि पर 772,152 टन तंबाकू का उत्पादन किया, जिसका उपयोग पोषक अनाज उगाने के लिए किया जा सकता था। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मुख्य तथ्यों अनुसार, तंबाकू का सेवन करने वाले आधे से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है। तंबाकू से हर साल 8 मिलियन से ज्यादा लोगों की मौत होती है, जिसमें अनुमानित 1.3 मिलियन गैर-धूम्रपान करने वाले लोग शामिल हैं, जो सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क में आते हैं। दुनिया के 1.3 बिलियन तंबाकू उपयोगकर्ताओं में से लगभग 80 प्रतिशत निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। 2020 में, दुनिया की 22.3 फीसदी आबादी ने तंबाकू का सेवन किया। तंबाकू उत्पादों का अवैध व्यापार दुनिया भर में स्वास्थ्य, आर्थिक और सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं उत्पन्न करता है। यह अनुमान लगाया गया है कि विश्व भर में उपभोग की जाने वाली प्रत्येक 10 सिगरेटों और तंबाकू उत्पादों में से 1 अवैध है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

बैठे थे जिस नाव पर, छोड़ चली थी घाट।
चकाचौंध थी इसलिए, दिखा न संकरा पाट।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## युगद्रष्टा शासिका का प्रेरणादायी जीवन-दर्शन

अहिल्याबाई होलकर जयंती विशेष

भारत की सांस्कृतिक, नैतिक और राजनीतिक चेतना की नींव उन महापुरुषों और वीरांगनाओं के संकल्प, साहस और सेवा से रखी गई है, जिन्होंने न केवल सत्ता चलाई बल्कि समाज को दिशा भी दी। ऐसी ही एक युगद्रष्टा, जनसेविका, धर्मनिष्ठ, लोककल्याणकारी और सशक्त महिला शासिका थीं मातोश्री अहिल्याबाई होलकर। उनका जीवन केवल ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं, बल्कि आज भी हमारे समय की सबसे ज़रूरी प्रेरणाओं में से एक है। अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी गाँव में एक साधारण मराठा परिवार में हुआ था। उनके पिता मानकोजी शिंदे एक ग्राम पटेल थे। बचपन से ही उनमें धर्मभाव, कर्मनिष्ठा और गहन संवेदनशीलता थी, जिसने उन्हें एक विशिष्ट व्यक्तित्व का निर्माणकर्ता बनाया। अहिल्याबाई ने उस कालखंड में सत्ता संभाली जब महिलाओं के लिए शासन, रणनीति, न्याय या युद्ध जैसे क्षेत्रों में प्रवेश असंभव सा था। उनके पति खांडेराव होलकर और फिर ससुर मल्हारराव की मृत्यु के बाद जब शासन की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आई, तब उन्होंने इसे न केवल बखूबी निभाया, बल्कि 18वीं शताब्दी के भारत को एक प्रबुद्ध, सशक्त और न्यायप्रिय प्रशासन का उदाहरण दिया। 1767 से 1795 तक उन्होंने मालवा राज्य की बागडोर संभाली और लोकसेवा को धर्म मानते हुए प्रशासन की हर इकाई को जनता के हित में मोड़ा। वे प्रतिदिन दरबार में बैठती थीं और स्वयं जनता की शिकायतें सुनती थीं। उन्होंने शासन में पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही को अनिवार्य बनाया। कृषकों के लिए कर-छूट, सिंचाई व्यवस्था और भूमि सुधार लागू किए। सैनिकों को नियमित वेतन और व्यापारियों को संरक्षण देकर उन्होंने राज्य को आत्मनिर्भर बनाया। अहिल्याबाई ने भारतीय संस्कृति और धर्म के पुनरुद्धार में अतुलनीय योगदान दिया। उन्होंने न केवल काशी विश्वनाथ, सोमनाथ, अयोध्या, मथुरा, द्वारका, बद्रीनाथ, रामेश्वरम जैसे प्रमुख मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया, बल्कि मुस्लिम संतों, फकीरों, सूफी दरगाहों का भी सम्मान किया। यह उनके धार्मिक समन्वयवादी दृष्टिकोण को दर्शाता है, जो आज की सांप्रदायिकता के विरुद्ध एक आदर्श समाधान है। "धर्म का कार्य केवल पूजा नहीं, जनसेवा भी है।" उनका यह विचार आज के राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए दिशादर्शक है। नारी सशक्तिकरण का मूर्त रूप, अहिल्याबाई ने न केवल शासन किया, बल्कि महिलाओं के लिए शिक्षा, पुनर्विवाह, संपत्ति अधिकार और सुरक्षा की नींव भी रखी। उन्होंने धर्म, जाति, भाषा से ऊपर उठकर भारत को एक राष्ट्र के रूप में देखा, जो आज के विघटनकारी माहौल में अत्यंत प्रासंगिक है। नीतिवान राजनीति की मिसाल रहीं, जब राजनीति सत्ता के लिए लालायित दिखती है, तब अहिल्याबाई की नीतिपूर्ण, नैतिक और लोककल्याणकारी राजनीति को पुनः स्मरण करना आवश्यक हो जाता है। उनकी जीवनी, शासन शैली और विचारों को विद्यालयों व विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में स्थान मिलना चाहिए। उनके जीवन पर डॉक्यूमेंट्री, शॉर्ट फिल्म, एनिमेशन, वेब सीरीज़ आदि के माध्यम से युवाओं तक उनकी विरासत पहुंचाई जा सकती है। रचनात्मक अभिव्यक्ति से वाद-विवाद, भाषण, नाटक, नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से युवाओं को उनके आदर्शों से जोड़ना संभव है। महिला नेतृत्व प्रशिक्षण, प्रशासन, सामाजिक कार्य या राजनीति में रुचि रखने वाली महिलाओं को उनके आदर्शों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा सकता है। आज जब समाज नैतिक पतन, राजनीतिक अवसरवाद, सांस्कृतिक खोखलेपन और स्त्री असुरक्षा जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है, तब अहिल्याबाई होलकर का जीवन एक प्रकाशस्तंभ की तरह मार्गदर्शन करता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सत्ता सेवा बन सकती है, धर्म समरसता बन सकता है, और नारी केवल शक्ति नहीं, मार्गदर्शक भी बन सकती है। अहिल्याबाई होलकर भारत की मिट्टी की वह गंध हैं जो समय के हर संघर्ष में हमें मूल्य, सेवा और सत्य की ओर खींचती है। वे केवल होलकर राज्य की रानी नहीं, बल्कि भारत की लोकनीति, नारी चेतना, सांस्कृतिक अस्मिता और सामाजिक न्याय की प्रतिनिधि हैं। आज 31 मई को जब हम उनकी जयंती मना रहे हैं, तो यह केवल एक स्मरण नहीं, बल्कि एक शपथ होनी चाहिए – उनके विचारों को अपने जीवन में उतारने की, और भारत को फिर से "जननी जन्मभूमि स्वर्ग से महान" बनाने की। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ. दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक एवं सहायक आचार्य

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पीएम ने पहलगाम हमले में मारे गये शुभम के परिजनों से की मुलाकात...

● आतंकवाद के खिलाफ आपरेशन सिंदूर न थमा है और न खत्म हुआ है : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। कानपुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार शुक्रवार को कानपुर पहुंचे। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर अभी थमा है, खत्म नहीं हुआ और यह आगे भी जारी रहेगा। शुभम की पत्नी ऐशन्या ने पति को शहीद का दर्जा देने की मांग की है।

पिता संजय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने हमारी पूरी बातों को सुना और कहा कि पूरा देश आपके साथ खड़ा है। आपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की गई है। उन्होंने वादा किया है कि वह आतंकवाद का समूल नाश कर देंगे।उल्लेखानीय है कि प्रधानमंत्री मोदी बिहार कर दौरा कर आज कानपुर पहुंचे हैं। वे यहां कानपुर में करीब 47 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करने आये हैं।



## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी, बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा

एयरपोर्ट पर ही पहलगाम की आतंकी हमले में मारे गये शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात भी की। प्रधानमंत्री ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि शुभम का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कानपुर के चकेरी एयरपोर्ट पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। एयरपोर्ट पर ही प्रधानमंत्री मोदी ने 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये कानपुर निवासी शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात की। परिजनों को नरवल एसडीएम लेकर एयरपोर्ट पहुंचे थे। करीब आठ मिनट की इस मुलाकात में मोदी के सामने शुभम के पिता संजय, मां सीमा और पत्नी ऐशन्या भावुक हो गए। प्रधानमंत्री से शुभम की मां ने कहा कि हमारे बेटे की मौत जाया न होने पाए। परिजनों के आंसू देखकर मोदी भी भावुक हो गए।

# हाथ में स्केच, चेहरे पर मुस्कान... पीएम मोदी की जनसभा में पहुंची शिवन्या

**कानपुर (आईएएनएस)**

उत्तर प्रदेश के कानपुर में शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा से पहले 11 साल की स्कूली छात्रा शिवन्या तिवारी एक स्केच लेकर जनसभा स्थल पर पहुंची। इस स्केच में प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए लिखा हुआ था, 'वेलकम टू कानपुर'। इस स्केच में मूल रूप से तीन बातों का जिक्र किया गया है। पहला, 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी देने वाली सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह का चित्र बनाया गया है। दूसरा, इसमें 'ऑपरेशन सिंदूर' की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी गई थी, जिसे स्केच के जरिए दिखाया गया है कि किस तरह भारतीय सेना ने आतंकवादियों



के लॉन्च पैड और ट्रेनिंग सेंटर को निशाना बनाया। साथ ही, इस स्केच में प्रधानमंत्री मोदी को भी आक्रामक मुद्रा में दिखाया गया है। इस स्केच के जरिए शिवन्या तिवारी ने प्रधानमंत्री मोदी का शुक्रिया अदा किया। शिवन्या ने इस बारे में समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत भी की।

छात्रा ने कहा कि इस पोस्टर के जरिए मैंने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया, क्योंकि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद वह पहली बार कानपुर आ रहे हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए हमने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया है। पाकिस्तान एक ऐसा मुल्क है, जिसे किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। उ

न्होंने बताया कि यह स्केच बताता है कि किस तरह से हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए दुश्मनों पर जीत हासिल की है। मैं यह संदेश देना चाहूंगी कि भारत कभी भी पाकिस्तान को लेकर नरम नहीं रहे। वहीं, कानपुर में स्कूली बच्चे मेट्रो स्टेशन पर भी पहुंचे और हाथों में पोस्टर लेकर 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए प्रधानमंत्री मोदी का शुक्रिया अदा किया। बच्चों के पोस्टर पर "थैंक्यू मोदी जी" लिखा हुआ था।

# सुप्रीम कोर्ट में तीन नए जजों ने ली शपथ, न्यायाधीशों की संख्या हुई 34

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शुक्रवार को जस्टिस एन. वी. अंजनिया, जस्टिस विजय बिश्नोई और जस्टिस अतुल एस. चंदुरकर को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। अब सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की कुल संख्या 34 हो चुकी है। 29 मई को सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने इन तीनों जजों की नियुक्ति के संबंध में सिफारिश की थी, जिसे बाद में केंद्र सरकार की तरफ से मंजूरी दे दी गई थी। इस संबंध में केंद्र सरकार की तरफ से अधिसूचना भी जारी की गई थी। न्यायमूर्ति एन. वी. अंजनिया पूर्व में कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई पूर्व में गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर पूर्व में बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायाधीश थे। जस्टिस अंजनिया का कार्यकाल 23 मार्च, 2030 तक रहेगा, जस्टिस बिश्नोई का कार्यकाल 25 मार्च, 2029 तक और जस्टिस चंदुरकर का कार्यकाल 7 अप्रैल, 2030 तक रहेगा। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इनकी पदोन्नति की सिफारिश 26 मई को की थी।

न्यायमूर्ति अंजनिया का जन्म 23 मार्च, 1965 को अहमदाबाद में हुआ। उन्होंने 1989 में यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ, अहमदाबाद से कानून में मास्टर डिग्री प्राप्त की थी। उन्होंने 1988 में गुजरात हाईकोर्ट में अपने वकालत के करियर की शुरुआत की थी। न्यायमूर्ति अंजनिया ने 25 फरवरी, 2024 को कर्नाटक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी।

## खुली गाड़ी पर सवार होकर मंच तक पहुंचे पीएम मोदी, कहा

# बिक्रमगंज से प्रदेश को दी 48,520 करोड़ की सौगात

**बिक्रमगंज (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय बिहार दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को रोहतास जिले के बिक्रमगंज पहुंचे। यहां उन्होंने 48,520 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। इससे पहले पीएम मोदी खुली गाड़ी पर सवार होकर लोगों के बीच से गुजरते हुए मंच तक पहुंचे। गाड़ी पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी उपस्थित रहे। इस दौरान पीएम मोदी पर पुष्प की वर्षा होती रही और उपस्थित लोग 'मोदी जिंदाबाद' के नारों और 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़े नारे लगाते रहे। पीएम मोदी भी लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते रहे। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए। प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए औरंगाबाद जिले में 29,930 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना, चरण-II (3x800 मेगावाट) की आधारशिला रखी। इस योजना का उद्देश्य बिहार और पूर्वी भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। बताया जा रहा है कि इससे औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र में सस्ती बिजली उपलब्ध होगी। इस क्रम में पीएम मोदी ने क्षेत्र में सड़क अवसंरचना और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए एनएच-119ए के पटना-आरा-सासाराम खंड को चार लेन का बनाने, वाराणसी-रांची-कोलकाता राजमार्ग (एनएच-319बी) और रामनगर-कच्ची दरगाह खंड (एनएच-119डी) को छह लेन का बनाने और बक्सर और भरौली के बीच एक नए गंगा पुल के निर्माण सहित विभिन्न सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

इन परियोजनाओं से राज्य में निर्बाध हाई-स्पीड कॉरिडोर का निर्माण होगा और साथ ही व्यापार और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा मिलेगा।



### कानपुर में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# किसी धोखे में ना रहे पाकिस्तान अभी खत्म नहीं हुआ ऑपरेशन सिंदूर

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में 47,600 करोड़ रुपये की लागत वाली 15 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अपने संबोधन के शुरूआत में मोदी ने कहा कि यह विकास कार्यक्रम 24 अप्रैल को होना था, लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण मुझे अपना कानपुर दौरा रद्द करना पड़ा। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी ने भी अपनी जान गंवा दी। बेटी ऐशान्या का दर्द और गुस्सा हम सबने महसूस किया है। हमारी बेटियों का दर्द और गुस्सा दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के रूप में देखा। मोदी ने हुंकार भरते हुए कहा कि हमारी बहनों-बेटियों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। हमने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने, घर में घुसकर, सैंकड़ों मील अंदर जाकर तबाह कर दिए।

### पीएम की जमकर तारीफ, जाति जनगणना पर नीतीश ने जताई खुशी

**बिक्रमगंज(आईएएनएस)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी यहां कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर रहे हैं। इन सबकी कुल लागत 48,500 करोड़ से अधिक है। उन्होंने कहा कि बिहार लगातार विकास कर रहा है। उन्होंने इस क्रम में विपक्ष पर निशाना साधा।

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोहतास के बिक्रमगंज में जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने पीएम मोदी के यहां पहुंचने पर प्रसन्नता जताई और कहा कि यह बहुत खुशी की बात है।

# प्रधानमंत्री मोदी को जान से मारने की धमकी देने वाला भागलपुर से गिरफ्तार

**भागलपुर (आईएएनएस)**



बिहार दौरे के बीच प्रधानमंत्री मोदी को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी समीर रंजन को पुलिस ने शुक्रवार को भागलपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि उसने 29 मई को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के एक अधिकारी को वाट्सएप पर मैसेज किया था, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी को जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस मैसेज को गंभीरता से लेते हुए एनआईए, आईबी और गृह मंत्रालय ने तफ्तीश की। तफ्तीश के क्रम में भागलपुर पुलिस से भी संपर्क किया गया। इसके बाद आरोपी समीर रंजन को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पुलिस ने मंटू चौधरी को भी गिरफ्तार किया। मंटू को गिरफ्तार करना पुलिस के लिए इसलिए जरूरी था, क्योंकि समीर रंजन ने जिस मोबाइल फोन से प्रधानमंत्री मोदी को जान से मारने की धमकी दी थी, वह नंबर मंटू चौधरी का ही था। इसके बाद पुलिस मंटू चौधरी तक पहुंची, तो उसने भी पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए।मंटू चौधरी ने बताया कि वह तो पढ़ा-लिखा भी नहीं है। बमुश्किल 10वीं पास है। ऐसी स्थिति में वह भला ऐसा कृत्य कैसे कर सकता है। उसने आरोप लगाया कि समीर रंजन ने फर्जी तरीके से उसके नाम पर सिम कार्ड लिया और ऐसा काम किया, ताकि उसे फंसाया जा सके।

# ऑनलाइन आईपीएल सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़, चार युवक गिरफ्तार

**सीकर (आईएएनएस**

राजस्थान के सीकर जिले के खाटूश्यामजी थाना क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए आईपीएल क्रिकेट मैचों पर चल रहे ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में चार युवकों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से सट्टेबाजी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण जब्त किए गए हैं। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से सट्टेबाजी के अवैध नेटवर्क पर बड़ा प्रहार हुआ है।

खाटूश्यामजी थानाधिकारी पवन कुमार चौबे ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दांतारामगढ़ रोड पर श्रीधाम धर्मशाला के पास रुक्मणी पैलेस होटल में कुछ लोग ऑनलाइन सट्टेबाजी कर रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत एक टीम गठित की और होटल पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान चार युवक- अनिस कुमार सैनी (सिंघाना), मनोज जाट (कंवरपुरा, खंडेला), देवीलाल जाट (गोविंदपुरा), और विवेक शर्मा (लोहा गढ़, भरतपुर)- को आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

पुलिस ने मौके से सट्टेबाजी में इस्तेमाल होने वाले दो लैपटॉप, 12 मोबाइल फोन, एक विद्युत बोर्ड, दो लैपटॉप चार्जर और एक मोबाइल चार्जर बरामद किए। प्रारंभिक जांच में पता चला कि ये युवक एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए देशभर में फैले सट्टेबाजी नेटवर्क से जुड़े थे। इस रैकेट के तहत लाखों-करोड़ों रुपये का सट्टा लगाया जा रहा था। आरोपियों ने ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए विशेष उपकरणों और इंटरनेट का इस्तेमाल किया था, जिससे वे देश के विभिन्न हिस्सों में सक्रिय सट्टेबाजों के साथ जुड़े हुए थे। पुलिस ने चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने खेला बड़ा दांव

# समान विकास की ओर कदम बनेगा उच्च जाति आयोग

**पटना ।** बिहार चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने बड़ा दांव खेला है। नीतीश सरकार ने अगड़ी जातियों के विकास के लिए बिहार राज्य उच्च जाति विकास आयोग बनाने की घोषणा की है। इसे चुनाव में अगड़ी जातियों के वोट को साधने की कोशिश के रूप में भी देखा जा सकता है। भाजपा नेता महाचंद्र प्रसाद सिंह को बिहार राज्य उच्च जाति विकास आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हालांकि, आपको हम यह भी बता दें कि बिहार में पहले भी सवर्ण आयोग हुआ करता था। ऐसे में नीतीश सरकार ने इसके पुनर्गठन का निर्णय लिया है। इससे पहले नीतीश सरकार ने बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया गया है।

# आज का राशिफल

**मेष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृष :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा।

**कर्क :** लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा शुभ रहेगी।

**सिंह :** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा।

**कन्या :** विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**तुला :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक :** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी।

**धनु :** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**मकर :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**कुंभ :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मीन :** जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

# अंकिता भंडारी हत्याकांड : सभी आरोपियों को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा

**उत्तराखंड (आईएएनएस)**



उत्तराखंड के अंकिता भंडारी हत्याकांड प्रकरण में संलिप्त तीन आरोपियों को शुक्रवार को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। सजा का ऐलान कोटद्वार स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायालय ने दिया है। इस हत्याकांड में संलिप्त पुलकित आर्य, उसके कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को 302, 201, 354 के तहत दोषी करार दिया गया है। कोर्ट ने हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी पुलकित आर्य पर 302, 201, 354ए और अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत आरोप तय किए। वहीं, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को आईपीसी की धारा 302, 201 और अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत दोषी करार दिया गया। दो साल आठ महीने तक इस पूरे मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट में कुल 47 गवाह पेश किए गए। 19 मई को ही इस पूरे मामले की सुनवाई पूरी हुई थी, जिसके बाद कोर्ट ने सजा सुनाने के लिए 30 मई की तारीख निर्धारित की थी। घर की आर्थिक हालत ठीक नहीं होने की वजह से अंकिता भंडारी ने रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करना शुरू कर दिया था।

# 148वीं पासिंग आउट परेड में 17 लड़कियां, हरसिमरन के पिता हवलदार, इशिता परिवार की पहली मिलिट्रीपर्सन

**नई दिल्ली । एजेंसी**

एनडीए से महिला कैडेट्स का पहला बैच पास हुआ। इतिहास में ये पहली बार है जब 17 महिला कैडेट्स 300 से ज्यादा पुरुषों के साथ NDA से ग्रेजुएट हुई हैं। ये सभी इंडियन आर्मी, नेवी और एयर फोर्स जॉइन करेंगी। साल 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं को एनडीए में शामिल होने के लिए अनुमति दी थी। दरअसल, बीते 75 सालों से महिलाओं को टेरिटोरियल आर्मी में ऑफसिर पदों पर भर्ती का प्रावधान नहीं था। इसके खिलाफ कुश कालरा ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। ये मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां 18 अगस्त 2021 को कोर्ट ने पहली बार लड़कियों के लिए एनडीए में शामिल होने के दरवाजे खोल दिए। इस फैसले के बाद, 2022 में पहली बार 17 महिला कैंडिडेट्स का बैच एनडीए में शामिल हुआ, जो आज ग्रेजुएट हुए हैं।



### जनरल वीके सिंह बोले- नारी शक्ति को सलाम



पासिंग आउट परेड पुणे के खडकवासला स्थित एनडीए परिसर में हुई। रिटायर्ड सेना प्रमुख जनरल वी के सिंह ने परेड की सलामी ली। उन्होंने कैडेट्स को प्रेसिडेंट्स अवॉर्ड दिए। जनरल सिंह ने कहा कि इतिहास में पहली बार इस ग्राउंड से लड़कियों का बैच भी पास हो रहा है। ये नारी शक्ति को सलाम है। उन्होंने कहा कि ये लड़कियों के लिए ट्रेनिंग का अंत नहीं है, बल्कि नई संभावनाओं की शुरुआत है।

### हवलदार की बेटी हरसिमरन बनेगी नेवी में अधिकारी

हरियाणा की हरसिमरन कौर जी मेन्स की तैयारी कर रही थीं। उसी दौरान इनके एक दोस्त ने बताया कि एनडीए में अब फीमेल्स भी अप्लाई कर सकती हैं। तभी इन्होंने इंडियन आर्मी में शामिल होने का मन बना लिया।


**न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

**अनुमति वाद संख्या–105/2025**

**आम इस्तेहार**

आवेदक मनोज उरांव वो धनेशर उरांव दोनों के पिता–स्व0 रामराज उरांव, निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना+अंचल–चन्दवा, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

**भूमि का विवरण**

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| चकला | 142 | 1618 | 3.58 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 353867 District(25-26)#D

**न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

**अनुमति वाद संख्या–104/2025**

**आम इस्तेहार**

आवेदक अकबर हुसैन वो असगर हुसैन दोनों के पिता–स्व0 सराफत मियां, निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना+अंचल–चन्दवा, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

**भूमि का विवरण**

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| चकला | 1 | 707 | 0.67 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा,लातेहार

PR 353866 District(25-26).D

# नौसेना फॉर्म में होती तो पाकिस्तान टूट जाता : राजनाथ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि 1971 इसका गवाह है, कि जब भारतीय नौसेना हरकत में आई थी, तो पाकिस्तान एक से दो हो गया था। अगर ऑपरेशन सिंदूर में, भारतीय नौसेना अपने फॉर्म में आई होती, तो पाकिस्तान के दो टुकड़े ही न होते बल्कि मैं समझता हूँ शायद चार टुकड़े हो जाते। रक्षा मंत्री ने शुक्रवार को गोवा के तट से कुछ ही दूरी पर आईएनएस विक्रांत पर यह बात कही। इसके साथ ही उन्होंने कहा, "मैं यह बात फिर से, बेहद दृढ़ता से कहना चाहता हूँ, कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। यह सिर्फ एक विराम है, एक चेतावनी। अगर पाकिस्तान ने फिर वही गलती की, तो भारत का उत्तर और भी कठोर होगा, और इस बार, उसे संभलने का मौका नहीं मिलेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक मिलिट्री एक्शन नहीं है बल्कि आतंकवाद के



खिलाफ भारत का फ्रंटल असॉल्ट है। हम आतंकवाद के खिलाफ हर उस तरीके का इस्तेमाल करेंगे, जो पाकिस्तान सोच सकता है, मगर हम उन तरीकों का इस्तेमाल करने में भी संकोच नहीं करेंगे, जो पाकिस्तान सोच भी नहीं सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी फोर्स की फॉरवर्ड तैनाती के साथ-साथ विक्रांत कैरियर बैटल ग्रुप की फोर्स प्रोजेक्शन ने भी हमारे इरादे और क्षमता का प्रभावी संकेत दिया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि आपकी इस मजबूत तैयारी ने दुश्मन के हौसले को पहले ही पस्त कर दिया। पाकिस्तान के लिए आपकी तैयारी मात्र ही बहुत थी। आपको तो एक्शन की जरूरत ही नहीं पड़ी, आपकी तैयारी से ही दुश्मन सकते में आ गया। पाकिस्तान ने भारतीय नौसेना की प्रचंड शक्ति, उसकी सैन्य सूझबूझ और विध्वंसक क्षमताओं को न सिर्फ महसूस किया, बल्कि वह उससे भयभीत भी हुआ। रक्षा मंत्री ने कहा कि हाफिज सईद 'मुंबई हमलों' का गुनहगार है। समुंदर के रास्ते मुंबई में मौत बरसाने का जो गुनाह उसके संगठन ने किया है, उसका इंसाफ होना चाहिए। यह काम पाकिस्तान में नहीं हो सकता है। मुंबई हमलों के एक आरोपी तहव्वुर राणा को पिछले दिनों भारत लाया गया है।

### तीनों सेनाओं का तालमेल बना भारत की ताकत
### ऑपरेशन सिंदूर से बदली रणनीतिक तस्वीर

आईएनएस विक्रांत भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत है। इस भारतीय एयरक्राफ्ट कैरियर में फाइटर जेट और हेलीकॉप्टर दोनों ही हैं। एयरक्राफ्ट कैरियर में 30 से ज्यादा एयरक्राफ्ट आ सकते हैं। यहां मौजूद रक्षा मंत्री ने कहा, "हमने पाकिस्तान के आतंकी अड्डे और उसके इरादों को ध्वस्त कर दिया। हमारा प्रहार इतना तगड़ा था, कि पाकिस्तान पूरी दुनिया से भारत को रोकने की गुहार लगाने लग गया। अंत में हमने अपनी शर्तों पर, मैं फिर दोहरा रहा हूँ, हमने अपनी शर्तों पर अपने सैन्य एक्शन को रोका है। अभी तो हमारी सेनाओं ने अपनी आस्तीनें पूरी मोड़ी भी नहीं थी, अभी तो हमने अपना पराक्रम दिखाना शुरू भी नहीं किया था। आज आईएनएस विक्रांत पर, अपने नौसैनिक योद्धाओं के बीच आकर मुझे बड़ी ख़ुशी हो रही है। जब मैं भारत की समुद्री शक्ति के गौरव, आईएनएस विक्रांत पर खड़ा हूं, तो मेरे अंदर खुशी के साथ-साथ एक गर्व और विश्वास का भाव भी है, कि जब तक राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा आपके मजबूत हाथों में है, तब तक भारत को कोई तिरछी निगाहों से देख नहीं सकता।

# भारत-अमेरिका आर्मी वार्ता में रक्षा सहयोग को लेकर बनी सहमति

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत और अमेरिका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण वार्ता हुई है। यह भारत–अमेरिका आर्मी-टू-आर्मी स्टाफ वार्ता है, जिसका आयोजन 28 से 30 मई तक नई दिल्ली में किया गया। भारतीय सेना के मुताबिक, इन विचार-विमर्शों का उद्देश्य मौजूदा समय में चल रहे द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा करना है। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति का मूल्यांकन, सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों की पहचान, अंतर-संचालन क्षमता को सशक्त बनाना और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूती प्रदान करना भी इस वार्ता का उद्देश्य था। भारतीय सेना के मुताबिक, दोनों पक्षों ने वैश्विक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में एक मजबूत भारत–अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की है। गौरतलब है कि इससे पहले, लेफ्टिनेंट जनरल जे.बी. वॉवेल, डिप्टी कमांडिंग जनरल, यूएस आर्मी पैसिफिक ने 28वीं एग्जीक्यूटिव स्टीयरिंग ग्रुप (ईएसजी) बैठक के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि, उपसेनाध्यक्ष (वीसीओएएस) से मुलाकात की थी। यह संवाद भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और आर्मी-टू-आर्मी सहयोग को बढ़ावा देने के प्रति भारतीय प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सेना का कहना है कि हम मिलकर विश्वास, आपसी सहयोग और साझा रणनीतिक हितों की एक मजबूत नींव तैयार कर रहे हैं।

गौरतलब है कि भारत विश्व के विभिन्न देशों के साथ अच्छे सामरिक, आर्थिक और सामाजिक संबंध रखता है। जहां एक ओर शुक्रवार को अमेरिकी सेना के वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता का यह दौर पूरा हुआ है, वहीं शनिवार से भारत और मंगोलिया की सेना एक संयुक्त सैन्य अभ्यास करने जा रही हैं। यह अभ्यास मंगोलिया में होगा।

## प्राइवेट कंपनियों को भी बोली लगाने की दी गई अनुमति

# सरकार ने एडवांस मीडियम कांबैट एयरक्राफ्ट योजना को दी मंजूरी

- तेजस मार्क - 1ए फाइटर जेट इंजन आपूर्ति में 2 साल हो चुकी है देरी
- अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक को करनी थी इंजन की आपूर्ति

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत व पाकिस्तान के बीच लड़ाई के लगभग तीन सप्ताह बाद, भारत ने अपने सबसे आधुनिक लड़ाकू विमान (फाइटर जेट) बनाने की योजना को अंतिम रूप दे दिया है। जिसका नाम एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट है।मोदी सरकार ने अब प्राइवेट कंपनियों को भी इस प्रोजेक्ट के लिए बोली लगाने की अनुमति दे दी है। पहले, सिर्फ सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ही फाइटर जेट बनाती थी। यह एक बड़ा बदलाव है।भारतीय वायुसेना के पास अभी एक भी ऐसा फाइटर जेट नहीं है जो रडार को धोखा दे सके।इस तरह के जेट को स्टील्थ फाइटर जेट कहते हैं। चीन ने पहले ही अपने जे -20 जेट तैनात कर दिए हैं और वह जे -36 नाम का एक और जेट बना रहा है। पाकिस्तान भी चीन से 40 जे -35 से स्टील्थ जेट खरीदने की बातचीत कर रहा है। तैयारी में है।इधर भारत ने एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट मॉडल को जल्दी फाइनल करने का फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के बाद लिया गया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका भारत को एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट देने की योजना बना रहा है। एफ-35 दुनिया के सबसे आधुनिक लड़ाकू विमानों में से एक है।लेकिन एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तो एफ -35 से सस्ता हो सकता है।पर सवाल है कि यह बनेगा कब तक। एफ -35 की कीमत 80-100 मिलियन डॉलर प्रति जेट है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि भारत अपने स्टील्थ जेट कब तक बना पाएगा। क्योंकि भारत का तेजस फाइटर जेट बनाने का रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है।भारतीय वायुसेना के पास अभी सिर्फ 31 स्क्वाड्रन (18 विमानों का समूह) हैं। जबकि उसे 42 स्क्वाड्रन की ज़रूरत है। भारतीय वायु सेना अपने पुराने सोवियत युग के विमानों को तेजस फाइटर जेट से बदलने में नाकाम रहा है। तेजस जेट बनाने में बहुत देरी हो रही है। खासकर मिग-21 विमान बहुत दुर्घटनाग्रस्त होते हैं।कुछ साल पहले तक भारतीय वायु सेना अपने सुखोई सु-30एमकेआई विमानों पर निर्भर था। अपनी क्षमता को बढ़ाने के लिए, उसने फ्रांस से 36 राफेल जेट भी खरीदे हैं। लेकिन पाकिस्तान भी अपनी हवाई ताकत बढ़ा रहा है। वह चीन से 40 जे-35 स्टील्थ फाइटर जेट खरीदने की योजना बना रहा है। उधर चीन ने दिसंबर 2024 में अपने जे-36 फाइटर जेट को दुनिया के सामने पेश किया। माना जा रहा है कि यह छठी पीढ़ी का जेट है। इससे पावरफुल देशों को चिंता हो गई है। क्योंकि अमेरिका और रूस जैसे बड़े देशों ने अभी तक ऐसा कोई प्रोजेक्ट नहीं दिखाया है। चीन ने अपने जे-20 'माइटी ड्रैगन' स्टील्थ जेट को भारत के सामने वाले हवाई क्षेत्रों में तैनात कर दिया है। इस बारे में रक्षा विशेषज्ञों ने लगातार कहा है कि भारत को एक साथ दो मोर्चों पर युद्ध का खतरा है। इसलिए उसे जल्दी से जल्दी आधुनिक विमान खरीदने चाहिए। उनका कहना है कि अगर भारत को दुश्मन के इलाके में फाइटर जेट भेजने, हमला करने और बिना पता चले वापस आने की ज़रूरत है, तो स्टील्थ क्षमता बहुत ज़रूरी है। एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट से भारत की स्टील्थ



विमान की ज़रूरत पूरी हो सकती है। लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि एचएएल प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर जेट को समय पर बना पाता है या नहीं। रक्षा मंत्रालय चाहता है कि एचएएल, तेजस मार्क-1ए जेट बनाने में हो रही देरी के कारण आलोचना झेल रहा है। वह एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट प्रोजेक्ट के लिए प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर बोली लगाए। एचएएल पहले से ही 1.2 लाख करोड़ रुपये के 180 तेजस मार्क -1ए जेट बनाने में लगा हुआ है। इसके बाद, वह 108 तेजस मार्क-2 जेट बनाएगा।

यह 4.5 पीढ़ी का विमान है। इसके अलावा, एचएएल कई अन्य विमान और हेलीकॉप्टर प्रोजेक्ट पर भी काम कर रहा है।प्राइवेट कंपनियां भी अकेले, समूह बनाकर या विदेशी कंपनियों के साथ मिलकर बोली लगा सकती हैं। लेकिन उन्हें भारतीय नियमों का पालन करना होगा। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी एएमसीए को डिजाइन व विकसित करने का काम कर रही है। वह जल्द ही प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर इसे बनाने के लिए रुचि पत्र जारी करेगी। सरकार का यह कदम ऐसे समय में आया है जब टाटा ग्रुप ने यूरोपीय एयरोस्पेस कंपनी एयरबस के साथ मिलकर गुजरात के वडोदरा में सी-295 (सामरिक परिवहन विमान) असेंबली लाइन स्थापित करने के लिए हाथ मिलाया है। दोनों कंपनियां कर्नाटक के कोलार में एच125 हेलीकॉप्टरों के लिए एक फाइनल असेंबली लाइन स्थापित करने की भी योजना बना रही हैं। यह भारत की पहली प्राइवेट सेक्टर की हेलीकॉप्टर असेंबली सुविधा होगी।

वायु सेना प्रमुख ए.पी. सिंह ने बार-बार 'मेक इन इंडिया' प्रोजेक्ट में हो रही देरी और डिलीवरी शेड्यूल का पालन न करने पर चिंता जताई है। 29 मई को सीआईआई बिजनेस समिट में बोलते हुए, सिंह ने कहा कि "एक भी प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं हुआ है" और सशस्त्र बलों ने "काली भेड़ को काली भेड़ कहने से परहेज किया है"। सिंह अपनी स्पष्ट बात कहने के लिए जाने जाते हैं।प्राइवेट सेक्टर की रक्षा उत्पादन में बढ़ती भागीदारी और पांचवीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के विकास में भी उनके लिए दरवाजे खुलने के साथ, भारतीय वायु सेना चीफ ने विंस्टन चर्चिल के शब्दों को दोहराते हुए उद्योगपतियों से इस अवसर पर आगे आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "'एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट जब बने तो वह आधुनिक होना चाहिए।" जनवरी में, सिंह ने एचएएल द्वारा तेजस विमान के विकास की धीमी गति पर कटाक्ष किया था और भारत की खतरे का सामना करने की क्षमता पर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा था, "तेजस, हमने इसे 2016 में शामिल करना शुरू किया। वास्तव में, हमें 1984 में वापस जाना चाहिए जब यह प्रोजेक्ट शुरू हुआ था। पहला विमान 2001 में उड़ा, [17 साल बाद]। फिर, 2016 में एक और 15 साल बाद शामिल करना शुरू किया।

आज हम [2025] में हैं और मेरे पास पहले 40 विमान नहीं हैं... यह उत्पादन क्षमता है।" यह बात एयर चीफ मार्शल ने 8 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी में 'एयरोस्पेस सेक्टर में आत्मनिर्भरता' पर एक सेमिनार में कही थी।भारतीय वायु सेना के पास वर्तमान में तेजस मार्क-1 के दो स्क्वाड्रन हैं। लेकिन तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट को शामिल करने में काफी देरी हुई है। इसका मुख्य कारण अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक से इंजन की आपूर्ति में देरी है। एचएएल ने फरवरी 2021 में 46,898 करोड़ रुपये के एक समझौते के तहत 2024-25 वित्तीय वर्ष में 16 तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट देने का वादा किया था। हालांकि, अब इस समय सीमा में केवल दो से तीन जेट ही दिए जाएंगे। जीई ने इस साल 99 जीई-एफ404 टर्बोफैन जेट इंजन की आपूर्ति शुरू करने का वादा किया है, जो दो साल से अधिक की देरी है। देखिए वह इस साल भी आपूर्ति कर पाता है या नहीं।

## शरीर में पोषक तत्वों की कमी, अनुवांशिक कारण, मधुमेह से कम होती है आंखों की रोशनी

# आंखों को स्वस्थ रखने के लिए काजू बादाम, अखरोट, पिस्ता, खजूर खाएं

- आंखें कमजोर होने के लिए जिम्मेदार हैं मोबाइल, लैपटॉप, टीवी, टैबलेट का ज्यादा इस्तेमाल

**ब्यूरो**

**स्वास्थ्य**

**नई दिल्ली।** आंखों की रोशनी कम होना इन दिनों एक आम समस्या बनती जा रही है, जो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के, हर उम्र के लोगों को प्रभावित कर रही है। आंखों की कमजोरी सिर्फ एक शारीरिक समस्या नहीं, बल्कि ये जीवन की गुणवत्ता पर भी गहरा असर डालती है। हर वर्ग के लोगों की आंखों के कमजोर होने के लिए कुछ कारण जिम्मेदार हैं जैसे मोबाइल, लैपटॉप, टीवी और टैबलेट जैसे डिजिटल स्क्रीन का ज्यादा इस्तेमाल करना, बॉडी में पोषक तत्वों की कमी होना, अनुवांशिक कारण, बढ़ती उम्र व कुछ बीमारियां जैसे मधुमेह की वजह से आंखों की रोशनी दिनों दिन कम होने लगती है।आजकल बच्चे से लेकर युवा व बुजुर्ग सभी ज्यादा से ज्यादा वक्त मोबाइल के साथ गुजारते हैं। लम्बे समय तक स्क्रीन के साथ रहने से आंखें थक जाती हैं और रोशनी धीरे-धीरे कम होने लगती है। बच्चों में व युवाओं में आंखों की रोशनी कम होने के लिए डाइट में पोषक तत्वों की कमी होना भी जिम्मेदार है। डाइट में जरूरी विटामिन जैसे विटामिन ए, सी, ई, ओमेगा-3 फैटी एसिड, व जिंक की कमी होने से आंखों की रोशनी कम होने लगती है और आंखों से धुंधला दिखाई देता है।यदि आप भी आंखों की घटती रोशनी से परेशान है,अखबार,किताब और मैसेज पढ़ने में दिक्कत होती है तो आप अपनी खुराक में कुछ ख़ास ड्राई फ्रूट का सेवन करें। कुछ ड्राई फ्रूट्स का सेवन करने से बॉडी में जरूरी विटामिन की कमी पूरी होती है और आंखों को पोषण मिलता है। कुछ ड्राई फ्रूट का सेवन करने से आंखों को पोषण मिलता है और आंखों की रोशनी बढ़ती है।

### इन ड्राई फ्रूट का सेवन असरदार साबित होता है



- **बादाम :** बादाम विटामिन ई का एक अच्छा स्रोत है, जो आंखों को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाने में मदद करता है। एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर ये मेवा आंखों की रोशनी बढ़ाता है बल्कि आंखों को स्वस्थ भी रखता है। बादाम खाने से उम्र से जुड़ी मैक्यूलर डिजनरेशन के खतरे को कम किया जा सकता है।
- **अखरोट :** अखरोट ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होता है जो याददाश्त को तेज करता है और दिमाग को हेल्दी रखता है। ये आंखों को सही ढंग से काम करने में मदद करता है।
- **खुबानी :** स्वाद में खट्टी-मीठी सूखी खुबानी का सेवन करने से आंखों की रोशनी तेजी से बढ़ती है। ये बीटा-कैरोटीन का खजाना जो हमारी आंखों की रोशनी बढ़ाने में असरदार है। जिन लोगों की आंखें कमजोर है और आंखों से धुंधला दिखता है वो रोज खुबानी खाएं। इसका सेवन करने से आंखों की ड्राईनेस दूर होती है और आंखों में नमी बनी रहती है।
- **खजूर :** खजूर का स्वाद व गुण दोनों आपकी आंखों के लिए वरदान साबित होंगे। खजूर न केवल एनर्जी का नेचुरल स्रोत है बल्कि इसमें विटामिन ए व ल्यूटिन जैसे आवश्यक पोषक तत्व भी होते हैं जो आंखों की ओवर ऑल स्वास्थ्य को दुरुस्त करते हैं। खजूर में पाए जाने वाला फाइबर आंखों को स्वस्थ रखता है और दिल के लिए भी फायदेमंद है।
- **काजू :** एक मुट्ठी काजू का सेवन आँखों व अन्य अंगों के लिए लाभदायक है।

*लेकिन यदि आप गरीब हैं, और इन महँगे सूखे मेवों को खरीदने की स्थिति में नहीं हैं तब ऐसे अन्न व सीड़स का सेवन करें जिनमें इनके जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं।*

## भारत शांति अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है : संयुक्त राष्ट्र अधिकारी

**यूनाइटेड नेशंस(आईएएनएस)**

पीस ऑपरेशन के अंडर-सेक्रेटरी जनरल जीन-पियरे लैक्रोइक्स के मुताबिक, शांति रक्षकों के खिलाफ अपराध करने वालों को न्याय के कटघरे में लाने के अभियान का नेतृत्व करके भारत शांति अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने गुरुवार को कहा, "शांति रक्षकों के खिलाफ अपराध के लिए जवाबदेही पर भारत की ओर से नेतृत्व" सैनिकों और पुलिस के योगदान से परे शांति स्थापना में एक महत्वपूर्ण योगदान है। भारत शांति रक्षकों के खिलाफ अपराधों के लिए जवाबदेही को बढ़ावा देने हेतु 39 सदस्यीय मित्र समूह का नेता है, जिसकी स्थापना उसने 2022 में की थी। उसी वर्ष इसने सुरक्षा परिषद के माध्यम से एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें शांति अभियानों की मेजबानी करने वाले देशों से शांति रक्षकों पर हमलों की जांच करने और उन पर मुकदमा चलाने, उन देशों को दंड से निपटने के लिए मदद प्रदान करने और हमलों का संयुक्त राष्ट्र डेटाबेस बनाने का आह्वान किया गया।

इस साल अब तक हमलों में पांच शांति रक्षक मारे गए हैं।इस वर्ष नई दिल्ली में भारत द्वारा आयोजित महिला शांति रक्षकों के पहले सम्मेलन में मौजूद लैक्रोइक्स ने कहा कि महिला शांति रक्षकों की संख्या बढ़ाने के अलावा संयुक्त राष्ट्र चाहता है कि नेतृत्व के पदों पर उनमें से अधिक संख्या में हों। उन्होंने कहा, "हम चाहते हैं कि फोर्स कमांडर्स के पदों के लिए अधिक वरिष्ठ महिला जनरल आवेदन करें।

**ट्रंप को टैरिफ मामले में मिली अस्थायी राहत**

## इमर्जेंसी पावर कानून के तहत वसूली जारी रखने की दी मंजूरी

**एजेंसी। अमेरिका**

अमेरिका में टैरिफ मुद्दे के बीच, संघीय अपील अदालत ने गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आपातकालीन शक्तियों के कानून के तहत टैरिफ एकत्र करना जारी रखने की अनुमति दी, क्योंकि उनका प्रशासन उनकी आर्थिक नीतियों के बड़े हिस्से को रद्द करने के आदेश के खिलाफ अपील कर रहा है। संघीय सर्किट के लिए अपील न्यायालय ने ट्रंप प्रशासन की आपातकालीन याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें तर्क दिया गया कि रोक लगाना देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। अपील न्यायालय ने एक दिन पहले जारी संघीय व्यापार न्यायालय के आदेश को अस्थायी रूप से रोक दिया। ट्रंप कई मुकदमों का सामना कर रहे हैं, जिसमें तर्क दिया गया है कि उनके "मुक्ति दिवस" टैरिफ उनके अधिकार से परे थे और देश की व्यापार नीति को उनकी सनक पर निर्भर कर दिया। अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार न्यायालय के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने बुधवार को फैसला सुनाया कि ट्रंप ने 1977 के अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम को लागू करके राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करके और दुनिया के लगभग हर देश से आयात पर कर - टैरिफ - लगाकर अपने अधिकार का अतिक्रमण किया।

## गाजा में इजराइली हमले से मची तबाही छुपते फिर रहे फिल्सतीनी

**इजराइल।** इजराइल ने उत्तरी गाजा के पांच और इलाकों में जबरन विस्थापन के आदेश जारी किए हैं। वह पट्टी की आबादी को एन्क्लेव के छोटे-छोटे इलाकों में दबाना जारी रखे हुए है। हमास वर्तमान में एक नए युद्धविराम प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है, जिसके बारे में अमेरिका का कहना है कि इस पर इजराइल ने हस्ताक्षर कर दिए हैं, लेकिन इसके मौजूदा स्वरूप में गाजा में और अधिक हत्याएं ही होंगी। मध्य गाजा में एक घर पर इजराइली हवाई हमले में 22 लोग मारे गए हैं, जिनमें नौ महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दीर अल-बलाह शहर में अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार यह हमला मध्य गाजा के शहरी शरणार्थी शिविर बुरेज में एक घर पर हुआ।

# अमेरिकी युद्धविराम प्रस्ताव फिलिस्तीनी मांगों पर खरा नहीं : हमास

**गाजा (आईएएनएस)**

हमास के एक वरिष्ठ नेता ने कहा है कि गाजा पट्टी में युद्ध रोकने के लिए अमेरिका का जो प्रस्ताव आया है, उस पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, यह प्रस्ताव हमास और फिलिस्तीनी लोगों की मुख्य मांगों को पूरा नहीं करता। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य बासम नईम ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उन्हें अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ द्वारा पिछले हफ्ते दिए गए युद्धविराम प्रस्ताव पर इजरायल की प्रतिक्रिया मिल गई है। नईम के मुताबिक, इजरायल ने फिलिस्तीन की मुख्य मांगों को नहीं माना। इनमें लड़ाई को



पूरी तरह खत्म करना और गाजा पर लगी पुरानी नाकेबंदी हटाना शामिल है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव युद्धविराम के दौरान भी इजरायल के कब्जे और लोगों की तकलीफों को जारी रहने देगा। नईम ने कहा, "इसके बावजूद हमास का नेतृत्व फिलिस्तीनी जनता के खिलाफ जारी हिंसा और मानवीय संकट को ध्यान में रखते हुए ज़िम्मेदारी के साथ इस प्रस्ताव पर विचार कर रहा है।" हमास ने पहले कहा था कि उसे मध्यस्थों के जरिए नया युद्धविराम प्रस्ताव मिला है। वह इसका मूल्यांकन इस तरह कर रहा है कि यह फिलिस्तीनी लोगों के हितों की रक्षा करे और गाजा के लोगों के लिए स्थायी शांति और राहत लाने में मदद करे। हमास ने पहले कहा था कि वह विटकॉफ के साथ एक समझौते के "सामान्य ढांचे" पर सहमत हो गया है। इस समझौते का मकसद स्थायी युद्धविराम करना, इजरायल की गाजा से पूरी तरह वापसी सुनिश्चित करना, राहत सामग्री की आपूर्ति शुरू करना और हमास से एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी समिति को सत्ता सौंपना है।



## ‘ऑपरेशन सिंदूर से विचलित इंडी गठबंधन के नेता फैला रहे हैं भ्रम’

● इंडी गठबंधन के नेता अब फेक न्यूज पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इसबात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि इंडी गठबंधन के नेताओं की हताशा, निराशा की स्थिति हो गई है कि वह फेक न्यूज पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा दोनों ये कह रहे है कि भाजपा सिंदूर यात्रा निकालने वाली है। जबकि यह पूर्णत फेक न्यूज़ है। प्रतुल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के पराक्रम का पूरे विश्व ने लोहा माना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में सैन्य बलों ने दुश्मन के घर के भीतर घुसकर आतंकी ठिकानों पर हमला किया। पूरे विश्व में भारत की प्रशंसा हो रही है और यह मान लिया गया है कि आतंकवादी घटनाओं के खिलाफ भारत का यही न्यू नॉर्मल रिएक्शन रहेगा।

प्रतुल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता से बदहवास होकर गठबंधन के नेता अब फेक न्यूज पर भी अपनी प्रतिक्रिया देने लगे हैं। प्रतुल ने कहा पहले पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा सिंदूर यात्रा निकालने जा रही है। अब तो झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस भी फेक न्यूज़ पर प्रेस कांफ्रेंस करने लगा है। प्रतुल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तानियों और आतंकियों को इस बात का करारा जवाब था कि धर्म पूछ कर सिंदूर उजाड़ने वालों का क्या हश्र होता है। प्रतुल ने कहा पूरे देश की 140 करोड़ जनता ने एक स्वर में इस ऑपरेश के समय सरकार के साथ खड़े होकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## विकास व विरासत को समर्पित था लोकमाता अहिल्याबाई का सुशासन : शिवप्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर शक्ति और भक्ति का समन्वय थीं। उन्होंने कभी स्वयं को रानी नहीं माना, बल्कि भगवान शिव की सेविका के रूप में राजकाज चलाया। वे शुक्रवार को कार्निवल बैंक्वेट हॉल में पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे।

शिवप्रकाश ने कहा कि अहिल्याबाई की नीतियों में ममता और ममता की भावना स्पष्ट दिखाई देती थी। उन्होंने अपने शासनकाल में गरीब कल्याण, किसान कल्याण, जनजाति उत्थान और महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी। आज से 300 वर्ष पूर्व उन्होंने जिस सुशासन की स्थापना की, वह उनके न्यायप्रिय और नैतिक नेतृत्व का परिचायक है।यहां तक कि उन्होंने अपने ही पुत्र को दंडित करने का निर्णय लिया, जो एक मिसाल है। कार्यक्रम को विधायक सी.पी. सिंह, नवीन जायसवाल और आरती सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, बालमुकुंद सहाय, मंत्री सीमा पासवान, हेमंत दास, शिवपूजन पाठक, शशांक राज सत्यनारायण सिंह, मनोज मिश्रा, केके गुप्ता, सुबोध सिंह गुड्डू, संजय जयसवाल, ओम प्रकाश, संजीव विजयवर्गीय, सीमा शर्मा, संदीप वर्मा, रमेश सिंह, काजल प्रधान सहित अन्य उपस्थित थे।




### विश्व की नारी शक्ति के लिए प्रेरणा हैं रानी अहिल्याबाई होलकर : मरांडी

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब विश्व की महिलाएं अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रही थीं, तब भारत में नारियां सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही थीं। रानी अहिल्याबाई न केवल भारत, बल्कि समूची विश्व की नारी शक्ति के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में नारी शक्ति को राष्ट्र शक्ति के रूप में प्रतिष्ठा मिली है।

### राष्ट्रीय चरित्र को फिर से जीवंत कर रही है केंद्र सरकार : डॉ. रविंद्र कुमार राय

कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार राय ने कहा कि भारत को हजार वर्षों की गुलामी ने हमारे राष्ट्रीय चरित्र को दबाने की कोशिश की व आज़ादी के बाद भी यह प्रयास 60 वर्षों तक जारी रहा। लेकिन अब भाजपा की सरकार उस राष्ट्रीय चरित्र को पुनः प्रतिष्ठित कर रही है।

### देश को आत्मनिर्भर बनाने में महिला शक्ति का योगदान अहम : संजय सेठ

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने में महिलाओं की भूमिका अहम रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी सैन्य उपलब्धियां हमारी बेटियों और बहनों के योगदान का परिणाम हैं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जाग रहा भारत : अर्जुन मुंडा

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी परंपरा, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास से पुनः जुड़ रहा है। अब प्रत्येक नागरिक की उपलब्धि को राष्ट्र की उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

## विनय चौबे ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया



**रांची।** शराब घोटाला के गंभीर आरोपों में एसीबी द्वारा गिरफ्तार राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी विनय चौबे ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। विनय चौबे ने हाईकोर्ट में उनके खिलाफ एसीबी द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी और कार्रवाई को निरस्त करने व गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की है। बीएनएस की धारा 482 के अंतर्गत उन्होंने याचिका दाखिल कर कहा है कि जिस मामले में उनके विरुद्ध एसीबी ने कार्रवाई की है, वह पूरी तरह निराधार है। कहा कि उनकी इस मामले में कोई संलिप्तता नहीं है, इसलिए उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द की जानी चाहिए और उन्हें न्यायिक हिरासत से रिहा किया जाना चाहिए।

# बीएयू में रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए सरकार पहल करेगी : शिल्पी नेहा तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है झारखंड लोक सेवा आयोग के माध्यम से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में शिक्षकों, वैज्ञानिकों और पदाधिकारियों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए राज्य सरकार अपनी ओर से कारगर पहल करेगी।

मंत्री ने विश्वविद्यालय को निर्देश दिया की जेपीएससी को अब तक नियुक्ति के लिए जो अधियाचना भेजी गई है उन कागजातों की प्रति उन्हें यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जाए ताकि वह अपने स्तर से आवश्यक पहल कर सकें।



श्रीमती शिल्पी ने विश्वविद्यालय को अपने आंतरिक स्रोतों से राजस्व बढ़ाने की सलाह दी है ताकि विश्वविद्यालय की छोटी-मोटी आवश्यकताएं उसी से पूरी हो सकें और हर छोटी जरूरत के लिए भी उसे राज्य सरकार पर निर्भर नहीं रहना पड़े।

मंत्री शुक्रवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कामकाज की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने विश्वविद्यालय के कामकाज पर संतोष व्यक्त किया तथा आगामी वर्ष की कार्य योजना के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय जिन गांवों में तकनीकी विकास कार्यक्रम चल रहा है, वहां उसका प्रभाव दिखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बीएयू के तकनीकी सहयोग से राज्य सरकार आगामी अक्टूबर माह में मोराबादी मैदान में एक विराट कृषि मेला का आयोजन करेगी, जिसमें बड़ी संख्या में राज्य भर के किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने वर्ष 2024-25 की उपलब्धियां का ब्योरा तथा वर्ष 2025-26 की कार्य योजना की रूपरेखा मंत्री के समक्ष रखी। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थान उलिहातू (खूंटी), वीर बुधु भगत के जन्म स्थल सिलगाई और कमाटी (चान्हो, रांची), शहीद अल्बर्ट एक्का के जन्म स्थल जारी (गुमला) और पूर्व केंद्रीय मंत्री कार्तिक उरांव के जन्म स्थल लिट्टी टोली (गुमला) को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए बीएयू अंगीकृत करेगा।

बैठक में कांके के विधायक सुरेश कुमार बैठा, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के विशेष सचिव प्रदीप कुमार हजारी तथा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

वित्त आयोग की बैठक में डॉ देवशरण भगत व प्रवीण प्रभाकर ने बातें रखीं

## वित्तीय अनुशासन की शर्त पर मिले राज्य को सहायता : आजसू पार्टी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** वित्त आयोग की बैठक में आजसू पार्टी की ओर से मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने भाग लिया। श्री प्रभाकर द्वारा वित्त आयोग के सामने राज्य में वित्तीय कुप्रबंधन तथा विकास योजनाओं के पैसों के विचलन का आरोप लगाया गया। श्री प्रभाकर ने पार्टी का पक्ष रखते हुए कहा कि राज्य सरकार विकास के प्रति गंभीर नहीं है, इसी कारण वित्त आयोग की बैठक से सीएम अनुपस्थित रहे। श्री प्रभाकर ने वित्त आयोग से कहा कि झारखंड का गठन एक लंबे संघर्ष के बाद हुआ है और भाजपा–आजसू गठबंधन के नेतृत्व में राज्य विकास की पटरी पर आगे बढ़ा था, लेकिन विगत 5–6 वर्षों से वित्तीय कुप्रबंधन तथा भ्रष्टाचार के कारण राज्य का विकास बाधित हुआ है। यह राज्य कई संरचनात्मक, सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिनके समाधान के लिए वित्त आयोग से विशेष ध्यान देने का अनुरोध है। उन्होंने कहा कि खनन परियोजनाओं से प्राप्त राजस्व का उचित हिस्सा झारखंड को मिलना चाहिए। आजसू ने पेसा कानून लागू करने और नगर निकायों का चुनाव करने के लिए ध्यान आकृष्ट किया। डॉ भगत ने वित्त आयोग से केंद्रीय अनुदान के उपयोग का पारदर्शी लेखा–जोखा सुनिश्चित करने, योजनाओं के कार्यान्वयन में समानता, और समावेशिता को बढ़ावा देने तथा जन शिकायत निवारण तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु दिशानिर्देश देने का अनुरोध किया।



## वित्तीय सहायता और संसाधनों में झारखंड के साथ न्याय हो : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने 16वें वित्त आयोग के समक्ष राज्य के सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन, पर्यावरणीय चुनौतियों, केंद्र-राज्य संबंधों में संतुलन और क्षेत्रीय विषमताओं को उजागर करते हुए कई अहम मांगें रखी हैं। झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने आयोग के समक्ष आग्रह किया है कि राज्य की विशेष परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए वित्तीय सहायता और संसाधनों के आवंटन में झारखंड के साथ न्याय किया जाए। झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की ये मांगें केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राज्य के सामाजिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण से भी जुड़ी हुई हैं। पार्टी का मानना है कि यदि वित्त आयोग इन बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करता है, तो झारखंड को विकास की मुख्यधारा में लाने की दिशा में बड़ा कदम होगा। भौगोलिक और संरचनात्मक चुनौतियों से जूझता झारखंड झारखंड एक अनुसूचित जनजाति बहुल राज्य है, जो सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से देश के अन्य राज्यों की तुलना में अधिक पिछड़ा हुआ है। राज्य की भौगोलिक विषमताएं, बड़े हिस्से में फैले नक्सल प्रभावित इलाके और दुर्गम क्षेत्र विकास को महंगा और जटिल बना देते हैं। ऐसे में झामुमो ने वित्त आयोग से आग्रह किया है कि राज्य की इन खास परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उसे सहायता अनुदान प्रदान किया जाए। कर व्यवस्था में असमानता, पिछड़े राज्यों की हिस्सेदारी बढ़े झामुमो ने आयोग का इस ओर ध्यान दिलाया कि वर्तमान कर व्यवस्था में अधिकांश कर संग्रहण केंद्र सरकार के द्वारा किया जाता है, जिससे बड़े और विकसित राज्यों को अपेक्षाकृत अधिक लाभ मिलता है। वहीं झारखंड जैसे छोटे और संसाधन-आधारित राज्यों को अपेक्षित हिस्सेदारी नहीं मिल पाती। झामुमो की मांग है कि करों के बंटवारे में पिछड़े राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाई जाए, ताकि वे भी देश के समग्र विकास में प्रभावी भूमिका निभा सकें। खनिज संपदा से केंद्र को लाभ, राज्य को हानि खनिज संपदा से भरपूर झारखंड को इसके दोहरे परिणाम भुगतने पड़ते हैं। एक ओर खनन से मिलने वाला बड़ा आर्थिक लाभ केंद्र को जाता है, तो दूसरी ओर पर्यावरण और सामाजिक नुकसान राज्य को उठाना पड़ता है। झामुमो ने यह मांग रखी है कि डीएमएफटी (डिस्ट्रिक मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट) में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाई जाए, ताकि खनन प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास और विकास पर समुचित खर्च किया जा सके। केंद्र सरकार के उपक्रमों पर भारी बकाया दिलाएं झारखंड सरकार के अनुसार केंद्र सरकार के उपक्रमों पर राज्य का करीब 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपये बकाया है।

इसे लेकर राज्य सरकार ने कई बार पत्राचार किया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। झामुमो ने वित्त आयोग से अपील की है कि इस राशि की वसूली में राज्य सरकार की मदद की जाए, ताकि विकास कार्यों के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध हो सकें। अनुसूचित क्षेत्रों को मिले विशेष संरक्षण झारखंड के कई क्षेत्र पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आते हैं। झामुमो का कहना है कि जैसे छठी अनुसूची वाले क्षेत्रों को विशेष अधिकार और सहायता मिलती है, वैसे ही पांचवीं अनुसूची के क्षेत्रों को भी विशेष वित्तीय सहायता दी जानी चाहिए। इससे आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, महिला, युवा, किसान और स्थानीय उद्यमी सशक्त होंगे और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी बढ़ेगी। सूखा प्रभावित जिलों को आपदा राहत सहायता की जरूरत राज्य के कई जिले हर वर्ष असामयिक या कम वर्षा के कारण सूखा प्रभावित हो जाते हैं। झामुमो ने आग्रह किया है कि इन क्षेत्रों को आपदा प्रबंधन के तहत विशेष सहायता प्रदान की जाए, ताकि कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायित्व मिल सके।

## राज्य की वित्तीय विषमताओं को दूर कर राजस्व न्याय किया जाए : कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 16वें वित्त आयोग को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर राज्य के आर्थिक हितों और वित्तीय चुनौतियों पर गंभीर चिंता जताई है। पार्टी की ओर से सूर्यकांत शुक्ला (प्रभारी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, सेंट्रल कंट्रोल रूम, झारखंड) और डॉ. रमेश्वर उरांव ने ज्ञापन में राज्य की वित्तीय स्थिति का ब्यौरा देते हुए आयोग से महत्वपूर्ण सिफारिशें करने का अनुरोध किया है। कांग्रेस पार्टी ने झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तुत मांगों का समर्थन करते हुए 16वें वित्त आयोग से आग्रह किया है कि वह राज्य की वित्तीय विषमताओं, विकास चुनौतियों और राजस्व न्याय को ध्यान में रखकर न्यायपूर्ण और प्रभावी अनुशंसा दे।

राज्य का आर्थिक योगदान और चुनौतियां ज्ञापन में बताया गया कि झारखंड का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) देश की वास्तविक जीडीपी का केवल 1.64% है, जबकि राज्य की जनसंख्या और क्षेत्रफल क्रमशः 2.7% और 2.4% है। इसके बावजूद, झारखंड देश के सबसे कम प्रति व्यक्ति आय वाले राज्यों में शामिल है और केवल बिहार और उत्तर प्रदेश ही इससे नीचे है। संघीय करों पर निर्भरता और क्षतिपूर्ति की मांग राज्य की कुल राजस्व प्राप्तियों में से 52.71% हिस्सा केंद्र सरकार के हस्तांतरणों पर निर्भर करता है। लेकिन हाल के वर्षों में ग्रांट-इन-एड में लगातार गिरावट दर्ज की गई है, जो 2019-20 में 12,303 करोड़ थी, वह 2023-24 में घटकर 9,146 करोड़ रह गई। पार्टी ने यह भी दावा किया कि 2025-30 के बीच एसजीएसटी संग्रह में राज्य को लगभग 61,677 करोड़ के नुकसान का अनुमान है। वित्तीय अनुशासन और निवेश झारखंड सरकार ने एफआरबीएम अधिनियम का अनुपालन करते हुए ऋण-से-जीएसडीपी अनुपात में स्थिरता बनाए रखी है। पूंजीगत व्यय को लेकर भी राज्य ने मजबूती दिखाई है। वित्तीय वर्ष 2019 में 23% से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024 में यह 29% हुआ। करों में राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाने की मांग ज्ञापन में केंद्र द्वारा राज्यों को मिलने वाले करों में हिस्सेदारी को 41% से बढ़ाकर 50% करने की मांग की गई है, जिससे राज्यों को अधिक वित्तीय स्वायत्तता मिल सके। इसके अलावा, कांग्रेस ने झारखंड की कर-हिस्सेदारी को 15वें वित्त आयोग में मिले 3.3% से ऊपर ले जाने की भी अपील की है। पर्यावरणीय योगदान के लिए प्रोत्साहन झारखंड ने वन संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाई है, लेकिन इससे राज्य को राजस्व में नुकसान हुआ है।

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड ने मांगे 3,03,527.44...**

भी आयोग को अवगत कराया गया। जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार ने आधारभूत संरचना के विकास के लिए सबसे ज्यादा 2 लाख 1 हजार 772 करोड़ रुपए की मांग रखी है। इसके तहत सड़क, पुल, ग्रामीण विकास, परिवहन, शहरी विकास, ऊर्जा, उद्योग और पर्यटन आदि से संबंधित जरूरतों को रेखांकित किया गया है। सामाजिक क्षेत्र में विकास के लिए 44 हजार 447 करोड़, कृषि, वन एवं जल संसाधन के क्षेत्र के लिए 41 हजार 388 करोड़ और गृह, पंचायती राज, भूमि सुधार, राजस्व आदि क्षेत्र के लिए 17 हजार 918 करोड़ की मांगें आयोग के समक्ष रखी गई हैं। ज्ञात हो कि 15वें वित्त आयोग को झारखंड सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपए का प्रस्ताव दिया था, जिसके विरुद्ध राज्य को ग्रामीण सड़क, पुलिया, आपदा प्रबंधन, नगर विकास तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में 12,398 करोड़ रुपए ही उपलब्ध कराए गए। लिहाजा, राज्य सरकार ने 16वें वित्त आयोग से बकाया राशि की भी मांग की है। इसके अलावा, जीएसटी कंपनसेशन, जो पांच वर्ष (जुलाई 2017 से जुलाई 2022) तक प्राप्त होता रहा था, वह जुलाई 2022 के बाद बंद हो गया। इससे राज्य को करीब 61,670 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। राज्य सरकार ने वित्त आयोग की टीम से अतिरिक्त अनुदान देने की भी मांग की, ताकि उक्त नुकसान की भरपाई हो सके। रांची के एक होटल में हुई बैठक के बाद नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से वित्त आयोग को 3,03,527.44 करोड़ की मांग से संबंधित प्रतिवेदन सौंपा गया है। स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा एवं आधारभूत संरचना, जो राज्य सरकार की प्राथमिकता में है, उसे लेकर अनुदान की मांग वित्त आयोग से की गई है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत सरकार की यह संवैधानिक संस्था केंद्र सरकार के समक्ष सकारात्मक सोच के साथ हमारी मांगों को पहुंचाने में मदद करेगी। मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि उत्पादक राज्य होने के कारण झारखंड को होने वाले घाटे को भी वित्त आयोग के समक्ष प्रमुखता से रखा गया है। जो मांगें रखी गई हैं, उसे आप विशेष पैकेज मानें या अनुदान की राशि, राज्य सरकार ने बड़े ही तर्कपूर्ण ढंग के साथ इसे रखा है। वित्त आयोग ने भी हमें भरोसा दिया है कि मांगों पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि आयोग के समक्ष हमारी सरकार ने राज्य की विशिष्ट परिस्थितियों और जरूरतों के बारे में विस्तृत प्रतिवेदन रखा है। हम आयोग की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं। हमें विश्वास है कि झारखंड के प्रति पूरा न्याय होगा और हर क्षेत्र के विकास के लिए हमें हमारी मांग के अनुसार अनुदान प्राप्त होगा। बैठक में राज्य सरकार के मंत्री रामदास सोरेन, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार के अलावा मुख्य सचिव अलका तिवारी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

**40 प्रतिशत खनिज हैं, पर उसके...**

भू-भाग वनों से आच्छादित है। राज्य की अधिकांश बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं को वन/पर्यावरण स्वीकृति की सख्त प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, जिससे परियोजना में देरी होती है एवं परियोजना की लागत बढ़ जाती है। कहा कि झारखंड खनिजों से समृद्ध है एवं देश के कुल खनिज का लगभग 40 प्रतिशत खनिज यहां पाया जाता है, लेकिन राज्य को उसके अनुरूप लाभ नहीं मिल पाता है। कोयला कंपनियों पर राज्य का भूमि मुआवजा, रॉयल्टी आदि मद में बहुत बड़ी देनदारियां बकाया है। भूमि क्षरण, वायु/जल प्रदूषण, कृषि उत्पादकता, स्वास्थ्य जैसी समस्याओं के अतिरिक्त स्थानीय लोगों को विस्थापन की कीमत भी चुकानी पड़ रही है। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि झारखंड परंपरागत रूप से देश का विनिर्माण केंद्र रहा है। देश का प्रथम इस्पात संयंत्र झारखंड के जमशेदपुर में स्थापित किया गया था। उन्होंने आयोग का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया कि जीएसटी उपभोक्ता राज्यों के लिए फायदेमंद है एवं उत्पादक राज्य के रूप में झारखंड को वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक कुल 61,677 करोड़ रुपए का नुकसान हो सकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में 39 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/ आदिम जनजाति की है। इतनी बड़ी आबादी महत्वपूर्ण सामाजिक सूचकांकों विशेषकर स्वास्थ्य, शिक्षा आदि के मामले में काफी पीछे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समतामूलक विकास के लिए कई स्तरों पर कार्य रही है। महिला सशक्तिकरण एवं उपभोक्ता आधारित विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ‘मंईयां सम्मान योजना’ एवं अन्य योजनाएं प्रारंभ की गई हैं, जिसके कारण राज्य के कोष से भारी अतिरिक्त राशि व्यय करना पड़ रहा है। मुख्य सचिव ने आयोग को अवगत कराया कि झारखंड का गठन वर्ष 2000 में वित्तीय प्रतिबद्धताओं और दायित्वों के साथ हुआ था। झारखंड को विशेष श्रेणी के राज्य या राज्य के लिए विशेष पैकेज की मांग को भारत सरकार द्वारा विचार नहीं किया गया, जो अक्सर नव सृजित राज्यों को मिलता था। राज्य वामपंथी उग्रवाद से भी जूझ रहा है, जो राज्य के विकास पर घातक प्रभाव डालता है। 16वें वित्त आयोग की टीम को बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा राजस्व की प्राप्ति को बढ़ाने के लिए ठोस सार्थक प्रयास किया जा रहा है। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2025-26 के दौरान टैक्स रेवेन्यू/नॉन टैक्स रेवेन्यू में 16.5 प्रतिशत की वृद्धि की ओर आयोग का ध्यान आकृष्ट कराया गया। राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए मुख्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि नीति आयोग की राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक 2025 के प्रतिवेदन में झारखंड 18 सामान्य श्रेणी के राज्यों में चौथे स्थान पर है। कहा गया कि राज्य सरकार पंचायती राज संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों को लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। स्थानीय निकायों को भारत सरकार से मिलने वाले अनुदान में वृद्धि की ओर ध्यान भी आकृष्ट कराया गया।

**‘ऑपरेशन सिंदूर’ अभियान नहीं, सम्मान...**

जब कुठाराघात और प्रहार किया था, ‘सिंदूर’ की आग ने दुश्मन की इस शतरंज को बर्बाद किया है। भारत ने मात्र 22 मिनट के मिसाइल प्रहार से उसके आकाओं को धूल चटा दी। ‘सिंदूर’ की रक्षा के लिए किए गए प्रयासों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यह नया भारत है, जो गोली का जवाब गोले से और कूटनीति के अकाट्य प्रहारों से वह अपने गौरव की रक्षा करना जानता है। विश्व से आतंकवाद के वंश को समाप्त करने और विश्व शांति स्थापित करके विश्व गुरु के सिंहासन पर स्थापित होने के अश्वमेध यज्ञ का नाम ही ‘ऑपरेशन सिंदूर’ है। इस महाअभियान में धर्मनिरपेक्षता और प्रजातंत्र की सुरक्षा में संपूर्ण देश राष्ट्र ध्वज तिरंगे के नीचे एक साथ खड़ा है। जय हिंद, जय हिंद की सेना।

**इस वर्ष निकाय चुनाव हुए, तो...**

सिफरिश की थी। शेष 68 फीसदी हिस्सा सेंट्रल पुल में जाता है। 15वें वित्त आयोग ने केंद्रीय करों में राज्य की भागीगारी 41 फीसदी करने की अनुशंसा की थी। अरविंद पनगढ़िया ने बताया कि राज्य ने करों को कैसा बाटा जाए, इसके लिए भी सुझाव दिए हैं। राज्य सरकार का कहना है कि करों के 17.5 प्रतिशत हिस्से को जनसंख्या के आधार पर, 15 प्रतिशत हिस्से को क्षेत्र के आधार पर, 50 प्रतिशत हिस्से को प्रति व्यक्ति आय के आधार पर, यानी जितनी कम आय हो उतना ज्यादा टैक्स, 12.5 प्रतिशत हिस्से को जंगल के आधार पर, 2.5 प्रतिशत को जीएसटी नुकसान के आधार पर और बाकी 2.5 प्रतिशत इस आधार पर दिया जाना चाहिए कि कौन राज्य कितना प्रयास कर रहा है। ज्ञात हो कि वित्त आयोग का गठन केंद्र और राज्यों में करों के बटवारे को तय करने के लिए हर पांच वर्ष में किया जाता है।

## ‘विकसित कृषि संकल्प अभियान

# वैज्ञानिकों की टीमों ने किसानों से किया संवाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ‘विकसित कृषि संकल्प अभियान’भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किया गया एक महत्वाकांक्षी राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम है। जिसे झारखंड सरकार के कृषि निदेशालय के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक पूरे राज्य में क्रियान्वित किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत सीएआर–राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान की वैज्ञानिक टीमें रांची, खूंटी, लातेहार और लोहरदगा जिलों के विभिन्न पंचायतों में पहुंचकर किसानों से प्रत्यक्ष संवाद कर रही हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य उन्नत कृषि तकनीकों का प्रचार-प्रसार कर किसानों को उत्पादकता बढ़ाने, लागत घटाने, औसत खेती की दिशा में प्रशिक्षित करना है। आज वैज्ञानिकों की टीमों ने खूंटी, रांची, लातेहार एवं लोहरदगा के तीस पंचायतों में भ्रमण कर किसानों से सीधा संवाद स्थापित किया।



इन क्षेत्रों में वैज्ञानिकों ने किसानों को फसल उत्पादन में नवाचार, प्रसंस्करण तकनीकों, और जलवायु अनुकूल कृषि उपायों की जानकारी दी। साथ ही किसानों की समस्याओं को सुनकर स्थानीय समाधान भी सुझाए। कार्यक्रम में महिला एवं पुरुष किसानों की स्वप्रेरित और उत्साहजनक सहभागिता देखने को मिली, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि ग्रामीण किसान कृषि परिवर्तन को लेकर सजग और तैयार हैं।

बीकेएसए-2025 न केवल तकनीकी ज्ञान के आदान-प्रदान का माध्यम बन रहा है, बल्कि यह झारखंड में समुदाय आधारित कृषि नवाचार को बढ़ावा देने वाला एकमॉडल अभियान बनकर उभर रहा है।

## पद्म पुरस्कार प्राप्त लोगों को सरकार दे जमीन और पेंशन : विजय शंकर

**रांची।** झारखंड के सभी पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों को कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ सरकार के तर्ज पर 05 डिसमिल जमीन और 25,000 रुपए मासिक पेंशन व चिकित्सा सुविधा राज्य सरकार मुहैया कराए। उपरोक्त बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र भेज कर इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया है। श्री नायक ने कहा कि झारखंड के पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों के सम्मान में, हम झारखंड सरकार से अनुरोध करते हैं कि इन विशिष्ट व्यक्तियों को उनके योगदान के लिए उचित सुविधाएं प्रदान की जाएं। विशेष रूप से पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त व्यक्ति को रहने के लिए पांच डिसमिल जमीन और जीवनयापन के लिए मासिक मानदेय राशि प्रदान की जाए।

# पीएम मोदी ने वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से की मुलाकात

## युवा सितारे वैभव सूर्यवंशी ने प्रधानमंत्री के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इंडियन प्रीमियर लीग इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2025 में अपनी धाक जमाई है। इस 14 वर्षीय बल्लेबाज ने राजस्थान रॉयल्स की ओर से 7 आईपीएल मुकाबलों में 36 की औसत के साथ 252 रन बनाए हैं। इस दौरान सूर्यवंशी ने एक शतक और एक अर्धशतक जड़ा। राजस्थान रॉयल्स खिताबी रेस से बाहर है। टीम का अभियान 20 मई को ही समाप्त हो चुका है। इसलिए वैभव फिलहाल एक ब्रेक पर हैं। वैभव सूर्यवंशी हाल ही में पटना एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले। खुद पीएम के 'एक्स' हैंडल




पर मुलाकात की जानकारी दी गई है। पीएम मोदी बिहार के दो दिवसीय दौरे पर थे। उन्होंने इस युवा खिलाड़ी के क्रिकेट कौशल की जमकर तारीफ की। पीएम मोदी के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर वैभव सूर्यवंशी के साथ कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा गया, "पटना एयरपोर्ट पर युवा क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मुलाकात हुई। उनके क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है! उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। वैभव जब अपने माता-पिता के साथ पीएम मोदी से मिले तो उनके पैर भी छुए। इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री ने वैभव को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं, जो आने वाले दिनों में उनके खेल जीवन के लिए संबल का कार्य करेंगी। यह क्षण न केवल वैभव के लिए व्यक्तिगत उपलब्धि रहा, बल्कि यह भी प्रमाणित करता है कि बिहार क्रिकेट में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है – आवश्यकता है केवल मंच, अवसर और सकारात्मक मार्गदर्शन की।

### अंडर-19 इंग्लैंड दौरे पर वैभव शामिल

यह बिहार क्रिकेट के लिए यह एक और ऐतिहासिक क्षण रहा। वैभव की इस विशेष उपलब्धि के पीछे बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष की अहम भूमिका रही जिन्होंने जिन्होंने नेशनल क्रिकेट अकादमी, बीसीसीआई से विशेष अनुमति दिलवाकर वैभव को पटना बुलवाया और उन्हें प्रधानमंत्री मोदी से भेंट करने का अवसर मिला। वैभव का अब तक का प्रदर्शन राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर लगातार सराहनीय रहा है। उनकी मेहनत, तकनीक और समर्पण ने उन्हें न केवल अपने साथियों के बीच अलग पहचान दिलाई है, बल्कि चयनकर्ताओं और प्रशासकों का विश्वास भी अर्जित किया है। बता दें कि राजस्थान रॉयल्स इस सीजन 14 में से 4 मैच ही जीत सकी। टीम इस खराब प्रदर्शन के साथ प्वाइंट्स टेबल में नौवें पायदान पर रही। भले ही राजस्थान ने अपने फैंस को निराश किया, लेकिन सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने फैंस का दिल जीत लिया है।

## न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का 77 वर्ष की आयु में निधन

**क्राइस्टचर्च (आईएएनएस)**। न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का गुरुवार को क्राइस्टचर्च में 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ट्रिस्ट के निधन की पुष्टि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने की है। ट्रिस्ट का न्यूजीलैंड को साल 2000 की चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में अहम रोल रहा है। ये आईसीसी ट्रॉफी कीवी टीम ने ट्रिस्ट की कोचिंग में ही जीती थी। ट्रिस्ट कैंटरबरी के पूर्व तेज गेंदबाज थे, जिन्होंने 1968 से 1982 तक 14 साल के खेल करियर के दौरान 24 प्रथम श्रेणी मैच और छह लिस्ट ए मैच खेले। ट्रिस्ट ने 1999 से 2001 तक दो साल न्यूजीलैंड की पुरुष टीम को कोचिंग दी और 15 अक्टूबर 2000 को नैरोबी में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी जिताई, जो टीम का एकमात्र वैश्विक व्हाइट बॉल खिताब है।



## नॉर्वे शतरंज: गुकेश ने कारुआना को दी मात

**स्टावेंजर (आईएएनएस)**। विश्व के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने भारतीय नंबर 2 अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ अंतिम गेम में शानदार जीत के साथ अपनी क्लास दिखाई। पिछले दो राउंड में दो आर्मागेडन गेम हारने वाले नॉर्वेजियन सुपरस्टार ने घरेलू मैदान पर इस जीत के साथ एकल बढ़त बना ली। विश्व चैंपियन डोमाराजू गुकेश और विश्व नंबर 3 फैबियानो कारुआना के बीच बाजी में, अमेरिकी लगभग पूरे गेम में आगे चल रहे थे, उनके पास जीतने के काफी मौके थे। हालांकि, गुकेश के शानदार रक्षात्मक कौशल के कारण वे अपने लाभ को भुना नहीं सके। इसके बाद गुकेश ने आर्मागेडन गेम को आसानी से जीत लिया। इससे पहले, विश्व चैंपियन गुकेश ने तीसरे राउंड में विश्व नंबर 2 हिकारू नाकामुरा को हराया, और शानदार प्रदर्शन के साथ अपने खिताब की दावेदारी को मजबूत किया।



## सिनर ने रौलां गैरो में गास्के का करियर खत्म किया, पेरिस क्ले पर जीत का सिलसिला बढ़ाया

**पेरिस (आईएएनएस)**। विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर ने गुरुवार को फ्रेंच ओपन में पुरुष एकल के तीसरे दौर में पहुंचने के लिए फ्रांसीसी खिलाड़ी रिचर्ड गास्के को 6-3, 6-0, 6-4 से हराकर रौलां गैरो में उनके शानदार करियर का अंत कर दिया। पेरिस में क्ले-कोर्ट मेजर में अपना 22वां प्रदर्शन करते हुए, 38 वर्षीय गास्के एक घंटे, 58 मिनट के संघर्ष के दौरान सिनर की भारी बॉल-स्ट्राइकिंग और सटीक सटीकता का जवाब देने में असमर्थ रहे। अपनी जीत के साथ, एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी ने अपने ग्रैंड स्लैम मुकाबले जीतने के सिलसिले को 16 मैचों तक बढ़ा दिया, ऐसा करने वाले 1990 या उसके बाद पैदा हुए पहले व्यक्ति बन गए। सिनर ने गास्के , जिन्होंने 2005 में मोंटे-कार्लो में रोजर फेडरर को हराकर विश्व नंबर 1 पर अपनी एकमात्र जीत दर्ज की थी, से कहा, "कोर्ट के बाहर हमारे बीच अच्छे संबंध हैं। हम अलग-अलग पीढ़ी के हैं, लेकिन यह आपका पल है। इतालवी स्टार को एटीपी टूर ने अपनी वेबसाइट पर एक रिपोर्ट में यह कहते हुए उद्धृत किया।



## रोहित शर्मा की यादगार पारी, बेयरस्टो-सूर्या भी चमके

# मुंबई ने गुजरात को दिया 229 रनों का टारगेट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में आज गुजरात टाइटन्स का सामना मुंबई इंडियंस से हो रहा है. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में है. इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटन्स को जीत के लिए 229 रनों का टारगेट दिया है. मुंबई की ओर से रोहित शर्मा ने शानदार 81 रन बनाए। बता दें कि एलिमिनटेर मुकाबले में हारने वाली टीम प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगी, जबकि विजेता टीम क्वालिफायर-2 मुकाबले में पंजाब किंग्स (PBKS) का सामना करेगी. क्वालिफायर-2 मुकाबला 1 जून को अहमदाबाद में खेला जाना है। मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए पांच विकेट पर 228 रन बनाए. मुंबई की शुरुआत काफी जबरदस्त रही. जॉनी बेयरस्टो और रोहित शर्मा ने मिलकर पहले विकेट के लिए 84 रनों की पार्टनरशिप की. हालांकि इस पार्टनरशिप के दौरान रोहित शर्मा को दो जीवनदान भी मिले. पहले गेराल्ड कोएट्जी और फिर कुसल मेंडिस ने उनका कैच टपकाया. आर. साई किशोर ने जॉनी बेयरस्टो को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा. बेयरस्टो ने 4 चौके और तीन छक्के की मदद से 22 बॉल पर 47 रन बनाए. जॉनी बेयरस्टो के आउट होने के कुछ देर बाद रोहित शर्मा ने 28 बॉल पर अपना अर्धशतक पूरा कर लिया।



विकेट पतन: 84-1 (जॉनी बेयरस्टो, 7.2 ओवर), 143-2 (सूर्यकुमार यादव, 12.6 ओवर), 186-3 (रोहित शर्मा, 16.4 ओवर), 194-4 (तिलक वर्मा, 17.2 ओवर), 206-5 (नमन धीर, 18.4 ओवर).

### रोहित की तूफानी पारी, मुंबई की गुजरात के खिलाफ तीसरी भिड़ंत

रोहित शर्मा ने 50 गेंदों पर 81 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और चार छक्के शामिल रहे. रोहित को प्रसिद्ध कृष्णा ने राशिद खान के हाथों कैच आउट कराया. रोहित के बाद तिलक वर्मा (25 रन) भी चलते बने, जिनका शिकार मोहम्मद सिराज ने किया. नमन धीर (9) कुछ खास नहीं कर पाए, लेकिन कप्तान हार्दिक पंड्या (22*) ने आखिरी ओवर में तीन छक्के जड़कर मुंबई को 225 रनों के पार पहुंचा दिया. गुजरात की ओर से आर. साई किशोर और प्रसिद्ध कृष्णा ने दो-दो विकेट लिए. मोहम्मद सिराज को भी एक सफलता हाथ लगी। गुजरात टाइटन्स और मुंबई इंडियंस के बीच इंडियन प्रीमियर लीग में अबतक 7 मुकाबले खेले गए हैं. इस दौरान गुजरात टाइटन्स को 5 मैचों में जीत मिली. जबकि दो मुकाबलों में मुंबई इंडियंस विजेता बनी. मौजूदा सीजन में दोनों टीमें तीसरी बार आमने-सामने हुई हैं. इससे पहले इस सीजन में दोनों टीमों के बीच जो दो मुकाबले खेले गए, उसमें गुजरात गुजरात टाइटन्स ने जीत हासिल की थी।

## सान्वी-कशिका ने हासिल किया 8वां स्थान

**हांगकांग (आईएएनएस)**। भारतीय गोल्फरों रणवीर मित्रो और कृष चावला ने एशिया-पैसिफिक गोल्फ कन्फेडरेशन (एपीजीसी) जूनियर चैंपियनशिप के दौरान यहां हांगकांग गोल्फ क्लब में लड़कों की टीम स्पर्धा में कुल चार ओवर 430 के स्कोर के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। चीनी जोड़ी जिन हेंग यान और जिन हान ने चार-अंडर 422 के कुल स्कोर के साथ लड़कों की टीम स्पर्धा का खिताब जीता। बारिश के मौसम ने कम स्कोर बनाना मुश्किल बना दिया, लेकिन रणवीर ने टूर्नामेंट में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए तीसरे और अंतिम राउंड में दो ओवर 73 का स्कोर जमा किया और व्यक्तिगत स्पर्धा में छठा स्थान हासिल किया।



# रायजा- अनंतजीत की वापसी, लोनाटो वर्ल्ड कप के लिए 12 सदस्यीय शॉटगन टीम घोषित

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके स्कीट शूटर रायजा ढिल्लों और अनंतजीत सिंह नरूका एक बार फिर राष्ट्रीय टीम का हिस्सा होंगे। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) की चयन समिति ने उन्हें उस 12 सदस्यीय शॉटगन टीम में शामिल किया है, जो 4 से 14 जुलाई 2025 के बीच इटली के लोनाटो डेल गर्डा में होने वाले इस साल के चौथे और अंतिम इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप स्टेज में हिस्सा लेगी।

पिछले सप्ताह सुहल में जूनियर वर्ल्ड कप में रजत पदक जीतने के बाद रायजा ने कहा था, "इस समय मेरी नजरें जुलाई में होने वाले लोनाटो वर्ल्ड कप पर हैं और मुझे उम्मीद है कि इस साल के मेरे अच्छे प्रदर्शन से मुझे इटली में आत्मविश्वास मिलेगा। इस महीने की शुरुआत में निकोसिया में हुए तीसरे शॉटगन वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में से, जहां भारत ने नए ओलंपिक इवेंट-ट्रैप मिक्स्ड टीम-में अपना पहला आईएसएसएफ पदक (कांस्य) जीता, केवल अनुभवी मैराज अहमद खान (पुरुष स्कीट) और महेश्वरी चौहान (महिला स्कीट) ही अपनी जगह बनाए रखने में सफल रहे हैं।




### आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शॉटगन, लोनाटो इटली के लिए भारतीय टीम

- स्कीट पुरुष: अनंतजीत सिंह नरूका, मैराज अहमद खान, भवतेग सिंह गिल
- स्कीट महिला: रायजा ढिल्लों, गनेमत सेखों, महेश्वरी चौहान
- ट्रैप पुरुष: लक्ष्य श्योरण, जोरावर सिंह संधू, जसविंदर सिंह
- ट्रैप महिला: नीरू धांडा, प्रगति दुबे, प्रीति रजक

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# 2030 तक पर्यटन क्षेत्र देश की जीडीपी में 10 प्रतिशत का योगदान देगा : केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि ग्लोबल इकोनॉमी में 10 प्रतिशत योगदान टूरिज्म सेक्टर का होता है और मुझे यकीन है कि ग्लोबल पैरामीटर के तहत 2030 तक हमारा पर्यटन क्षेत्र भी देश की जीडीपी में 10 प्रतिशत का योगदान देगा। हम इस विजन पर तेजी से काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में सीआईआई 'एनुअल बिजनेस समिट 2025' में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में कोरोना संकट के बाद से घरेलू पर्यटन को लेकर जबरदस्त तेजी देखी गई है। उन्होंने कहा, "भारत के टूरिज्म सेक्टर को प्रमोट करने और वैश्विक स्तर पर



देश की क्षमता को बढ़ाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर क्रिएशन पहली जरूरत थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सड़कें, एक्सप्रेसवे और डेढ़ लाख किलोमीटर के हाइवे बने, नया मॉडर्न रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हुआ। नए एयरपोर्ट्स बने। उन्होंने आगे कहा, "हालांकि, अभी भी बहुत से काम किए जाने बाकी हैं। फ्लाइट्स की संख्या बढ़ाए जाने की जरूरत है। भविष्य में 3,000 एयरक्राफ्ट्स आने वाले हैं। एयरक्राफ्ट्स की बढ़ती संख्या इस बात का संकेत है कि दुनिया का भारत को देखने का नजरिया बदल रहा है। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा, "जिस तेजी से हमारी अर्थव्यवस्था का विकास हो रहा है, उतनी ही तेजी से देश का पर्यटन क्षेत्र आगे बढ़ रहा है।

### गरीबी से मध्यम वर्ग की ओर बदलाव

- 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आकर मध्यम वर्ग में शामिल हुए।
- इस सामाजिक-आर्थिक बदलाव ने लोगों की जीवनशैली में बड़ा परिवर्तन लाया।

### मध्यम वर्ग और पर्यटन का संबंध

- मध्यम वर्ग के लोग घर से बाहर निकलते समय धार्मिक पर्यटन पर खर्च करना पसंद करते हैं।
- इससे देश में स्प्रिचुअल टूरिज्म (धार्मिक पर्यटन) तेजी से बढ़ा।

## ई-कॉमर्स साइट्स को लेकर सरकार ने जारी किए दिशा-निर्देश

**नई दिल्ली**। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने शुक्रवार को ई-कॉमर्स साइटों पर रेडियो उपकरणों की अवैध लिस्टिंग और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए नए मानदंड जारी किए हैं। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर वॉकी-टॉकी सहित रेडियो उपकरणों की अवैध लिस्टिंग और बिक्री की रोकथाम और विनियमन के लिए दिशानिर्देश, 2025 का उद्देश्य वायरलेस उपकरणों की अनधिकृत बिक्री रोकना है, जिनसे उपभोक्ता सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा हो सकता है। मंत्रालय ने कहा कि ये उपकरण उपभोक्ताओं को उनकी कानूनी स्थिति के बारे में गुमराह कर सकते हैं। साथ ही कानून प्रवर्तन और आपातकालीन सेवाओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले महत्वपूर्ण संचार नेटवर्क में हस्तक्षेप कर सकते हैं।

# मणि ऐप : नेत्रहीनों के लिए नोट पहचानने का डिजिटल सहारा

नेत्रहीन व्यक्तियों को रोजमर्रा की जिंदगी में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिनमें सबसे बड़ी समस्या करेंसी नोट की पहचान की होती है। लेन-देन के दौरान अंधे और दृष्टिहीन लोग कई बार ठगे भी जाते हैं क्योंकि वे यह नहीं पहचान पाते कि उनके हाथ में कौन-सा नोट दिया गया है। इसी गंभीर समस्या का समाधान निकाला है भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने मोबाइल एडेड नोट आइडेंटिफायर यानी मणि (MANI) ऐप के रूप में।

### क्या है मणि ऐप?

मणि ऐप एक विशेष मोबाइल एप्लिकेशन है जिसे खासतौर पर नेत्रहीनों की सहायता के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह ऐप स्मार्टफोन के कैमरे की मदद से भारतीय करेंसी नोट की पहचान करता है और फिर यूज़र को बताता है कि वह नोट कितने रुपये का है। इसकी खास बात यह है कि यह जानकारी लाउड स्पीकर, टेक्स्ट और वाइब्रेशन तीनों तरीकों से देता है, जिससे नेत्रहीन व्यक्ति आसानी से जानकारी प्राप्त कर सके।

### कैसे करता है काम?

मणि ऐप को उपयोग करना बेहद आसान है। सबसे पहले उपयोगकर्ता को यह ऐप अपने स्मार्टफोन में डाउनलोड और इंस्टॉल करना होता है। इसके बाद ऐप को खोलने पर उसमें नोट स्कैन करने का विकल्प आता है। जैसे ही यूज़र नोट को मोबाइल कैमरे के सामने रखता है, ऐप तुरंत उस नोट को स्कैन कर लेता है और उसकी पहचान कर ध्वनि के माध्यम से नोट का मूल्य बता देता है। सिर्फ यही नहीं, अगर यूज़र स्पीकर से नहीं सुन सकता, तो ऐप नोट की वैल्यू वाइब्रेशन और स्क्रीन टेक्स्ट के जरिए भी बताता है। यानी तकनीक का यह बेहतरीन उदाहरण नेत्रहीनों के लिए न सिर्फ स्वतंत्रता की ओर कदम है, बल्कि सुरक्षा और आत्मनिर्भरता भी प्रदान करता है।




### किन नोटों की करता है पहचान?

मणि ऐप भारतीय मुद्रा के लगभग सभी प्रचलित नोटों की पहचान कर सकता है। इसमें 10, 20, 50, 100, 200, 500 और 2000 तक के नोट शामिल हैं। यह ऐप पुराने और नए दोनों सीरीज के नोटों को पहचानने में सक्षम है, जिससे यूज़र को किसी भी नोट को लेकर असमंजस नहीं रहता। मणि ऐप वाकई में नेत्रहीनों के लिए एक तकनीकी वरदान है। यह न सिर्फ उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है।

## एलआईसी ने अदाणी पोर्ट्स को ₹5,000 करोड़ का लोन दिया!

# एलआईसी ने 15 साल के लिए खरीदाअदाणी पोर्ट्स का ₹5,000 करोड़ का नॉन-कंवर्टिबल डिबेंचर इश्यू

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली**। भारत की भीमकाय बीमा कंपनी एलआईसी ने सत्ता के सर्वोच्च चहेते गुजराती सेठ गौतम अदाणी की कंपनी अदाणी पोर्ट्स का 5,000 करोड़ का पूरा नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर इश्यू 15 साल के लिए खरीद लिया है। इसका मतलब है कि एलआईसी ने अदाणी पोर्ट्स को 5,000 करोड़ का लोन दिया है। वह भी 15 साल के लिए । मालूम हो कि सत्ता की कृपा से अदाणी पोर्ट्स देश का सबसे बड़ा प्राइवेट पोर्ट ऑपरेटर हो गया है। कंपनी का कहना है कि वह एलआईसी से मिले पैसे का इस्तेमाल अपने पुराने लोन चुकाने और कारोबार को बढ़ाने में करेगी। कंपनी अपने पुराने लोन को कम ब्याज दर वाले लोन से बदलना चाहती है। इससे कंपनी को फायदा होगा क्योंकि उसे कम ब्याज देना होगा। यह 15 साल का बॉन्ड है, जिस पर 7.75% का ब्याज मिलेगा। यह अदाणी ग्रुप द्वारा हाल के महीनों में जारी किए गए सबसे लंबे समय के बॉन्ड में से एक है। इसका मतलब है कि अदाणी पोर्ट्स को 15 साल बाद एलआईसी को यह पैसा वापस करना होगा और एलआईसी को इस पर 7.75% ब्याज मिलेगा। एलआईसी के पास अभी अदाणी पोर्ट्स की 8.06% हिस्सेदारी है। गौतम अदाणी के नेतृत्व वाला अदाणी ग्रुप इन दिनों अपने लोन को चुकाने की अवधि को बढ़ाने और कम ब्याज दरों पर लोन लेने की कोशिश कर रहा है। कंपनी ने बताया कि रणनीतिक तरीके से लोन लेने के कारण उनका औसत ब्याज दर वित्त वर्ष 25 में 7.92% हो गया है, जो बीते वर्ष 9.02% था। वित्त वर्ष 25 के अंत तक एलआईसी ने कॉर्पोरेट बॉन्ड में 80,000 करोड़ का निवेश किया था। 31 मार्च तक अदाणी पोर्ट्स पर 36,422 करोड़ का कर्ज था, जबकि "ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आय" 20,471 करोड़ था। नेट डेट-टू-एबिटा अनुपात 1.78 गुना था, जो वित्त वर्ष 24 में 2.3 गुना था। कंपनी की कार्गो हैंडलिंग क्षमता 633 मिलियन मीट्रिक टन है और पिछले वित्तीय वर्ष में इसने 450 एचएमटी कार्गो संभाला। अदाणी पोर्ट्स के पास भारत में 15 बंदरगाह व टर्मिनल हैं। इसके अलावा, इजराइल, तंजानिया, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका में भी इसके एसेट्स हैं।

- एलआईसी के पास अभी है अदाणी पोर्ट्स की 8.06% हिस्सेदारी